www.anantgyaan.in

| | |
|---|---|
| सूर्योदय 7:14 | सूर्यास्त 5:38 |

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 3.09 न्यू | 13.00 अधि |
| धर्मशाला | 7.02 न्यू | 19.02 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71847.00 |
| निफ्टी | 21658.00 |
| सोना 62,809 | चांदी 71,744 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | शुक्रवार, 5 जनवरी 2024 | 21 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 18 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए

विष्णु और गौरी-शंकर पर आधारित लक्ष्मीनाथ मंदिर समूह के अंदर इकलौता सीता-रामचंद्र का मंदिर...पेज 3

# विशिष्ट अतिथियों को भेजे निमंत्रण पत्र में पूजित अक्षत और श्रीराम के बाल रूप की तस्वीर

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कुछ ही दिन शेष बचे हैं। जहां अयोध्या नगरी को संवारने का काम भी जोर-शोर से चल रहा है, वहीं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से देशभर से विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसके लिए विशेष प्रकार का निमंत्रण पत्र तैयार किया गया। निमंत्रण पत्र के बॉक्स में पूजित अक्षत के साथ श्रीराम के बाल रूप की तस्वीर है। ये निमंत्रण पत्र देश के 6000 से ज्यादा विशिष्ट अतिथियों को भेजा गया है। इनमें 4000 संत और 2200 अन्य मेहमान हैं। साथ ही छह दर्शनों (प्राचीन विद्यालयों) के शंकराचार्य और लगभग 150 साधु-संत प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे। निमंत्रण पत्र को बेहद पेशेवर तरीके से डिजाइन किया गया है। इसमें धार्मिक अनुष्ठानों का ब्यौरा तो है ही, हर अतिथि का क्यूआर कोड भी तय है। आने के समय, गाड़ी के लिए तय पार्किंग की जगह और प्राण प्रतिष्ठा की अवधि शामिल है।







**22** जनवरी को दोपहर 12:30 बजे होगी प्राण प्रतिष्ठा

**6000** से ज्यादा विशिष्ट अतिथि

**4000** संत साक्षी बनेंगे

**2000** अन्य मेहमान आएंगे। छह दर्शनों (प्राचीन विद्यालयों) के शंकराचार्य और लगभग 150 साधु-संत भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेंगे।

छह हजार से ज्यादा विशिष्ट अतिथियों को भेजे निमंत्रण पत्र में पूजित अक्षत और श्रीराम के बाल रूप की तस्वीर

## पांच चीजें निमंत्रण पत्र के बॉक्स में भेंट स्वरूप रखी गई हैं




**पहली भेंट :** अयोध्या में निर्माणाधीन श्री जन्मभूमि मंदिर की तस्वीर वाला कार्ड, जिस पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का लोगो छपा है।

**दूसरी भेंट :** एक छोटे से लिफाफा में रखा पीला अक्षत।

**तीसरी भेंट :** कार्यक्रम वाले दिन के लिए वाहन पास, जिस पर वाहन नंबर लिखने की जगह है। साथ ही गूगल मैप का क्यूआर कोड भी है, जिससे अतिथि आसानी से पार्किंग एरिया तक पहुंच सकते हैं।

**चौथी भेंट :** संकल्प संपोषण पुस्तिका। इसमें साल 1528 से लेकर 1984 तक राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े 20 लोगों का संक्षिप्त विवरण है। इनमें सबसे पहले देवरहा बाबा और सबसे अंत में अशोक सिंघल का जिक्र है।

**पांचवीं भेंट :** कार्यक्रम की जानकारी देने वाला एक कार्ड है। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख मोहन भागवत, यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, सीएम योगी आदित्यनाथ और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के नाम हैं।

## रघुवंशी के राम भजन के मुरीद हुए पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** अयोध्या में बनकर तैयार हो रहे भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है, इसकी तैयारियां जोरों शोरों से चल रही हैं। वहीं, पीएम मोदी की अपील पर भगवान राम से जुड़े भजनों को लोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर कर रहे हैं, जिसे खूब सराहना मिल रही है। वीरवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने मशहूर गायक हंसराज रघुवंशी कि भगवान राम को समर्पित भजन को माइक्रो ब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर शेयर किया है। उन्होंने लोगों से इस भजन को सुनने की अपील की है और कहा है कि इसमें भगवान राम के प्रति भक्तों की भावनाएं हैं। यूट्यूब पर हंसराज रघुवंशी के भजन को शेयर कर पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के स्वागत को लेकर पूरा देश राममय है। राम लला की भक्ति में डूबे भक्तजन इस शुभ दिन के लिए तरह-तरह से अपनी भावनाएं प्रकट कर रहे हैं।



## न्यूज शॉर्ट्स

### 9-12 कक्षा के छात्रों के लिए प्रेरणा कार्यक्रम लांच

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने वीरवार को नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक सप्ताह का 'प्रेरणा एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम' लांच किया है। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से हर सप्ताह 20 चयनित छात्रों (10 लड़के और 10 लड़कियां) का एक बैच कार्यक्रम में भाग लेगा।

### आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में नेता पवन की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई रद्द करने की मांग की थी। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है।

### दिल्ली में हिजबुल मुजाहिद्दीन का वांटेड आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सैल ने जम्मू-कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं में वांछित हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आतंकी जावेद अहमद मट्टू पर 10 लाख रुपए का इनाम था। मट्टू हिजबुल का कमांडर है और पाकिस्तान भी जा चुका है। वह सोपोर का रहने वाला है। हाल ही में सोपोर में उसके भाई ने घर में तिरंगा लहराया था, जो काफी वायरल हुआ था।

## टॉप स्टोरीज

धर्मशाला में केंद्रीय विवि का भवन बनाने में हो रहा सौतेला व्यवहार...पेज 2
भारत के हरेक खिलाड़ी को करना होगा जानदार प्रदर्शन ...पेज 15
वाईएसआर तेलंगाना का कांग्रेस में विलय ...पेज 16

**एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर**

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634



ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

# हाटियों को एसटी का दर्जा देने पर हाई कोर्ट की रोक

## गुज्जर और एससी समुदाय की याचिका पर सुनवाई अब 18 मार्च को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश हाई कोर्ट ने सिरमौर जिले के ट्रांसगिरि क्षेत्र के हाटियों को जनजातीय (एसटी) का दर्जा देने को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से जारी अधिसूचना पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई 18 मार्च को होगी।




कोर्ट ने जनजातीय विकास विभाग हिमाचल प्रदेश के एक जनवरी, 2024 को जारी उस पत्र पर भी रोक लगा दी है, जिसके तहत उक्त क्षेत्र के लोगों को एसटी प्रमाण पत्र जारी करने बाबत जिलाधीश सिरमौर को आदेश जारी किए थे। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव व न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने अपने अंतरिम आदेश में स्पष्ट किया कि जब केंद्र सरकार पहले ही इस मुद्दे को तीन बार नकार चुकी थी, तो इसमें कानूनी तौर पर ऐसा क्या रह गया था कि केंद्र सरकार को सिरमौर जिले के ट्रांसगिरि के लोगों को एसटी क्षेत्र घोषित करने के लिए कानून बनाना पड़ा। गुज्जर और एससी समुदाय की तरफ से हाटियों को एसटी दर्जा देने को लेकर हाई कोर्ट में अपील दायर की गई थी, जिस पर वीरवार को अंतरिम आदेश जारी किए हैं। कोर्ट ने सरकार की अधिसूचना लागू होने पर 18 मार्च तक रोक लगा दी है।

### केंद्र सरकार ने तीन बार नकार दिया था

**यह** मामला वर्ष 1995, 2006 व 2017 में ट्रांसगिरि क्षेत्र के लोगों को जनजातीय क्षेत्र का दर्जा दिए जाने बाबत केंद्र सरकार को भेजा था। केंद्र सरकार ने हर बार इस मामले को तीन प्रमुख कारणों से नकार दिया था। इन कारणों में क्षेत्र की जनसंख्या में एकरूपता का न होना बताया गया, हाटी शब्द सभी निवासियों को कवर करने वाला एक व्यापक शब्द है, जबकि तीसरा कारण था कि हाटी किसी जातीय समूह को निर्दिष्ट नहीं करते हैं। कोर्ट ने कानूनी तौर पर इन्हें जनजातीय क्षेत्र का दर्जा दिया जाना वाजिब नहीं पाया। याचिका में आरोप लगाया कि बिना जनसंख्या सर्वेक्षण के ही उक्त क्षेत्र की जनजातीय क्षेत्र घोषित कर दिया गया।

### केंद्र सरकार ने सितंबर 2022 में की थी दर्जा देने की घोषणा

**एससी** व एसटी अधिनियम में संशोधन के साथ ही सिरमौर जिले के ट्रांसगिरि क्षेत्र के सभी लोगों को आरक्षण मिलना शुरू हो जाना था। उच्च और आर्थिक रूप से संपन्न समुदाय के साथ प्रतिस्पर्धा होगी। पंचायतीराज और शहरी निकाय संस्थानों में अनुसूचित जाति समुदायों के स्थान पर अब एसटी समुदाय को आरक्षण दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सितंबर 2022 में हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के हाटी समुदाय को आदिवासी दर्जा देने की घोषणा की थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने चार अगस्त को जारी अधिसूचना के तहत ट्रांसगिरि क्षेत्र के हाटी को अनुसूचित जनजाति में शामिल कर दिया था।

### ये दी दलीलें

**अलग**-अलग याचिकाओं में ये दलील दी गई हैं कि वे पहले से ही अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति से संबंध रखते हैं। प्रदेश में कोई भी हाटी जनजाति नहीं है और आरक्षण का अधिकार हाटी के नाम पर उच्च जाति के लोगों को भी दे दिया गया, जो कि कानूनी तौर पर गलत है। किसी भी भौगोलिक क्षेत्र को किसी समुदाय के नाम पर तब तक अनुसूचित जनजाति घोषित नहीं किया जा सकता, जब तक अनुसूचित जनजाति के रूप में जातीय होने के मानदंड को पूरा नहीं करता हो।

सीएम सुक्खू ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से उठाई मांग

# हमीरपुर में बने राज्य स्तरीय कैंसर संस्थान



नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मिलते सीएम सुक्खू।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से शिष्टाचार भेंट की।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से कैंसर, मधुमेह, सीबीडी और स्ट्रोक रोकथाम एवं नियंत्रण के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत डॉ. राधा-कृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर में प्राथमिकता के आधार पर राज्य कैंसर संस्थान स्थापित करने का आग्रह किया।

### चार ट्रॉमा सेंटर मांगे

**सीएम** सुक्खू ने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में मातृ एवं शिशु अस्पताल विंग की क्षमता 100 से बढ़ाकर 200 बिस्तर करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने घुमारवीं, नेरचौक, धर्मपुर और पालमपुर में ट्रॉमा सेंटर स्वीकृत करने की मांग भी की।

## अमित शाह से मांगी आपदा सहायता राशि

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी भेंट की। मुख्यमंत्री ने उन्हें अवगत करवाया कि हिमाचल ने प्राकृतिक आपदा से संबंधित 'आपदा उपरांत जरूरतों की आकलन रिपोर्ट' गृह मंत्रालय को सौंप दी है। उन्होंने शाह से आग्रह किया कि केंद्र राज्य सरकार को पुनर्निर्माण प्रयासों में मदद के लिए धनराशि शीघ्र जारी करे।



## कुंडू और एसपी कांगड़ा के ट्रांसफर ऑर्डर पर फैसला आज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**पालमपुर** के कारोबारी निशांत कुमार शर्मा की सुरक्षा और डीजीपी संजय कुंडू को ट्रांसफर करने से जुड़े मामले पर वीरवार को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में सुनवाई हुई।



प्रदेश सरकार की ओर से मामले में अब की स्टेटस रिपोर्ट पेश की गई। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद डीजीपी संजय कुंडू और एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने ट्रांसफर ऑर्डर वापस लेने की अर्जी भी कोर्ट में दी है। अब इस मामले की सुनवाई शुक्रवार को फिर होगी। इस बीच कारोबारी निशांत शर्मा ने मामले में खुद बहस करने की अनुमति हाई कोर्ट से मांगी है। हाई कोर्ट ने गत 26 दिसंबर को डीजीपी संजय कुंडू और एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री को अपने वर्तमान पदों से हटाने के आदेश दिए थे। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने गृह सचिव को शीघ्र कदम उठाने के आदेश दिए थे। इसके बाद कुंडू ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम राहत पाते हुए अपने तबादले पर स्थगन आदेश प्राप्त किया। कुंडू का कहना था कि हाई कोर्ट ने उनका तबादला करने के आदेश उनका पक्ष जाने बगैर ही जारी कर दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने कुंडू को अपना पक्ष हाई कोर्ट के समक्ष रखने की इजाजत दी।

## कांग्रेस ने बदला भारत न्याय यात्रा का नाम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 14 जनवरी से शुरू होने वाली भारत न्याय यात्रा का नाम बदल दिया है। अब इस यात्रा का नाम भारत जोड़ो न्याय यात्रा होगा। दिल्ली पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया।

बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी व सभी प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में 2024 के चुनावों की तैयारी और मणिपुर से मुंबई के बीच निकाली जा रही यात्रा पर चर्चा हुई। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि यात्रा की शुरुआत मणिपुर की राजधानी इंफाल से होगी। यात्रा को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इस यात्रा के दौरान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर अपने विचार जनता के सामने रखेंगे। यह यात्रा 110 जिलों से होकर गुजरेगी।

## केपटाउन टेस्ट मैच
## भारत की ऐतिहासिक जीत बुमराह का जलवा



प्लेयर ऑफ द सीरीज

पहली पारी 2 विकेट | दूसरी पारी 6 विकेट

ओवर के हिसाब से सबसे छोटा टेस्ट

**31 साल का इंतजार खत्म**

| | |
|---|---|
| 1993 | ड्रॉ |
| 1997: | द. अफ्रीका 282 रन से जीता |
| 2007: | द. अफ्रीका पांच विकेट से जीता |
| 2007: | द. अफ्रीका पांच विकेट से जीता |
| 2011 | ड्रॉ |
| 2018: | द. अफ्रीका 72 रन से जीता |
| 2022 : | द. अफ्रीका सात विकेट से जीता |
| 2023: | भारत सात विकेट से जीता |

## प्रदेश के छह जिलों में घना कोहरा, कुकुमसेरी में पारा -9.1 डिग्री

**शिमला।** प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट आई है। मौसम विभाग ने नौ जनवरी से बारिश बर्फबारी की संभावना जताई है।

लाहौल-स्पीति के कुकुमसेरी में सबसे कम -9.1 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ है। प्रदेशभर में आठ जनवरी तक मौसम साफ रहेगा। ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा सहित मंडी, सोलन, सिरमौर में 5-6 जनवरी तक घना कोहरा छाया रहेगा। कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। लाहौल-स्पीति के समधो में -6 डिग्री सेल्सियस तापमान है। किन्नौर के कल्पा में -2.6, रिकांगपिओ में -0.3, सुंदरनगर में 1.2, भरमौर में 3.1, कांगड़ा में 3.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया है।

**गौरव** दुनिया में भरोसे से भरा देश और तेजी से ग्रोथ, मोदी सरकार की चीन ने की तारीफ

# रूस के बाद चीन ने भी माना भारत का लोहा

एजेंसी, नई दिल्ली

**अक्सर** भारत से प्रतिस्पर्धा और कई मामलों पर तल्ख राय रखने वाले चीन ने मोदी सरकार की तारीफ की है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के लेख में कहा गया है कि भारत वैश्विक कारोबार, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और राजनीति के मामले में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उसका दुनिया में कद बढ़ा है।

फुदान यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर साउथ एशियन स्टडी के डायरेक्टर झांग जियादोंग ने यह लेख लिखा है। उन्होंने लिखा है कि अपने तेज आर्थिक और सामाजिक विकास से भारत का आत्मविश्वास बढ़ा है। वह आज दुनिया में भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा है और महत्वपूर्ण हो गया है। उसने पूरी मजबूती के साथ भारत नेरेटिव को आगे बढ़ाया है। दुनिया में लगातार आगे बढ़ रहे भारत का लोहा मानने वाले देशों की लंबी फेहरिस्त है। हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी की तारीफ की थी। अब भारत के पड़ोसी देश चीन ने भी भारत का लोहा माना है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने हाल ही में प्रकाशित एक लेख में पीएम मोदी सरकार की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। अपने लेख में ग्लोबल टाइम्स लिखता है कि पिछले 10 साल में भारत सरकार ने वैश्विक व्यापार, संस्कृति और राजनीति सहित तमाम मुद्दों पर बेहतर दृष्टिकोण अपनाया है। साउथ एशियन स्टडीज के निदेशक झांग जियाडोंग हैं।



ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, भारत वैश्विक कारोबार और अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ रहा आगे

उन्होंने ग्लोबल टाइम्स में लिखा है कि अपने तेजी से आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ भारत खुद को विकसित करने में रणनीतिक रूप से आश्वस्त और सक्रिय हो गया है। लेख के अनुसार, भारत अब रणनीतिक रूप से ज्यादा विश्वास से भर हुआ है और अपने 'भारत नैरेटिव' के विकास के लिए ज्यादा सक्रियता से काम कर रहा है।

### चार साल में बदली घरेलू और विदेशी स्थिति

**वो** लिखते हैं, 'मैंने हाल ही में दो बार भारत का दौरा किया, जो चार वर्षों में मेरी पहली यात्रा भी है। यात्रा के दौरान मैंने पाया कि भारत की घरेलू और विदेशी स्थिति चार साल पहले की तुलना में काफी बदल गई है। भारत ने आर्थिक विकास और सामाजिक शासन में उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए हैं और इसकी महान शक्ति और रणनीति सपने से वास्तविकता की ओर बढ़ गई है। हालांकि, संभावित जोखिम और संकट भी सामने आने लगे हैं। एक ओर, भारत ने आर्थिक विकास और सामाजिक शासन में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। इसकी अर्थव्यवस्था ने गति पकड़ ली है और यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है।'

## भाजपा का मकसद सिर्फ लोस चुनाव प्रचार से रोकना

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वीरवार को ईडी की नोटिस पर अपना जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा उन्हें गिरफ्तार करवाना चाहती है। मेरी सबसे बड़ी संपत्ति मेरी ईमानदारी है। ये लोग झूठे आरोप लगाकर और झूठा समन भेजकर मुझे बदनाम करना चाहते हैं। उन्होंने ईडी के समन को गैरकानूनी बताया है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा का मकसद जांच करवाना नहीं है, बल्कि लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। पिछले दो साल से भाजपा की कई सारी एजेंसी, कई रेड मार चुकी हैं। कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी हैं, लेकिन अब तक एक भी पैसे का हेरफेर नहीं मिली और कहीं से भी एक रुपया भी नहीं मिला है।



## भारत ने नेपाल भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण को दिए 100 करोड़

एजेंसी, काठमांडू

**भारत** के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपनी दो दिवसीय नेपाल यात्रा के दौरान वीरवार को नेपाल के भूकंप प्रभावित इलाकों में पुनर्निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपए की सहायता देने का ऐलान किया है। नेपाल के जाजरकोट और रूकुम जिले में पिछले साल भूकंप के कारण हुई तबाही के बाद वहां पुनर्निर्माण जरूरत को देखते हुए भारत ने यह आर्थिक सहायता दी है।

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की मौजूदगी में इस संबंध में दोनों देशों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद, वित्त सचिव कृष्णहरि पुष्कर और भारत की तरफ से नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए।



### 10 हजार मेगावॉट बिजली व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

**नेपाल** और भारत के बीच बिजली निर्यात पर एक दीर्घकालिक समझौता हुआ है। ऊर्जा मंत्रालय में आयोजित समारोह में देशों के ऊर्जा सचिवों ने दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे अगले 10 साल में 10 हजार मेगावॉट बिजली निर्यात होने के साथ ही दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई सहमति के कार्यान्वयन का रास्ता खुल गया है।

# पर्यटन गांव के लिए कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर की भूमि प्रस्तावना का विरोध

## कृषि विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों ने राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय की 120 हेक्टेयर भूमि पर्यटन केंद्र/गांव के लिए प्रस्तावित मुद्दे पर विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों ने प्रदेश के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ला सहित मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र भेजा है। उन्होंने इस संबंध में जल्द से जल्द कदम उठाने का आग्रह किया है। पत्र में सदस्यों ने कहा कि जानकारी के मुताबिक, विश्वविद्यालय की 120 हेक्टेयर भूमि पर्यटन केंद्र/गांव के लिए प्रस्तावित है।

उन्होंने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ने पहले ही राजकीय विक्रम बत्रा महाविद्यालय पालमपुर, विज्ञान संग्रहालय और हाल ही में घोषित हेलिपोर्ट की स्थापना के लिए 100 हेक्टेयर से अधिक भूमि पहले ही छोड़ दी है। अब विश्वविद्यालय के पास जमीन केवल मौजूदा चार कॉलेजों कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, कॉलेज ऑफ वेटेरिनरी एंड एनिमल सांइसेज, कॉलेज ऑफ कम्युनिटि साइंसेज और कॉलेज ऑफ बेसिक साइंसेज को चलाने के लिए है।




### विश्वविद्यालय का क्षेत्र न घटाने की रखी मांग

सदस्य ने बताया कि प्रस्तावित क्षेत्र का उपयोग विश्वविद्यालय की ओर से पहाड़ी किसानों की मांगों को पूरा करने के लिए गुणवत्तापूर्ण ब्रीडर बीज/रोपण सामग्री का उत्पादन करने के लिए किया जा रहा है। यदि विश्वविद्यालय का मौजूदा क्षेत्र कम हो जाता है, तो उत्तर पश्चिमी हिमालय के लिए केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय बनने की प्रतिस्पर्धा की गुंजाइश खतरे में पड़ जाएगी, इसलिए चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के प्रबंधन बोर्ड के सदस्यों उर्मिला भूरिया, सुरेश चौधरी, नरेंद्र नेगी, मांचली ठाकुर, जितेंद्र सोढी, प्रो. सुरेश गौतम, प्रो. आदर्श कुमार, प्रो. प्रदीप कुमार ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि छात्रों और पहाड़ी किसानों के हित में विश्वविद्यालय की भविष्य की वृद्धि और विकास के लिए विश्वविद्यालय की मौजूदा प्रायोगिक भूमि को बचाने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ चल रही इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया जाए।

### बोर्ड सदस्यों ने पत्र में बताई ये समस्याएं

बोर्ड के सदस्यों के मुताबिक, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन के साथ, स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट छात्रों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है और मौजूदा प्रयोगात्मक क्षेत्र विभिन्न वैज्ञानिक फील्ड एक्सपेरिमेंट्स के लिए कम पड़ रहा है। छात्रों की बढ़ती आवश्यकता, फील्ड एक्सपेरिमेंट्स और विश्वविद्यालय की डेयरी फार्मिंग को बनाए रखने के लिए प्रस्तावित क्षेत्र का विकास किया जा रहा है।

### छात्रावास की कमी के कारण बाहर रहने को मजबूर हैं छात्र

कॉलेज ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल सांइसेज की मान्यता के लिए न्यूनतम आवश्यकता के अनुसार, सुअर पालन और बकरी फार्म शुरू करने के लिए शीघ्र ही नया बुनियादी ढांचा जोड़ा जाना है। छात्रावास आवास की कमी के कारण कई स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों, विशेषकर लड़कियों को विश्वविद्यालय से बाहर रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिसके चलते छात्रों के लिए छात्रावास के निर्माण के लिए अधिक क्षेत्र की आवश्यकता है। इसके अलावा, नई शिक्षा नीति के तहत विभिन्न कॉलेजों में नए कॉलेज और नए कार्यक्रम शुरू किए जाने हैं।

### विवि की भूमि पर पर्यटन गांव बनाना उचित नहीं : मनजीत

**पंचरुखी।** कृषि विवि पालमपुर की लगभग 2600 कनाल भूमि को पर्यटन गांव के लिए हस्तानांतरित करना प्रदेश सरकार का गलत निर्णय है। किसान नेता मनजीत डोगरा ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय पहले ही विक्रम बत्रा कॉलेज, विज्ञान संग्रहालय और अभी हाल ही में घोषित हेलिपैड के लिए लगभग 100 हेक्टेयर से अधिक भूमि छोड़ चुका है। डोगरा ने हिमाचल सरकार से मांग की है कि टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पालमपुर में पर्यटन गांव बनाने का स्वागत है, लेकिन कृषि विश्वविद्यालय की अनुसंधान जरूरत के मध्यनजर कृषि विवि की भूमि पर पर्यटन गांव विकसित न किया जाए।

# अमृत काल में राष्ट्र निर्माण में योगदान दें युवा : राज्यपाल



राजभवन में कश्मीरी विद्यार्थियों के साथ राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

### राजभवन में दौरा करने आए कश्मीरी विद्यार्थियों को राज्यपाल ने किया संबोधित

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने युवाओं से आह्वान किया कि 'एक देश-श्रेष्ठ देश' की परिकल्पना के साथ वे आजादी के अमृत काल में राष्ट्र निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का युवा उस राष्ट्र की समृद्धि और पहचान है। उनकी सोच और सपनों से ही देश आगे बढ़ेगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल वीरवार को हिमाचल राजभवन में मीडिया छात्र एसोसिएशन एवं इंडियन मीडिया सेंटर-हरियाणा की ओर से पंचनद शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा 2024' में शामिल कश्मीरी विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे।

लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। उन्होंने एसोसिएशन की ओर से आयोजित सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा की पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत एक है और हमें एक-दूसरे के सुख और दुख में सहभागी होना चाहिए, जो इस यात्रा का उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि शहीदों की कुर्बानियों से मिली आजादी के बाद भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखना प्रत्येक युवा का कर्तव्य है। यह भावना ऐसी सांस्कृतिक अध्ययन यात्रा से और प्रगाढ़ होती है। शुक्ल ने प्रसन्नता व्यक्त की कश्मीर के विद्यार्थी अध्ययन यात्रा के माध्यम से दोस्ती का पैगाम लेकर जा रहे हैं, ताकि जम्मू-कश्मीर के लोगों को एहसास हो सके कि संपूर्ण देश उनके सुख और दुख में उनके साथ खड़ा है।

उन्होंने कहा कि कश्मीर की लड़कियां बड़ी संख्या में इस दौरे में हिमाचल आई हैं, जो यह बताता है कि अब कश्मीर में कितना बदलाव है। पंचायत चुनावों के बाद निचले स्तर तक लोगों ने अपने अधिकारों के बारे में जाना है। उन्होंने कहा कि कश्मीर की उन्नत सांस्कृतिक विरासत है और भाई-चारे के लिए जाना जाता है।

# हाई कोर्ट ने एसजेवीएन के खिलाफ सख्त कदम न उठाने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हाई कोर्ट** ने एसजेवीएन के तीन बिजली प्रोजेक्ट टेकओवर करने से जुड़े मामले में सतलुज जल विद्युत निगम के खिलाफ कोई सख्त कदम न उठाने के आदेश दिए हैं। केंद्र सरकार के उपक्रम और प्रदेश सरकार के बीच रॉयल्टी को लेकर खींचतान चल रही है। सतलुज जल विद्युत निगम की ओर से कोर्ट को बताया गया कि हाई कोर्ट में मामले के लंबित रहते केंद्र सरकार के तीन उपक्रमों को टेकओवर करने की तैयारी प्रदेश सरकार की ओर से की जा रही है।

इस पर प्रदेश सरकार ने कोर्ट को बताया कि वह केंद्र सरकार के संबंधित प्रतिनिधियों से एक बार फिर रॉयल्टी को लेकर शीघ्र ही बातचीत करने जा रहे हैं और मामले को आपसी सहमति से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने प्रदेश सरकार की ओर से दिए वक्तव्य के बाद एसजेवीएनएल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई न करने के आदेश जारी किए। मामले पर सुनवाई 13 मार्च को निर्धारित की गई है। कोर्ट ने पहले भी इस मामले को आपसी सहमति से सुलझाने को कहा था। सरकार के अनुसार मामले में प्रदेश के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। इस कारण मामले पर कोई सहमति नहीं बन पाई।

### सरकार ने तीन प्रोजेक्टों को टेकओवर करने की दी चेतावनी

प्रदेश सरकार ने 20 दिसंबर, 2023 को एक पत्र जारी कर एसजेवीएनल को 15 दिनों के भीतर रिवाइज की गई रॉयल्टी पर अपनी सहमति न देने की सूरत में एसजेवीएनएल के सुन्नी, लुहरी और धौलासिध प्रोजेक्टों को टेकओवर करने की चेतावनी जारी की है। प्रदेश सरकार का कहना है कि बिजली प्रोजेक्ट में अपनी रॉयल्टी को 12, 18 और 30 फीसदी से बढ़ाकर 20, 30 और 40 फीसदी कर दिया है, जबकि एसजेवीएन को दिए गए प्रोजेक्टों से पांच फीसदी रॉयल्टी भी नहीं आ रही है। एसजेवीएन ने प्रदेश सरकार से यह प्रोजेक्ट तो ले लिए थे, लेकिन आज तक इंप्लीमेंटेशन एग्रीमेंट साइन नहीं किया, इसीलिए अब कंपनी को प्रदेश सरकार की नई शर्तों के अनुसार एग्रीमेंट करना पड़ेगा।

# मुख्यमंत्री सुक्खू के 'सेनापति' बबलू पंडित बने इंटक के प्रदेश अध्यक्ष

**शिमला।** बद्दी के मनोहर लाल उर्फ बबलू पंडित को इंटक का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। विगत दिनों में यूथ इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार पांडे एवं प्रभारी इंटक हिमाचल प्रदेश की रिपोर्ट के बाद इंटक के सविंधान के अनुछेच्द 13(प) प्रदेश कार्यकारिणी भंग कर दी गई थी। यूथ इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार पांडे एवं प्रभारी इंटक हिमाचल प्रदेश की रिपोर्ट के बाद ही इंटक के संविधान के अनुसार , राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे एवं राष्ट्रीय महासचिव से चर्चा करने के बाद बबलू पंडित को हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय सचिव कमल दूबे ने नियुक्ति पत्र जारी करके बबलू पंडित को हिमाचल प्रदेश इंटक का अध्यक्ष नियुक्त किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनकी इंटक के प्रति अनुभव, सक्रियता सहित कर्मठता को देखते हुए उक्त पद सौंपा है। चंद्रशेखर दूबे ने आशा जताते हुए कहा है कि वे हिमाचल में इंटक को मजबूती प्रदान करते हुए मजदूर हित में काम करेंगे। साथ ही नौजवानों को जोड़ कर संगठन का विस्तार करेंगे। इस पद पर नियुक्ति के बाद बबलू पंडित ने कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रतिभा सिंह, इंटक राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर दुबे व यूथ इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार पांडेय, कमल दूबे ,ऋषिकेश मिश्रा का आभार प्रकट किया है।



## किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर बिलासपुर के ऋषिकेश में हुआ हादसा

# डिवाइडर से टकराई कार; कैंसर पीड़ित महिला की मौत, पीजीआई से कीमोथैरेपी करवाकर बेटी के साथ वापस घर हमीरपुर आ रही थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**किरतपुर-नेरचौक** फोरलेन लोगों के लिए वैसे आरामदायक सफर तो दे रहा है, लेकिन यह सफर लोगों के लिए जानलेवा भी बन गया। इस फोरलेन पर अभी तक सड़क हादसे में पांच से छह मौतें हो चुकी हैं। वीरवार को भी इस फोरलेन पर सड़क हादसे में एक महिला की मौत होने का समाचार प्राप्त हुआ है।

जानकारी के अनुसार, किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर ऋषिकेश में एक कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार कैंसर रोग से पीड़ित एक महिला की मौत हो गई, जबकि कार चला रही उसकी बेटी घायल हो गई। घायल का उपचार एम्स में चल रहा है। यह हादसा वीरवार सुबह करीब पांच बजे हुआ है, जिसमें कार सवार महिला अपनी मां का चंडीगढ़ पीजीआई से कीमोथैरेपी करवाकर वापस अपने घर हमीरपुर की ओर आ रही थी। ऐसे में बिलासपुर जिले के ऋषिकेश के पास कार डिवाइडर के साथ टकरा गई। कार की डिवाइडर से टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से एम्स पहुंचाया। एम्स में महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतक महिल की पहचान किरण बाला उम्र 52 निवासी बारल गांव हमीरपुर के रूप में हुई है। घायल तरुणा राणा ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि उनकी माता किरण बाला ब्लड कैंसर से पीड़ित थी। उधर, खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### सैंज नदी में ऑल्टो कार गिरी, दो घायल

**सैंज :** लारजी सैंज संपर्क मार्ग पर तलाड़ा के पास सैंज से औट की तरफ आ रही एक ऑल्टो कार एचपी 34 ई 4807 तलाड़ा के पास अनियंत्रित होकर कर 300 फुट गहरी खाई में जा गिरी। कार में सवार दो लोगों टेक सिंह और धनवीर सिंह इस हादसे में घायल हुए हैं। स्थानीय ग्रामीण के सहयोग से घायलों को पीठ पर उठाकर एंबुलेंस के जरिए कुल्लू पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। हादसे में घायल हुए दोनों व्यक्ति सगे भाई हैं और एक भाई बंजार अस्पताल में नौकरी करता है। कार्यालय पहुंचने में देरी होने के चलते दोनों भाई लारजी की तरफ आ रहे थे। गनीमत यह रही कि दोनों की जान बच गई। तलाड़ा गांव के ग्रामीणों ने अपनी जान जोखिम में डालकर घायल व्यक्तियों को नदी क्रॉस कर एंबुलेंस तक पहुंचाया। हालांकि, पुलिस के जवान भी घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन स्थानीय युवाओं की मदद से घायलों को एंबुलेंस तक सुरक्षित पहुंचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



## न्यूज ब्रीफ

### सचिन महाराष्ट्र में मंडी का करेंगे प्रतिनिधित्व

**मंडी।** रिवालसर कोठी गैहरी के सचिन सकलानी महाराष्ट्र के नासिक में 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में मंडी जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। वर्तमान में सचिन सकलानी मारुति युवा मंडल कोठी गैहरी के प्रधान और नेहरू युवा केंद्र मंडी में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी हैं। जिला मंडी के पांच युवाओं का चयन इस राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हुआ हैं। जिला युवा अधिकारी भारती मोगरा ने बताया बल्ह के सचिन सकलानी, जोगिंद्रनगर से प्रदुमन,सुंदरनगर से अजय,बालीचौकी से नेहा,चच्योट से लक्की का चयन इस राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए नेहरू युवा केंद्र मंडी की ओर से किया गया हैं। राष्ट्रीय युवा महोत्सव नासिक में 12 से 17 जनवरी तक चलेगा, जिसमें मंडी जिला के पांच युवा वहां मंडी के प्रसिद्ध व्यंजनों का स्टॉल लगाएंगे।



### जेपी नड्डा का दौरा भरेगा नया जोश

**शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं संसदीय क्षेत्र शिमला के प्रभारी सुखराम चौधरी ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का दौरा ऐतिहासिक रहने वाला है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के हिमाचल प्रदेश में दो कार्यक्रम निश्चित हुए है, इनमें एक सोलन में और दूसरा शिमला में होगा। सोलन में जो कार्यक्रम होने जा रहा है, उसमें जिला सिरमौर से 5000 कार्यकर्ता और जिला सोलन से 6000 के कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसी प्रकार शिमला के पीटरहॉफ में होने जा रहे कार्यक्रम में संगठनात्मक जिला महासू से 3000 कार्यकर्ता और संगठनात्मक जिला शिमला से 2500 कार्यकर्ता भाग लेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के दौरे को लेकर हिमाचल प्रदेश में बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है।

### हाटी को जनजातीय दर्जा मिलना ऐतिहासिक

**सोलन।** पूर्व सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कश्यप ने कहा कि सिरमौर जिले के हाटी समुदाय को जनजातीय दर्जा मिलना ऐतिहासिक है। इसके लिए सिरमौर जिले के लोग 1967 से संघर्ष कर रहे थे। सोलन में पत्रकारों से बातचीत में कश्यप ने कहा कि वह इस पूरे संघर्ष को तीन चरणों में मानते हैं। पहला चरण 1967 से 2009 तक का रहा। दूसरा चरण 2009 से 2019 तक और तीसरा चरण 2019 से 4 अगस्त 2023 तक। उन्होंने बताया कि उनके सांसद के कार्यकाल 2009 से 2019 तक रहा। इस दौरान इस मुद्दे को लोकसभा में प्रमुखता से उठाया। जहां तक श्रेय का सवाल है, इस सारे मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसका श्रेय देना चाहूंगा। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सरकार ने भी सही से इसका क्रियान्वयन किया।

### आपदा के समय कहां था हिमाचल का बेटा

**शिमला ।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के सोलन दौरे को लेकर कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने शिमला में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि एक वर्ष पहले ही भाजपा को प्रदेश की जनता ने सत्ता से बाहर किया है। केंद्र सरकार प्रदेश में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद लगातार भेदभाव कर रही है। प्रदेश में केंद्र सरकार ने कर्ज लेने की सीमा को भी घटा दिया है और वाटर सेस पर भी केंद्र ने पॉवर कंपनियों को हिदायत दी है कि वाटर सेस न दें। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि ओपीएस लागू होने के बाद 1750 करोड़ की ग्रांट जो एनपीएस के समय हर वर्ष मिलती थी, उसे केंद्र ने बंद कर दिया। उन्होंने सवाल किया है कि जिस समय प्रदेश में प्राकृतिक आपदा आई ऐसे मुश्किल समय में हिमाचल का बेटा कहां था। उन्होंने कहा कि जेपी नड्डा के हिमाचल के होने के बावजूद आपदा में जो मदद हिमाचल को मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिली। नड्डा अब हिमाचल वोट लेने के लिए आ रहे हैं तो वह स्वयं को हिमाचल का बेटा बताएंगे।

# धर्मशाला में केंद्रीय विवि का भवन बनाने में हो रहा सौतेला व्यवहार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि केवल 30 करोड़ रुपए के कारण धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का परिसर पिछले 14 साल से नहीं बन पा रहा है। इससे बड़ी शर्म की और क्या बात हो सकती है।



शांता कुमार ने वीरवार को एक बयान जारी कर रहा कि केंद्र सरकार ने जिन-जिन प्रदेशों में केंद्रीय विश्वविद्यालय दिए हैं, वहां सभी जगह भवनों का निर्माण हो गया और वहां विश्वविद्यालय चल रहे है।

धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन न बनने की अखबारों में भी बहुत चर्चा हो रही है। कांगड़ा जिले के साथ इस सौतेला व्यवहार से लोग दुखी हैं, परेशान हैं। यह परिस्थिति किसी के लिए भी अच्छी नहीं है। उन्होंने अनुराग ठाकुर का धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस बारे में हिमाचल सरकार से 30 करोड़ रुपए देने का आग्रह किया है।

शांता कुमार ने कहा कि धर्मशाला हर दृष्टि से इतना उपयुक्त स्थान है कि पढ़ने वाले और पढ़ाने वाले अधिक संख्या में यहां आना चाहते है। धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का परिसर बहुत अधिक सफल होगा। उन्होंने इस संबंध में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखा है। उनसे दूरभाष पर बात भी की है। आज फिर उनसे उन्होंने विशेष आग्रह किया है कि 14 साल से हिमाचल के सबसे बड़े जिला कांगड़ा से होने वाले इस अन्याय के जख्मों को और अधिक कुरेदने का मौका न दें। बहुत अधिक देरी पहले हो चुकी है लोगों की सब्र का प्याला भर चुका है। हिमाचल सरकार अतिशीघ्र 30 करोड़ रुपए जमा करवा कर इस अन्याय को समाप्त करें।

# कंप्यूटर शिक्षकों के साथ अन्याय कर रही प्रदेश सरकार : राकेश

**अनंत ज्ञान, अर्की**

हिमाचल प्रदेश कंप्यूटर शिक्षक संघ के राज्य अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने प्रदेश सरकार पर कंप्यूटर शिक्षकों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने कंप्यूटर शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में सब कमेटी का गठन किया था, लेकिन वह आज दिन तक कोई भी रिपोर्ट कंप्यूटर शिक्षकों के हित में नहीं ले पाई है। शिक्षा विभाग की ओर से कंप्यूटर शिक्षा को चलाए हुए 24 वर्ष बीत गए हैं, लेकिन हैरानी की बात है कि इतने वर्षों में भी शिक्षा विभाग इन शिक्षकों के लिए किसी प्रकार की नीति बनाने में असमर्थ रहा है।

वर्तमान सरकार कंप्यूटर शिक्षकों को न्याय दिलाने के लिए वचनबद्ध हुई है और पिछले बजट सत्र में कंप्यूटर शिक्षकों के उत्थान के लिए दो हजार की वेतन बढ़ोतरी की घोषणा मुख्यमंत्री ने की थी, जो आज तक लागू नहीं हो पाई है। इन शिक्षकों को पिछला एरियर भी नहीं मिला है। उनकी न ही वेतन वृद्धि हुई और न ही पॉलिसी शिक्षा विभाग लागू करवा पाया। इससे शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में इस तरह का घोर अन्याय कंप्यूटर शिक्षकों के साथ किया जा रहा है, जिसकी कंप्यूटर शिक्षक संगठन कड़ी निंदा करता है। कंप्यूटर शिक्षक संघ एक बार फिर सरकार से मांग करता है कि पिछले बजट में सरकार की ओर से की गई वेतन वृद्धि और एरियर को शीघ्र लागू किया जाए, अन्यथा संघ इसका कड़ा विरोध करेगा।

# मोदी की गारंटी से हिमाचल में चारों लोस सीट जीतेगी भाजपा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

### राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का सोलन में रोड शो आज : रश्मि धर सूद

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शुक्रवार को करीब 9 बजे सोलन में रोड शो करेंगे। इसके बाद ओल्ड बस स्टैंड में जनसभा भी होगी। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद ने सोलन में पत्रकार वार्ता में कहा कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान के विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पहली बार हिमाचल आ रहे हैं।

उनके दौरे से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नड्डा सुबह चंडीगढ़ से प्रस्थान करेंगे। इस दौरान उनका परवाणु, धर्मपुर में भी कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा देश के तीन राज्यों में मोदी गारंटी से भाजपा ने जीत हासिल की है। इसी गारंटी के बलबूते लोकसभा चुनाव में हिमाचल की चारों सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के स्वागत के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है।

**गड़बड़** आवेदक गौरव सैनी ने ट्रिपल आईटी ऊना में पीएचडी 'एंट्रेंस टेस्ट' मामले को लेकर भी उठाए सवाल

# ट्रिपल आईटी के मामले में कैंडिडेट ने मांगी जांच

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**ट्रिपल** आईटी ऊना में अब पीएचडी 'एंट्रेंस टेस्ट' मामले को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। आप है कि एक बार नहीं अलग-अलग दो दफा 'एंट्रेंस टेस्ट' में आवेदन के बाद उम्मीदवार के साथ पक्षपात किया गया है।

ताज्जुब की बात यह है कि शिकायत करने के बावजूद भी कोई जांच नहीं हुई। कारण यही था कि तब व्यवस्थाएं और थीं। अब जब इस मामले में डायरेक्टर एस सिलवा कुमार संस्थान से अलग हो चुके हैं, तो कई चीजें खुलकर सामने आने लगी हैं। (अनंत ज्ञान)

### पक्षपात का आरोप, आवेदन के बावजूद नाम काटा, ऑब्जेक्शन किया तो 'रिवाइज्ड' लिस्ट जारी की

### आवेदक ने लगाए आरोप

आवेदक गौरव सैनी का आरोप है कि तत्कालीन व्यवस्था में पक्षपात किया था। कंप्यूटर साइंस में पीएचडी करने के लिए 30 नवंबर, 2022 को जो विज्ञापन जारी किया गया था, उसमें फुल टाइम के लिए चार और पार्ट टाइम को छह लोग शॉर्ट लिस्टेड किए गए थे। इसका जनवरी 2023 में जो रिजल्ट निकाला गया, उसमें उनका नाम शामिल नहीं था। यह शॉर्ट लिस्टेड सूची संस्थान ने वेबसाइट पर भी नहीं डाली। सात जनवरी 2023 को शॉर्ट लिस्टेड किए गए लोगों को फोन किए गए और इस आधार पर उन्हें बुला लिया गया, लेकिन नॉर्म्स के हिसाब से केवल फोन करके नहीं बुलाया जा सकते थे। उसके बाद गौरव ने इसकी शिकायत भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### आवेदक ने 2023 में भी किया था आवेदन

13 जुलाई, 2023 को पीएचडी के लिए फिर विज्ञापन जारी किया। गौरव ने तब भी आवेदन किया। इस मामले में जो नई लिस्ट शॉर्ट लिस्ट की गई, उसमें नॉर्म्स को फिर दरकिनार किया गया। इसमें फुल टाइम के लिए पांच और पार्ट टाइम के लिए छह लोगों ने आवेदन किया था। उन्होंने जब संस्थान से इस बारे में पूछा तो रिवाइज लिस्ट जारी कर दी गई, जिसमें उनका नाम भी डाला गया। पिछली विज्ञापन में भी उन्हें शॉर्ट लिस्टेड किया गया था, तो इसमें इसे क्यों वंचित रखा गया। नॉर्म्स तो पहले जैसे ही थे। इस पर संस्थान ने कोई जवाब नहीं दिया और बाद में एक्सटर्नल रजिस्ट्रेशन प्रोग्राम के तहत 12 लोग शॉर्ट लिस्टेड किए गए।

### 21 जुलाई को हुए एंट्रेंस टेस्ट में किया गया पक्षपात

21 जुलाई को एंट्रेंस टेस्ट हुआ, जब इसमें पक्षपात हुआ तो उन्होंने डायरेक्टर, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मानव संसाधन मंत्रालय दिल्ली को शिकायत की, लेकिन किसी ने कोई गौर नहीं फरमाया। गौरव का कहना है कि इस मामले में मंत्रालय को जांच करवा कर गड़बड़ झाले का भंडाफोड़ करना चाहिए, ताकि जिन्होंने उसके साथ पक्षपात किया है, उसे सजा मिल सके।

### ट्रिपल आईटी की चल रही जांच रेगुलर रजिस्टर नहीं

गौर तलब है कि पिछले कुछ समय से ट्रिपल आईटी जांच के शिकंजे में तो है ही, इस समय वहां रेगुलर रजिस्टर नहीं हैं और रेगुलर डायरेक्टर उच्च शिक्षा मंत्रालय ने इस संस्थान को फिलहाल अजीबो-गरीब माहौल में छोड़ रखा है। कई और सवाल भी संस्थान की व्यवस्था से जुड़े हैं, जिन पर जांच चल रही है। संस्थान के कार्यकारी डायरेक्टर प्रो विनोद कुमार कनौजिया का कहना था कि पहले जो हुआ, उसकी जिम्मेदारी उनकी नहीं है।

## अयोध्या से आए भगवान श्रीराम के वंशज चंबा के शासकों ने पारंपरिक शैली में मंदिर बनवाकर चंबा संस्कृति से लोगों को करवाया रू-ब-रू

# विष्णु और गौरी-शंकर के लक्ष्मीनाथ मंदिर समूह के अंदर इकलौता सीता-रामचंद्र का मंदिर

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा मुख्यालय में स्थित 10वीं शताब्दी में निर्मित मुख्य मंदिर लक्ष्मीनाथ की बात हो और राजवंश व भगवान श्रीराम का नाम न आए तो इतिहास की बात अधूरी लगती है। वैसे तो लक्ष्मीनाथ मंदिर समूह भगवान विष्णु व गौरी-शंकर पर आधारित है, लेकिन अयोध्या से आए भगवान श्रीराम के वंशज चंबा के शासकों ने भरमौर से लेकर चंबा मुख्यालय की स्थापना सहित धार्मिक संस्कृति को उभारने में अपना अटूट योगदान ही नहीं दिया, बल्कि विभिन्न शैलियों से चंबा की प्रजा को रू-ब-रू भी करवाया। भगवान श्रीराम से जुड़े प्रमाण ऐतिहासिक लक्ष्मीनाथ मंदिर के पूर्वी छोर पर संकुचित संकीर्ण/ अल्प मंदिर समूह में सीता-रामचंद्र नाम से मंदिर निर्मित है, जो भगवान श्रीराम से जुड़ी चंबा के शासकों से लेकर वर्तमान समय के श्रद्धालुओं की आस्था को व्यक्त करता है। (अनंत ज्ञान)



### 250 वर्ष पूर्व संकुचित संकीर्ण/अल्प मंदिर समूह मंदिरों का निर्माण हुआ था।



लक्ष्मीनाथ मंदिर समूह में स्थापित सीता-रामचंद्र का मंदिर।

### राजा राज सिंह के कार्यकाल में हुआ था समूह मंदिरों का निर्माण

**ऐतिहासिक** लक्ष्मीनायरण अथवा लक्ष्मीनाथ मंदिर समूह के निर्माण के बाद करीब 250 वर्ष पूर्व संकुचित संकीर्ण/ अल्प मंदिर समूह मंदिरों का निर्माण हुआ था। तत्काल चंबा रियासत में 1764 से लेकर 1794 तक राजा राज सिंह का शासनकाल रहा। इसी शासन काल में संकुचित संकीर्ण/अल्प मंदिर समूह मंदिरों में भगवान श्रीराम मंदिर का सीता-रामचंद्र नाम से निर्माण किया गया, जिसका मुख्य कारण चंबा के शासकों का भगवान श्रीराम के प्रति आस्था व मौर्या वंशज प्रभु राम से जुड़े होने साक्ष्य को जोड़ा जाता है।

### काले पत्थर से बनी भगवान श्रीराम व माता सीता की मूर्ति

संकुचित संकीर्ण/अल्प मंदिर समूह में सीता-रामचंद्र नाम से विख्यात मंदिर में लक्ष्मण की मूर्ति को छोड़ भगवान श्रीराम व माता सीता सहित पवन पुत्र हनुमान की मूर्तियां निर्मित है, जिसमें भगवान श्रीराम व माता सीता की मूर्तियां काले शिला/पत्थर से बनी हैं। पवन पुत्र हनुमान की मूर्ति केसरी रंग की है। भगवान श्रीराम व माता सीता की मूर्तियों पर आभूषण भी उकेरे गए हैं। वहीं, भगवान श्रीराम व माता सीता के मध्य पत्ती नमूना युक्त पौधा भी उकेरा गया है। मंदिर की बाहरी बनावट शिकारा शैली की वास्तुकला से मिलती-जुलती है।

### मंदिर दर्शन की समयसारिणी और पर्व

ऐतिहासिक लक्ष्मी नारायण मंदिर भक्तों के दर्शन के लिए सुबह छह बजे से दोपहर 12.30 बजे तक और फिर दोपहर 2.30 बजे से रात 8.30 बजे तक खुला रहता है। यह भक्तों के लिए दिन में दो बार दो हिस्सों में खुला रहता है। वहीं संकुचित संकीर्ण/अल्प मंदिर समूह में सीता-रामचंद्र में प्रतिवर्ष मंदिर भंडारा कमेटी भव्य राम नवमीं पर भंडारे का आयोजन करती है।

### लक्ष्मीनाथ मंदिर के इतिहास पर एक नजर

10वीं शताब्दी में लक्ष्मीनाथ मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति दुर्लभ संगमरमर से बनी है, जिसे विंध्याचल पर्वत से आयात किया गया था। ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र



के पूर्व राजा- साहिल वर्मन ने संगमरमर पाने के लिए अपने आठ बेटों की बलि दे दी थी और आखिर में उनके सबसे बड़े बेटे युवराज युगकारा को संगमरमर हासिल करने में कामयाबी मिली। दरअसल, उन पर भी लुटेरों ने हमला किया था, लेकिन एक संत की वजह से उन्होंने खुद को लुटेरों से बचा लिया था। चंबा के सभी मंदिरों में से , लक्ष्मी नारायण मंदिर को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। यह एक मंदिर परिसर का हिस्सा है, जो शहर के मध्य में चंबा पैलेस से ज्यादा दूर स्थित नहीं है। इस परिसर में छह अलग-अलग मंदिर हैं, जो उत्तर से दक्षिण तक एक पंक्ति में खड़े हैं। उनमें से तीन भगवान विष्णु को समर्पित हैं, जबकि बाकी भगवान शिव को समर्पित हैं। ये मंदिर शिकारा शैली की वास्तुकला में लंबे समय तक बनाए गए हैं। इसके अलावा अलग-अलग शासकों के शासनकाल में इस मंदिर समूह में करीब हर एक शासक ने अपना-अपना योगदान देने से मंदिर को भव्य आकार दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### होटल के रूम में मृत मिला 40 वर्षीय तिब्बती

**धर्मशाला।** मैक्लोडगंज में देर शाम को एक होटल के कमरे में 40 वर्षीय तिब्बती मृत मिला। पुलिस की जानकारी के अनुसार, वह एक होटल में करीब एक सप्ताह से रह रहा था। वीरवार को वो दिन भर अपने कमरे से नहीं निकला तो होटल स्टाफ के कई बार दरवाजा खटखटाने के बाद कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर उक्त व्यक्ति को कमरे में मृत पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, पुलिस को कमरे में शराब की बोतलें भी मिली हैं। एसएचओ विनोद शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### प्रिंथुगल में तीन मकान जले, 23 पशुओं की मौत

**सलूणी।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल सलूणी के भांदल पंचायत में वीरवार को तीन मकान जल गए। इस दुर्घटना में 15 भेड़ बकरियां व आठ मवेशी भी जिंदा जल गए। घटना की सूचना पर अग्निशमन चेक पोस्ट सलूणी की टीम के पहुंचते स्थानीय ग्रामीण लोगों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया। आग की यह घटना कैसे घटित हुई, इसका पता लगाया जा रहा है। बहरहाल, थाना किहार पुलिस ने भी मौके दुर्घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की।

### बच्चे की सेप्टिक टैंक में गिरने से मौत

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के खग्गल गांव में सात साल के बच्चे की सेप्टिक टैंक में गिरने से मौत हो गई है। पुलिस ने शिमला-मटौर फोरलेन निर्माण कार्य में लगी कंपनी पर केस दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि कंपनी की लापरवाही से हादसा हुआ है। अमन शर्मा निवासी खग्गल ने पुलिस में दी शिकायत में कहा कि सेप्टिक टैंक खुला रखा गया है। इससे उनका सात साल का बच्चे टैंक में गिर गया। वह बच्चे को टैंक से निकालकर अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

### खराहल घाटी के जंगल में मिला शव

**कुल्लू।** खराहल घाटी की सोलह टांकी के पास जंगल में पुलिस को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। बुधवार शाम को बरामद हुए इस शव की शिनाख्त खराहल घाटी के भ्रैण गांव के लापता जगमोहन उर्फ निजु के रूप में हुई है। जगमोहन के परिजनों ने कपड़ों और अन्य चीजों से शव की पहचान की है। बुधवार रात को सोलह टांकी के पास जंगल में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। उसके बाद पुलिस ने रातभर यहां पहरा दिया और वीरवार को दोपहर बाद फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र किए, जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कुल्लू स्थित शव गृह में पहुंचाया। उधर, अब पुलिस इस बात की छानबीन में जुट गई है कि जगमोहन का शव यहां कैसे आया और उसके साथ क्या घटना घटित हुई थी। वीरवार को फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मौके पर तथ्य जुटाए। सनद रहे कि जगमोहन तीन नवंबर से लापता चल रहा था। जगमोहन के परिजनों ने उसके लापता होने के पीछे क्षेत्र की एक महिला को जिम्मेदार ठहराया था। एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने जांच शुरू कर दी है।

## बाहरी राज्यों की कुछ एस्कॉर्ट सर्विस एजेंसियों ने सोशल मीडिया को बनाया देह व्यापार का जरिया

# मनाली में देह व्यापार की सोशल मीडिया में फैलाई जा रही अफवाह

**कमलेश वर्मा, मनाली**

**पर्यटन** सीजन में कुल्लू जिले के पर्यटन स्थल जहां सैलानियों से गुलजार हैं। वहीं, इन प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में एस्कॉर्ट सर्विस मुहैया करवाने की अफवाह कुछ सोशल मीडिया साइट पर फैलाई जा रही है, जिससे यहां के स्थानीय होटल व पर्यटन कारोबारी बदनाम हो रहे हैं। बाहरी राज्यों की यह ऑनलाइन एस्कॉर्ट एजेंसियां अपनी साइट पर 'कॉल गर्ल इन मनाली 2500 विद रूम', 'एस्कॉर्ट सर्विस इन मनाली' अपलोड कर सुनियोजित तरीके से ऐसे गैरकानूनी कार्यों को अंजाम दे रही हैं, जिनका यहां के स्थानीय होटल व्यापारियों से कोई लेना-देना नहीं है।

ऑनलाइन एस्कॉर्ट एजेंसियां हिमाचल के विभिन्न शहरों के साथ-साथ पर्यटन नगरी मनाली व कसोल में देह व्यापार चला रही हैं। यह एजेंसियां सुनियोजित तरीके से ऐसे गैरकानूनी कार्यों को चलाकर हिमाचल व कुल्लू मनाली की छवि को धूमिल करने के साथ ही अपना कारोबार भी चला रही हैं। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल सहित पर्यटन नगरी कुल्लू, मनाली व कसोल को किया जा रहा बदनाम

### हिमाचल के कई शहरों में ऑनलाइन कॉल गर्ल की हो रही सौदेबाजी

गौर रहे कि पिछले काफी समय से हिमाचल के विभिन्न शहरों में ऑनलाइन कॉल गर्ल उपलब्ध करवाने की सौदेबाजी सोशल वेबसाइट पर हो रही है और इसमें हिमाचल के लगभग सभी छोटे-बड़े शहरों व कस्बों को सीधे तौर पर शामिल किया गया है। इसी तरह से इन दिनों मनाली व कसोल में कॉल गर्ल व एस्कॉर्ट सर्विस उपलब्ध करवाने को लेकर सोशल मीडिया साइट पर अपने नंबरों के साथ जानकारी अपलोड की जा रही है। इससे जहां इन बाहरी राज्यों की एजेंसियों का कारोबार खूब फल फूल रहा है, वहीं इनकी ओर से सोशल मीडिया साइट में अपलोड की जा रही जानकारी से स्थानीय पर्यटन कारोबारियों (होटल व्यापारियों) को बदनाम भी किया जा रहा है।

### ये साइट्स फैला रही अफवाह




### ये है एस्कॉर्ट एजेंसी

विदेशों में एस्कॉर्ट एजेंसी के नाम पर देह व्यापार होता है। इसी तर्ज पर अब हिमाचल में यह अवैध कारोबार फैल रहा है। कॉल गर्ल इन मनाली, एस्कॉट्ज़ सर्विस इन मनाली आदि एजेंसियां यहां सक्रिय हैं। ये एस्कॉर्ट एजेंसियां बाहरी राज्यों से चलती हैं।

### कार्निवाल का ले रहे फायदा

मनाली में राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल का आयोजन हो रहा है। में यह एस्कॉर्ट एजेंसियां अपने गैरकानूनी कारोबार को बढ़ाने में लगी हैं। बाहरी राज्यों की एस्कॉर्ट एजेंसियां हिमाचल के छोटे व बड़े शहरों व कस्बों में आने वाले पर्यटकों के लिए ऑनलाइन कॉल गर्ल उपलब्ध करवा रही हैं। इन वेबसाइट में मनाली, कसोल, शिमला सहित प्रदेश के अन्य प्रसिद्ध शहरों के लिए कॉल गर्ल बुकिंग के लिए बकायदा संपर्क नंबर दिए हैं। वहीं, होटल कारोबारियों ने प्रदेश सरकार व पुलिस से इस गंभीर मुद्दे पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाने की मांग की है।

> प्रदेश सरकार व पुलिस से मांग है कि सोशल मीडिया के जरिए पर्यटन नगरी को बदनाम करने और इस कारोबार को अंजाम देने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इससे यहां घूमने आने वाले सैलानियों पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। शीघ्र ही ऐसी सोशल वेबसाइट पर शिकंजा नहीं कसा गया तो इसका असर पर्यटन कारोबार पर पड़ेगा।
> **-मुकेश ठाकुर, अध्यक्ष होटलियर एसोसिएशन मनाली।**

> मनाली एस्कॉर्ट के नाम से चलाई जा रही सोशल मीडिया वेबसाइट के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। यह वेबसाइट हिमाचल नहीं बल्कि बाहरी राज्य से ऑपरेट की जा रही है। शीघ्र ही इसकी पूरी जानकारी जुटाकर इस गिरोह पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> **संजीव चौहान, एएसपी कुल्लू।**

## बीबीएन में महंगे ट्रांसपोर्ट से उद्योग कर रहे पलायन



बद्दी के होटल ली मैरिएट में बीबीएनआईए की पत्रकार वार्ता में हिस्सा लेते हुए पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ से लगातार पलायन हो रहे उद्योगों का बड़ा कारण सामने आया है, जिसका खुलासा बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन की पत्रकार वर्ता में हुआ। बीबीएनआईए के पदाधिकारियों ने कहा कि बीबीएन से धीरे-धीरे पलायन हो रही इंडस्ट्री का सबसे बड़ा कारण ट्रक यूनियन की माल भाड़े को लेकर धक्केशाही है। एसोसिएशन ने कहा कि मार्केट रेट के मुताबिक, पहले से ही 30 से 40 फीसदी अधिक माल भाड़ा इंडस्ट्री चुका रही है और अब ट्रक यूनियन ने बिना किसी चर्चा के 12 फीसदी अतिरिक्त माल भाड़ा बढ़ा दिया है, जिससे उद्योगों को भारी भरकम झटका लगा है।

बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन ने बद्दी के होटल ली-मैरियट में पत्रकार वार्ता कई खुलासे किए। बीबीएनआईए के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार ने बिजली की दरों को बढ़ाते हुए उद्योग विस्तारीकरण के दौरान दी जाने वाली रियायतों को भी वापिस ले लिया है, जिससे उद्योगों को भारी भरकम झटका लगा है। इस प्रेस वार्ता में बीबीएनआई के महासचिव वाईएस गुलेरिया, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र गुलेरिया, एडवाइजर शैलेश अग्रवाल व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग पुरी मौजूद रहे।

### चार लाख को रोजगार

बीबीएनआईए के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि हिमाचल के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र में 24 सौ के करीब औद्योगिक इकाइयां चल रही है जो कि हिमाचल की अर्थव्यवस्था और औद्योगीकरण में 70 फीसदी योगदान कर रही है। इसके अलावा चार लाख के करीब लोगों को रोजगार दे रही है और बेची जाने वाली कुल बिजली का लगभग 45 फीसदी इस्तेमाल कर रही है। औद्योगिक इकाइयां भारी भरकम परेशानियों के दौर से चल रही हैं।

### यूनियन से कोई विवाद नहीं

बीबीएनआई के संरक्षक हरीश अग्रवाल ने कहा कि इंडस्ट्री का यूनियन में किसी तरह का विवाद नहीं है। ट्रक यूनियन ने बिना किसी चर्चा के 12 फीसदी माल भाड़े में बढ़ोतरी का फैसला लेकर माहौल खराब किया है, जबकि पहले से माकेज़्ट रेट के मुताबिक 30 से 40 फीसदी माल भाड़ा नालागढ़ ट्रक यूनियन का अधिक है और अब अतिरिक्त 12 फीसदी बढ़ोतरी कर दी है जो कि बिल्कुल गलत है।

## मनाली में चिट्टा व चरस के साथ पंजाब के महिला-पुरुष काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में नशे का कारोबार करने वाले पंजाब के एक महिला-पुरुष को गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी के अनुसार, जब मनाली पुलिस की टीम गश्त पर थी, तो उस समय टीम को सूचना मिली कि पंजाब के एक महिला व पुरुष जो मनाली के मन्सारी में किराये के मकान में रहते हैं, वह यहां से चिट्टे का परचून व्यापार कर रहे हैं।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जब इनके कमरे में रेड की तो उनके कब्जे से 4.82 ग्राम चिट्टा और 1.52 चरस बरामद हुई। उधर, डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि चिट्टा और चरस तस्करी के दोनों आरोपियों की पहचान महिला कमलजीत कौर उर्फ कोमल पुत्री बलखार सिंह गांव वडेलोकेकला डाकघर टंडिया तहसील जीरा जिला फिरोजपुर पंजाब 23 वर्ष और गुरविंद्र सिंह पुत्र सुखदेव सिंह गांव सरहाली डाकघर मोखु तहसील जीरा जिला फिरोजपुर पंजाब 21 वर्ष के रूप में हुई है।

### 26 ग्राम चरस व 33 ग्राम अफीम के साथ धरा युवक

**ठियोग।** ठियोग-हाटकोटी सड़क मार्ग पर गुरदासपुर इलाके में पुलिस ने एक ढाबे की तलाशी के दौरान 26 ग्राम चरस तथा 33 ग्राम अफीम बरामद की है। जानकारी के अनुसार, पुलिस इलाके में गश्त कर रही थी तो गुरदासपुर के इलाके में ढाबे के परिसर की जांच के दौरान आरोपी 38 वर्षीय कुलदीप शर्मा निवासी तलरिन पोओ.जैस तहसील ठियोग जिला शिमला के ढाबे से छापेमारी के दौरान 26 ग्राम चरस और 33 ग्राम अफीम बरामद किया गया। डीएसपी सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

### डेढ़ किलो से ज्यादा गांजे के साथ प्रवासी गिरफ्तार

**बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस ने प्रवासी व्यक्ति को 1.640 किलोग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान संजय साहनी गांव इमातपुर, बिहार से हुई। पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को ट्रक यूनियन के पास से आता देखा। वह पुलिस को देख घबरा गया। पुलिस ने शक के आधार उसे रोककर तलाशी ली तो 1.640 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। डीएसपी बद्दी प्रियंक गुप्ता ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### चरस मामले में व्यक्ति को छह साल कैद और 60 हजार जुर्माना

सोलन। जिला अदालत ने एक व्यक्ति को चरस मामले में छह वर्ष कठोर कारावास और 60 हज़ार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है । यह सजा वीरवार को जिला सोलन अदालत के विशेष न्यायाधीश-1 अरविंद मल्होत्रा ने गिरफ्तार किए गए राहुल पुत्र भोला सिंह निवासी तहसील रामपुर, जिला शिमला को सुनाई है । जुर्माना अदा न करने की सूरत में छह माह की साधारण कारावास काटने के भी आदेश जारी किए गए हैं । जिला न्यायवादी संजय पंडित ने बताया कि दो जनवरी 2018 की रात को सोलन सदर थाना पुलिस ने आरोपी को 680 ग्राम चरस के साथ राजगढ़ रोड पर तलाशी लेकर हिरासत में लिया था ।

## 16 वर्षीय बॉक्सर अनिकेत ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता रजत, गांव पहुंचने पर किया स्वागत



**सुंदरनगर।** सुंदरनगर उपमंडल के मात्र 16 वर्षीय बॉक्सर अनिकेत ने महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित राष्ट्रीय बाक्सिंग स्कूल प्रतियोगिता अंडर-17 में रजत पदक हासिल किया है। मेडल लेकर पहुंचे अनिकेत का वीरवार को सुंदरनगर में ढोल नगाड़ों की थापों के बीच जोरदार स्वागत किया गया। पुलिस विभाग में कार्यरत अनिकेत के पिता तुले राम, माता निशा ठाकुर और दादी तारा देवी के साथ बड़ी संख्या में पहुंचे रिश्तेदारों और परिजनों ने अनिकेत को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर पुलिस थाना सुंदरनगर के प्रभारी जसवीर ठाकुर और अन्य पुलिसकर्मियों व होमगार्ड जवानों ने अनिकेत को बधाई दी।

**सियासत** पहाड़ों पर सर्द मौसम में भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए बजाया चुनावी बिगुल

# सोलन-शिमला में बैक-टू-बैक रैलियां करेंगे नड्डा

**अरविंद शर्मा, शिमला**

पहाड़ों पर सर्द मौसम के साथ भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए चुनावी बिगुल बजा दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पांच जनवरी को सोलन और शिमला में बैक-टू-बैक रैलियां करेंगे।

नड्डा शाम को भाजपा के शीर्ष निर्णय लेने वाले निकाय-पार्टी के कोर समूह को संबोधित करेंगे। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर पर होने वाले विशाल कार्यक्रम की तैयारी के अलावा अपनी चुनावी रणनीति और लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों पर भी विचार-विमर्श कर सकती है। नड्डा कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करेंगे, जिसमें शीर्ष नेतृत्व शामिल होंगे। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, शांता कुमार, जयराम ठाकुर, राज्य पार्टी प्रमुख राजीव बिंदल, पूर्व पार्टी प्रमुख सतपाल सिंह सत्ती, सुरेश कश्यप, पार्टी प्रभारी अविनाश राय खन्ना और उनके सह प्रभारी संजय टंडन के अलावा पार्टी के तीन महासचिव-त्रिलोक कपूर, त्रिलोक जम्वाल और राकेश जम्वाल भाग लेंगे। पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी रणनीति के अलावा उम्मीदवारों पर भी विचार-विमर्श कर सकती है। कोर ग्रुप सरकारी होटल पीटरहॉफ में एकत्र होगा। शिमला से लोकसभा सदस्य सुरेश कश्यप, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजीव सेजल और पच्छाद से दो बार की विधायक रीना कश्यप के नाम शिमला लोकसभा सीट के लिए चर्चा में हैं, जबकि सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर अपनी पारंपरिक हमीरपुर संसदीय सीट से एकमात्र दावेदार हैं। मंडी से पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर में से किसी एक को मैदान में उतार सकती है, जबकि मशहूर अभिनेत्री कंगना रनौत ने भी हाल ही में कुल्लू दौरे के दौरान नड्डा से मुलाकात की थी। अटकलें लगाई जा रही हैं कि वह भी चुनाव मैदान में उतर सकती हैं।



### राजनीतिक रूप से संवेदनशील है जिला कांगड़ा

**पार्टी** के पास राजनीतिक रूप से संवेदनशील कांगड़ा जिले में उम्मीदवार का चयन कठिन कार्य है, जिसमें 15 विधानसभा क्षेत्र हैं। पार्टी पूर्व मंत्री राकेश पठानिया और पार्टी महासचिव त्रिलोक कपूर के नाम पर विचार कर रही है। पूर्व स्पीकर विपिन सिंह परमार और राज्यसभा सदस्य इंदु गोस्वामी का नाम भी चर्चा में है। विधानसभा चुनावों में हार के बाद बीजेपी अपनी राजनीतिक जमीन फिर से हासिल करने के लिए ओवरटाइम काम कर रही है।

### राजीव बिंदल ने राम मंदिर की तुलना तक्षशिला और नालंदा से की

**2022** के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भगवा पार्टी से सिर्फ 37,974 वोट अधिक हासिल करके हिमाचल प्रदेश में भाजपा को सत्ता से बेदखल कर दिया था। कांग्रेस ने 43.9 फीसदी (18,52,504 वोट) वोट शेयर के साथ 40 सीटें हासिल कीं, जबकि बीजेपी 43 फीसदी (18,14,530 वोट) वोट शेयर के साथ 25 सीटें जीतने में कामयाब रही और दोनों के बीच वोट शेयर का अंतर दो मात्र 0.9 फीसदी था, जो 1951 के बाद से सबसे कम है। भाजपा प्रमुख राजीव बिंदल ने राम मंदिर के महत्व की तुलना तक्षशिला और नालंदा जैसे ऐतिहासिक शिक्षा केंद्रों से की और भारत के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कायाकल्प पर जोर दिया। बिंदल ने जोर देकर कहा कि 2024 नए निर्माण का वर्ष है और भविष्यवाणी की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरा कार्यकाल हासिल करेंगे। बिंदल ने कहा कि नड्डा का सोलन और शिमला में अभिनंदन किया जाएगा, जिला सोलन और सिरमौर के कार्यकर्ता सोलन के माल रोड पर एकत्रित होंगे, जबकि जिला शिमला के कार्यकर्ता शिमला के पीटरहॉफ के मैदान में जुटेंगे। (अनंत ज्ञान)

# बाबा भलकू द्वार का नक्शा करें तैयार

## मंत्री शांडिल ने फोरलेन कार्य में तेजी लाने के अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य एवं अधिकारिता, श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सोलन-शिमला राष्ट्रीय उच्च मार्ग के फोरलेन कार्य में तेजी लाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। डॉ. शांडिल गत देर शाम सोलन ज़िला के कंडाघाट में राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि एनएचएआई की ओर से कंडाघाट के प्रवेश पर बाबा भलकू द्वार का निर्माण किया जाएगा।

इस विषय में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी को अवगत करवाया गया है। उन्होंने बाबा भलकू द्वार निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को नक्शा तथा प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कंडाघाट में राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर ऐरिफ कंपनी की ओर से सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। यह सुरंग 667 मीटर लंबी होगी, जिसमें से



सोलन-शिमला राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल।

460 मीटर कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुरंग का शेष निर्माण कार्य अक्तूबर तक पूरे करने के निर्देश दिए। डॉ. शांडिल ने कहा कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर दूसरी समरूप सुरंग कैथलीघाट (शुंगल) से काथला तक बनाई जा रही है।

समरूप सुरंग की लंबाई 650 मीटर होगी, जिसमें से एक तरफा सुरंग का 561 मीटर कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को सुरंग का शेष कार्य शीघ्र पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सुरंग के कार्य में सुरक्षा और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के दिशा-निर्देश जारी किए। स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों को शीघ्र ठीक करवाएं। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी सोलन कविता ठाकुर, उपमंडलाधिकारी कंडाघाट सिद्धार्थ आचार्य, खंड विकास अधिकारी कंडाघाट नरेश शर्मा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उप प्रबंधक सुमित बंसल, ऐरिफकंपनी के अभियंता राजेंद्र कुमार तथा नरेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### खनियारा के जूहल में बांसों में भड़की आग



**धर्मशाला।** धर्मशाला के अंतर्गत खनियारा के गांव जूहल में बांस के पांच झुंडों में भयंकर आग लगने से करीब पांच हजार रुपए का नुकसान हुआ है। यह घटना वीरवार को करीब तीन बजे पंजाब राम और मदन लाल के खेतों में घटी। स्थानीय लोगों ने आगजनी का पता लगते ही अग्निशमन विभाग को सूचित किया। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर जल्दी ही काबू पा लिया और बांस के अधिकतर पेड़ों को राख होने से बचा लिया। समय पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम को यदि थोड़ी सी भी देर होती तो आग फैलने से और अधिक नुकसान हो सकता था। उधर, फायर स्टेशन ऑफीसर करम चंद कश्यप ने मामले की पुष्टि की है।

### व्यावसायिक व्यावहारिक मूल्यांकन 11 फरवरी से

**धर्मशाला।** वार्षिक सत्र मार्च 2023-24 के लिए दसवीं और बारहवीं नियमित कक्षाओं के व्यावसायिक विषयों के छात्रों का व्यावहारिक मूल्यांकन फरवरी माह में किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि राज्य परियोजना निदेशक शिमला राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और संबंधित कौशल परिषदों के कार्यालय को 11 से 29 फरवरी तक व्यावसायिक व्यावहारिक मूल्यांकन आयोजित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सुधीर बोले, पंचायतों में लगेंगे ट्यूबवेल

**धर्मशाला।** विधानसभा की पंचायतों में लगने वाले ट्यूबवेल तथा हैंडपंपों से ग्रामीणों को पेयजल सुविधा का लाभ मिलेगा। धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि धर्मशाला के अंतर्गत ग्राम पंचायत मंदल में ट्यूबवेल व तंगरोटी पंचायत में हैंडपंप लगाने का कार्य शुरू वीरवार को शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि शेष पंचायतों में भी शीघ्र ही दस नए हैंडपंप व पांच ट्यूबवेल स्थापित किए जाएंगे, ताकि लोगों को घर द्वार पर पेयजल उपलब्ध हो सके।

### मिनी सचिवालय में साफ-सफाई की

**नूरपुर।** राजकीय महाविद्यालय नूरपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय वार्षिक शिविर के आज छठे दिन स्वयंसेवियों ने मिनी सचिवालय की साफ-सफाई की। इसी बीच एसडीएम महोदय ने बच्चों के साथ मुलाकात की और बच्चों को स्वच्छ भारत अभियान के बारे में बताया साथ ही साथ श्रमदान के बारे में जानकारी दी। एसडीएम कार्यालय की तरफ से बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी प्रदान की गई। रिसोर्स पर्सन के रूप में श्रेया पठानिया ने शिरकत की। उन्होंने बच्चों को फूड प्रोसेसिंग के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रोग्राम अधिकारी सुरजीत सिंह, प्रोफेसर मनजीत सिंह, प्रोफेसर सोहन सिंह, अधीक्षक संदीप पठानिया, संदीप शर्मा, गौरव शर्मा, स्वरूप सिंह उपस्थित रहे।

### युवक ने काटी हाथ की नस, अस्पताल में भर्ती

**धर्मशाला।** शहर के कचहरी टैक्सी स्टैंड के पास एक युवक के हाथ की नस काटने का मामला सामने आया है। घटना के बाद युवक को एंबुलेंस के माध्यम से क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला ले जाया गया। खबर लिखने तक उसका उपचार अस्पताल जारी था।

### पालमपुर में 45वां स्थापना दिवस समारोह दस को

**पालमपुर।** पूर्व सैनिक लीग पालमपुर का 45वां स्थापना दिवस समारोह दस जनवरी 2024 को लीग भवन पालमपुर में मनाया जाएगा। बुधवार को लीग अध्यक्ष सीडी सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में पूर्व सैनिक लीग कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दस जनवरी को पूर्व सैनिक लीग पालमपुर का 45वां स्थापना दिवस मनाया जाएगा। साथ ही लीग के 45 वर्ष के कार्यों और उपलब्धियों से सभी सदस्यों को अवगत करवाया जाएगा। गुलेरिया ने बताया कि इसके अलावा पालमपुर लीग से जुड़ी अन्य सैनिक इकाइयों में भी ऐसे कार्यक्रम क्रमवार आयोजित होंगे।

### पपरोला स्कूल में नवाजे होनहार

**बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश वाइस चेयरमैन रविंद्र बिट्टू ने राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पपरोला में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इसके साथ रविंद्र बिट्टू ने खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अव्वल रहे 100 से अधिक छात्र- छात्राओं को पुरस्कार सम्मानित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भेंट की। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश सरकार छात्र छात्राओं के लिए शिक्षा खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में नए अवसर प्रदान रही है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभकर्ण कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सोनी, बलवीर राणा, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष सचिन शर्मा, पार्षद राजेश कलेड़ी, पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार, सतीश मेहरा, प्रवीन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### मोदी के दिए पैसों से लगा 150 मीटर तिरंगा

**धर्मशाला।** पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए पैसों से धर्मशाला में 150 मीटर ऊंचा तिरंगा स्थापित किया गया है, जो कि धर्मशाला आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बनेगा। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने धर्मशाला सहित जिला कांगड़ा को ठगने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैसों से हो रहे विकास कार्यों की कांग्रेस सरकार वाहवाही लूट रही है, जबकि प्रदेश सरकार अपने स्तर पर इस क्षेत्र की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। विकास की बजाए यहा से कांग्रेस सरकार अवैध वसूली करने में डटी है। त्रियुंड में पर्यटकों से एंट्री फीस के नाम पर वसूली की जा रही है, जिस मामले में कांग्रेस के सभी नेता चुपी साधे है।

### लोहड़ी वार्षिक उत्सव सात जनवरी को

**जयसिंहपुर।** दिल्ली में रह रहे हिमाचलियों की अहम सामाजिक संस्था हिमाचल समाज दिल्ली प्रदेश (रजि:) द्वारा अपना 22वां लोहड़ी एवं नववर्ष वार्षिक उत्सव सात जनवरी 2024 को बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ 'विंदल वाटिका' मेन संत नगर बुराड़ी नत्थू पूरा बस स्टैंड के नजदीक दिल्ली में मनाया जा रहा है। दिल्ली समाज के प्रधान मैनेजर सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी हिमाचली लोक कलाकारों एवं गायकों द्वारा हिमाचल की कला एवं संस्कृति पर आधारित विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में भारत सरकार में सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी, सांसद सिकंद्र कुमार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के मंत्रीगणों, विधायकों, प्रशानिक अधिकारी आदि विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### चचियां स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान पालमपुर के विधायक ने बच्चों को दी सौगात

# आशीष बुटेल ने 110 छात्रों को बांटे टैबलेट

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्य संसदीय सचिव शिक्षा एवं शहरी विकास आशीष बुटेल ने वीरवार को शहीद राकेश कुमार वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चचियां के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर छात्रों का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कार्यक्रम में दसवीं तथा बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले पालमपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले 110 मेधावी छात्रों को टैबलेट वितरित किए।

उन्होंने कहा कि राज्य में श्रीनिवास रामानुज योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह टैबलेट बच्चों को उनकी शिक्षा में सहायक सिद्ध होंगे, जिससे उन्हें पढ़ाई करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि योजना के तहत जिला कांगड़ा में सरकार द्वारा कुल 1997 विद्यार्थियों को यह टैबलेट प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहीद राकेश कुमार, शहीद संजय कुमार तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा में रहे पीसी कपूर इस विद्यालय से पढ़े हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को ऐसे महानुभावों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। सीपीएस ने कार्यक्रम में उपस्थित अमर शहीद राकेश कुमार के परिवारजन तथा अन्य वीर बलिदानियों के परिजनों को नमन किया।

बुटेल ने कहा कि स्कूलों में बच्चों को बेहतर व्यवस्थाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तन करने जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्टेट ऑफ दी आर्ट राजीव गांधी डे-बोर्डिं स्कूल के निर्माण के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया प्रगति पर है। बुटेल ने कहा कि बेहतर शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ इन स्कूलों में बच्चों के समग्र विकास के लिए खेल तथा अन्य को-करिकुलर गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकारी स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिए सरकार द्वारा 40000 डेस्क दिए जाएंगे। इससे पहले प्रधानाचार्य सुरिंद्र कपूर ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यालय की मांगों को मुख्यातिथि के समक्ष रखा। वहीं, इसके पश्चात बुटेल ने ग्राम पंचायत दरोगनू के गांव स्कैड़ी में जनसमस्याओं को सुना। उन्होंने इस अवसर पर यहां तीन महिला मंडलों को 15-15 हजार रुपए भेंट किए। उन्होंने यहां सामुदायिक भवन निर्माण के लिए एक महिला मंडल को तीन लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने मुरारी माता मंदिर के लिए सड़क बनाने की बात यहां कही। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष त्रिलोक, पूर्व प्रधान राख विनोद, एसएमसी प्रधान रवि ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष मदन दीक्षित, पूर्व जिला परिषद यशपाल वालिया, कमला कपूर सहित स्कूल के अध्यापक, विद्यार्थी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



सालाना समारोह के दौरान छात्रों को सम्मानित करते हुए विधायक आशीष बुटेल।

#### कार्यक्रम के दौरान छात्रों पर बरसे इनाम

**इस** अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रसंशा की और विद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के अपनी ओर से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने वर्ष भर शिक्षा और अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को इस दौरान पुरस्कृत भी किया।

## पूर्व मंत्री रविंद्र रवि ने उठाई ज्वालामुखी की समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भाजपा नेता व पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि गुरुवार को ज्वालामुखी की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय धर्मशाला पहुंचे। इस दौरान उनके साथ आधा दर्जन पंचायत प्रतिनिधि, पूर्व सैनिक सहित अन्य लोग भी शामिल रहे। उन्होंने कहा कि पांच से छह माह से नगरोटा बगवां से सुजानपुर जाने वाला सड़क मार्ग बहाल नहीं हो पाया है।

उन्होंने मार्ग को जल्द बहाल किए जाने को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने कहा कि गत बरसात के मौसम में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों सहित ज्वालामुखी में भी नुकसान हुआ है। इसके चलते नगरोटा से बडोह, खुंडियां लगडू-सुजानपुर सड़क छह माह बाद भी बंद है। इस विषय को लेकर विभाग व संबंधित सभी से बार-बार मांग उठाई गई है लेकिन विभाग द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई । उन्होंने कहा कि अब लोगों को खुंडियां जाने के लिए 20 से 22 किमी का अतिरिक्त सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ज्वालामुखी में सड़कों की अति दयनीय हालत है। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र के जल जीवन मिशन के तहत भी क्षेत्र में कई गड़बड़ियां की जा रही है। उन्होंने कहा कि जीआर कटी हुई है, लेकिन फिर भी केंद्र सरकार के बजट से नल लगवाने नहीं दिए जा रहे हैं, उसमें रोड़े अटकाए जा रहे हैं। भाजपा नेता ने कहा कि आम जनता को गारंटियां दी गई हैं, लेकिन उस पर कोई काम नहीं हो पा रहा है।

## नगर पंचायत जवाली में तीन मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ



जवाली में एसडीएम प्रियांशु खाती मनोनीत पार्षदों को शपथ दिलाते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नगर पंचायत जवाली में तीन मनोनीत पार्षदों को एसडीएम प्रियांशु खाती ने वीरवार को शपथ दिलाई। इस मौके पर एसडीएम ने सुरिंद्र छिंदा, रघुवीर सिंह तथा महेंद्र सिंह को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि अब इस नगर पंचायत में पार्षदों की कुल संख्या 12 हो गई है। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि स्थानीय जनता तथा पार्षदों के परस्पर सहयोग से नगर पंचायत में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली, पानी की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ शहर में रास्तों को पक्का करने के अतिरिक्त सफाई व्यवस्था बनाए रखने तथा अन्य विकास कार्यों को विशेष गति प्रदान की गई है। चंद्र कुमार ने कहा कि नगर पंचायत में विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि तीन मनोनीत पार्षदों के जुड़ने से विकास कार्यों को और रफ्तार मिलेगी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत ज्वाली में 19 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज सिस्टम तैयार किया जाएगा। इसके लिए बजट का उचित प्रावधान कर दिया गया है। उन्होंने सीवरेज कार्य की सभी औपचारिकताएं पूरी करने के साथ शीघ्र इसका निर्माण कार्य शुरू करने के लिए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

### किसी गरीब को पार्षद मनोनीत करते तो मिल जाता रोजगार

**जवाली।** नगर पंचायत जवाली को कांग्रेस सरकार का एक साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद तीन मनोनीत पार्षद तो मिल गए, लेकिन मनोनीत पार्षदों के मनोनयन के साथ ही कई सवाल भी पैदा हो गए। तीनों ही मनोनीत पार्षदों में दो साधन संपन्न व सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हैं जबकि एक साधन संपन्न व व्यवसायी है। किसी भी गरीब का मनोनयन नहीं किया गया। एक तरफ तो प्रदेश सरकार गरीब हितैषी होने व गरीब को रोजगार देने का वादा कर रही है। वहीं, साधन संपन्न लोगों को मनोनीत पार्षद बनाने से सरकार के वादे खोखले साबित हो गए। अगर तीन गरीब युवाओं को मनोनीत पार्षद बनाया जाता तो कम से कम उनको महीना दर महीना कुछ पगार तो मिल जाती, लेकिन साधन संपन्न लोगों का मनोनयन किया गया। पूर्व की भाजपा सरकार में गरीब युवाओं को मनोनीत पार्षद बनाकर मिसाल कायम की गई थी, लेकिन कांग्रेस ने उस मिसाल को कोसों दूर पीछे छोड़ दिया। हर किसी में मनोनीत पार्षदों का चयन चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं, भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने कहा कि अच्छा होता कि कांग्रेस सरकार साधन संपन्न लोगों को मनोनीत पार्षद बनाने की बजाए गरीब परिवार से संबंध रखने वाले युवाओं को मनोनीत पार्षद बनाते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूंजीपतियों की सरकार है जबकि भाजपा गरीब हितैषी है।

## परौर स्कूल के होनहारों पर बरसे इनाम

### सालाना समारोह के दौरान चीफ गेस्ट संजय चौहान ने सम्मानित किए छात्र

**अनंत ज्ञान, डरोह**



स्कूल के कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सम्मानित करते चीफ गेस्ट संजय चौहान।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परौर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने शिरकत की। सबसे पहले दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विभिन्न गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को इनाम वितरित किए गए। आए हुए मेहमानों व मुख्यातिथि का प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने स्वागत किया।

उन्होंने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर मुख्यातिथि संजय सिंह चौहान की अब तक के जीवन बारे प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि बहुत ही अधिक पीड़ा का विषय है कि शिक्षा के मंदिर को कुछ लोगों ने राजनीति का अखाड़ा बना रखा है और आज इस मंच से में वादा करता हूं कि जो भी शिक्षक इस में पाया गया उस पर कड़ी कार्रवाई तो की ही जाएगी। इसके अलावा उसे अपनी सेवाएं किसी कठिन क्षेत्र में देनी पड़ेगी। इस अवसर पर संजय सिंह चौहान ने बताया कि प्री स्कूल वोकेशनल शिक्षा लागू करने के लिए एक माह के भीतर सभी स्कूलों की स्किल मैपिंग कर दी जाएगी। इस वर्ष 450 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए केंद्र ने फंड दे दिए हैं। छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को दस दिन की व्यावसायिक शिक्षा या तो स्कूल परिसर में दी जाएगी। वहीं, अब पढ़ाने के लिए मल्टीमीडिया टीचिंग ऐड का उपयोग भी किया जा रहा है, पढ़ने / बोलचाल के कौशल को बढ़ाने के लिए 36 भाषा प्रयोगशालाओं की स्थापना, प्रारंभिक कक्षाओं के छात्रों का मूल्यांकन डाइट तथा एससीईआर टी द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा शिक्षक ज्ञान के साथ-साथ जॉय ऑफ लर्निंग सेशन के तहत कक्षा में सिखाने की प्रक्रिया आनन्दमयी बनाने की दृष्टि से बच्चों को अधिगम सहायक सामग्री प्रदान की गई है।

## अरनी विवि मामले में तीन सप्ताह के अंदर रिपोर्ट सौंपने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अरनी विश्वविद्यालय, इंदौरा के प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के बीच उठे मामले तथा मीडिया रिपोर्ट्स का जिला प्रशासन द्वारा कड़ा संज्ञान लिया गया है। इस बाबत उपायुक्त कांगड़ा डॉ. निपुण जिंदल ने अतिरिक्त उपायुक्त को तथ्यों की जांच करने तथा संबंधित लोगों का पक्ष सुनने के उपरांत तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए हैं।

उपायुक्त द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि विवि प्रबंधन द्वारा कुछ कर्मचारियों सेवाएं कथित तौर पर समाप्त कर दी गई थीं। इसके संबंध में एसडीएम इंदौरा मामले पर रिपोर्ट भेजने के लिए कहा गया था। एसडीएम से प्राप्त रिपोर्ट में कहा गया कि जो कर्मचारी 28 दिसंबर से शांतिपूर्ण हड़ताल पर बैठे थे, उन्होंने अब तीन जनवरी को अपना आंदोलन समाप्त कर दिया है। जबकि, कई मीडिया संस्थानों में समाचार पत्रों में ऐसी खबरें आई हैं कि पूरे मामले में स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रतिकूल भूमिका निभाई गई है। इससे पहले भी विश्वविद्यालय के उच्च प्रबंधन ने स्थानीय प्रशासन पर धमकी देने का आरोप लगाया था, जिसके संबंध में एसडीएम इंदौरा से रिपोर्ट मांगी गई थी। उपायुक्त द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि नवीनतम मीडिया रिपोर्ट्स के मद्देनजर, स्थानीय प्रशासन के खिलाफ ऐसे आरोपों की सत्यता स्थापित करना जरूरी है, जैसा कि स्थानीय मीडिया के साथ-साथ अरनी विश्वविद्यालय के प्रबंधन की दलीलों में भी सामने आ रहा है। इसके अलावा, उन तथ्यों को जांच करना महत्वपूर्ण है। इनके कारण ऐसे आरोप लगे हैं और पूरे प्रकरण में स्थानीय प्रशासन की भूमिका को लेकर भी गहनता से जांच की जाएगी। इस के लिए अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल को गहन जांच करने तथा सभी संबंधित पक्षों को सुनने के उपरांत तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

#### डीसी बोले, तथ्यों की जांच करना अवश्यक

**उपायुक्त** द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि नवीनतम मीडिया रिपोर्टों के मद्देनजर, स्थानीय प्रशासन के खिलाफ ऐसे आरोपों की सत्यता स्थापित करना जरूरी है। जैसा कि स्थानीय मीडिया के साथ-साथ अरनी विश्वविद्यालय के प्रबंधन की दलीलों में भी सामने आ रहा है। इसके अलावा, उन तथ्यों को जांच करना महत्वपूर्ण है, जिनके कारण ऐसे आरोप लगे हैं और पूरे प्रकरण में स्थानीय प्रशासन की भूमिका को लेकर भी गहनता से जांच की जाएगी। इस के लिए अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल को गहन जांच करने तथा सभी संबंधित पक्षों को सुनने के उपरांत तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

## कोटला बेहड़ स्कूल में धूमधाम से मनाया सालाना समारोह

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बेहड़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया।

इसमें पूर्व कामगार एवम अन्य कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलित कर व सरस्वती वंदना से किया गया। उसके बाद स्कूल प्रिंसिपल नरेश कुमार धीमान ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को हर गतिविधियों में भाग लेना चाहिए व जीवन में अच्छी आदतों को अपनाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक, पहाड़ी, पंजाबी व लघु नाटकों की प्रस्तुतियां पेश की व उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध व प्रेरणादायक प्रस्तुतियां पेश कर प्रेरणा दी। बच्चों ने देशभक्ति गीत गाकर भी सबका मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों ने नशे व मोबाइल के दुष्प्रभाव को भी नाटकीय रूप देकर लोगों को जागरूक किया व जिंदगी में नशे से दूर रहने की सलाह दी। इसके बाद स्कूल प्रिंसिपल नरेश कुमार धीमान व उपप्रधानाचार्य आशा रानी ने बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी व विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बच्चों को जीवन में मेहनत करने के लिए कहा। उन्होंने उपस्थित लोगों को बेटियों को जीवन में उच्च शिक्षा देने के लिए कहा।

**काम जांचा** लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बकलूड़ पहुंच कर विधायक ने किया रोड का निरीक्षण

# किशोरी लाल ने जांचा उतराला-होली सड़क का काम

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के ऐतिहासिक निर्णय लेने से हिमाचल प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखने का अध्याय प्रारंभ हुआ है। यह बात मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल ने वीरवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र की महत्वकांक्षी उतराला से होली सड़क मार्ग परियोजना के कार्य का निरीक्षण और प्रगति की समीक्षा करने के दौरान कही।

सीपीएस लोक निर्माण के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम के साथ बकलूड़ पहुंचे और सड़क के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सीपीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हो रहा है और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि उतराला से होली सड़क लोगों की वर्षों पुरानी मांग है। उन्होंने कहा कि सड़क के बनने से उतराला से होली की दूरी केवल 56 किलोमीटर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के बनने से एक लोगों के समय और धन में बचत होगी वहीं, पर्यटन गतिविधियों को बहुत अधिक बढ़ावा मिलने से स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि इस सड़क के कुल क्षेत्र का साढ़े 32 किलोमीटर क्षेत्र बैजनाथ लोक निर्माण मंडल के अधीन में आता है। जबकि शेष भाग भरमौर लोक निर्माण मंडल में आता है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ मंडल का क्षेत्र जालसू जोत तक आता है। नाबार्ड के अंतर्गत 13.20 किलोमीटर का कार्य आबंटित किया जा चुका है और इस पर सड़क निर्माण कार्य जारी है।



होली-उतराला सड़क का निरीक्षण करते हुए विधायक किशोरी लाल।

### किशोरी लाल से मिला हिमाचल पेंशनर संघ

**बैजनाथ।** हिमाचल पेंशनर संघ ब्लॉक बैजनाथ अध्यक्ष रमेश चडढ़ा के नेतृत्व में मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल के साथ लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह बैजनाथ में भेंट की । संघ ने सीपीएस किशोरी लाल से अपनी दो मुख्य मागों पर चर्चा की। सीपीएस ने संघ की मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुना और इनके समाधान का आश्वासन दिया। सीपीएस ने कहा कि उनकी मांगों से मुख्यमंत्री को अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जो भी समस्या होगी उसका समाधान किया जाएगा। वहीं, पेंशनर संघ द्वारा 52 हजार रुपए का चेक मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में दिया । इस मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र राव, जिला कांग्रेस आदिवासी अध्यक्ष पृथी करोटी, पेंशनर संघ के अध्यक्ष रमेश चड्ढा , महासचिव सुभाष शर्मा, अमर सिंह, बीरी सिंह, प्रीतम भारती, अजय शर्मा, राजेंद्र राणा, कुलभूषण पालसरा, प्यार चंद अवस्थी, ध्रुव शर्मा, गया प्रसाद, प्रीतम चंद, ओम प्रकाश सहित अन्य पेंशनर ब गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बहरहाल, हिमाचल पेंशनर संघ ब्लॉक बैजनाथ अध्यक्ष रमेश चडढ़ा के नेतृत्व में मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, किशोरी लाल के साथ लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह बैजनाथ में भेंट की ।

## न्यूज ब्रीफ

### चामुंडा मंदिर परिसर में मिले दो पर्स

**चामुंडा।** श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर में दो पर्स मिले हैं। जिस किसी के भी ये पर्स हों वह मंदिर प्रशासन से संपर्क करें। ये पर्स पर्स वीरवार को सफाई के दौरान सफाई कर्मचारियों को मिले हैं। संबंधित व्यक्ति चामुंडा मंदिर प्रशासन, स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी या स्थानीय पंचायत पदर उपप्रधान से फोन के माध्यम से अपनी पहचान व पता बता कर संपर्क करके इनको प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मंदिर प्रशासन 01892 236034, चामुंडा पुलिस चौकी प्रभारी 94181 23808, पदर पंचायत उपप्रधान 98054 29571 पर संपर्क करें ।

### निखिल शर्मा ने संभाला कार्यभार



**नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या नगरोटा बगवां में निखिल शर्मा प्रिंसिपल कम प्रोजेक्ट अधिकारी (समग्र शिक्षा) ने वीरवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने बताया कि स्कूल में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल की अन्य गतिविधियों में बेहतर परिणाम हासिल करने हेतु हर संभव कोशिश की जाएगी।

### कुआला कांगड़ा की टीम ने जीता क्रिकेट मैच

**नगरोटा बगवां।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में खेले जा रहे क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के पहले दौर के बाहरवें दिन का मुकाबला कुआला कांगड़ा और पडियार नगरोटा के बीच हुआ। कुआला कांगड़ा टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पठियार नगरोटा की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में बल्लेबाजी करते हुए 138 रन बनाए। 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कुआला कांगड़ा टीम ने 11.2 ओवर में चौक्का लगाकर मैच जीत लिया। इस तरह कुआला कांगड़ा टीम दूसरे दौर के लिए जगह पक्की करने में सफल रही।

### शाहपुरकंडी में धार्मिक समागम आज

**शाहपुरकंडी।** स्थानीय गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से श्री गुरुद्वारा प्रांगण में पांच जनवरी को शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक चार साहिबजादों एवं माता गुजरी की शहादत को समर्पित चौथ महान गुरमत समागम करवाया जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम में रहिरास-साहब के पाठ के उपरांत शाम छह से 6:30 बजे तक भाई गुरप्रीत सिंह अपनी अमृतवाणी से उपस्थित संगत को गुरु इतिहास से निहाल करेंगे। तथा उसके उपरांत शाम 6:30 से 7:30 बजे तक कथा वाचक ज्ञानी सुलखन सिंह दमदमी टकसाल मेहता चौक वाले साहिबजादों के जीवन पर प्रकाश डालेंगे। शाम 7:30 से 8:30 बजे तक भाई लखविंद्र सिंह जी हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर वाले गुरु की महिमा का गुणगान करके संगत को निहाल करेंगे।

### श्मशानघाट की जमीन कर दी अलॉट



सिद्धबाड़ी के समीप पंचगिटटू श्मशानघाट का फाइल फोटो।

**योल।** सरकार ने धर्मशाला मंडल के सिद्धबाड़ी के समीप पंचगिटटू नाम की जगह पर बने वर्षो पुराने अंतयेष्टि स्थल की जमीन को ही किसी को अलॉट कर दिया है। सिद्धबाड़ी (बाघणी) के प्रधान सुरेश कुमार (पप्पी) ने बताया कि इस वर्षो पुराने अंतेष्ठी स्थल सिद्धबाड़ी रक्कड़ और बाघणी तीनों पंचायतों के लोगों का मात्र एक ही स्थल है जहां शवों को ले जाकर उनका अंतिम संस्कार किए जाते हैं। वहीं, जिसे यह जमीन अलॉट की गई है अब उसने कब्जा कर तार बंदी शुरू कर दी है। वीरवार को जब किसी का अंतिम संस्कार करने गए तो देखा कि यहां तो तार बंदी भी कर दी और बारिश से बचने के लिए जनता द्वारा बनाया गया रेन शैल्टर और कब्रिस्तान पर भी कब्जा कर रहा है। ऐसे में ग्रामीणों में रोष पनप रहा है। प्रधान सुरेश के साथ पहुंचे जगदीश अत्री, वंशी लाल ठाकुर, पृथ्वी सिपाहिया प्रेम वालिया मनोहर मेहता व गांववासियों ने प्रशासन से अपील की है कि जल्द से जल्द इस अलॉटमेंट को रद्द किया जाए।

शहीद के शव से लिपट कर रोए माता व बहन, शहीद की बहन रीना देवी ने मुखाग्नि दी

# अंतिम यात्रा पर निकला लंज का शहीद रोहित कुमार

**अनिल छांगू, जवाली**

शाहपुर विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के अधीन पंचायत लंज खास का जवान शहीद हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार शहीद रोहित कुमार (25) वर्ष 2018 में आरटी बटालियन में भर्ती हुआ था। रोहित कुमार मौजूदा समय में अरुणाचल प्रदेश के तहत चाइना बॉर्डर में कार्यरत था तथा एक जनवरी को पेट्रोलिंग ड्यूटी के दौरान ग्लेशियर के ऊपर पैर फिसलने से गहरी खाई में गिर गया।

कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाल कर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गहरी चोट से मौत हो गई। इसकी सूचना परिवार को मिली तो परिवार सहित पंचायत में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है तथा घर में परिवार को ढांढस बंधवाने वालों का तांता लगा हुआ है। शहीद रोहित कुमार अभी तीन नवंबर पहले ही छुट्टी काटकर वापस ड्यूटी पर गया था।





पंचायत लंज खास में शहीद रोहित कुमार के परिजन विलाप करते हुए(दाएं) तिरंगे के साथ विलाप करती शहीद की बहन।

माता रानी देवी ने मनरेगा में दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण किया। जब बेटा कामयाब हुआ और अच्छे दिन आए तो इतना बड़ा कहर मां पर पड़ गया वहीं आज सुबह करीबन चौथे दिन शव पैतृक गांव लंज पहुंचा। लंज में पहुंचते ही रोहित कुमार अमर रहे वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान हुआ। युवाओं ने रानीताल से लेकर शहीद के घर तक क्षेत्र के युवाओं ने शहीदी रैली निकाली। साथ ही अंतिम धाम पर आरटी बटालियन द्वारा सलामी दी गई। साथ ही शहीद की बहन रीना देवी ने मुखाग्नि दी। साथ क्षेत्र के तमाम लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। प्रशासन की तरफ से एडीसी कांगड़ा सौरभ जस्सल, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा, तहसीलदार कांगड़ा मोहित रतन, नायब तहसीलदार हारचकियां डीसी राणा, सरकार की तरफ से केवल सिंह पठानिया के भाई डाक्टर सुनीत पठानिया, पूर्व सैनिक लीग ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल कैटन वंदराल, सोशल मीडिया अध्यक्ष विनय ठाकुर, पूर्व कैप्टन अमर सिंह, सूबेदार अनिल राणा, नायक सूबेदार ओम प्रकाश, पूर्व हवलदार नागेश, सूबेदार शेर सिंह निखिल राणा, मामा का लड़का व बहन रीता देवी कंपनी की तरफ से नायब सुबेदार शिवा शुक्ला, नायब सूबेदार ओमप्रकाश साथ स्थानीय पंचायतों के प्रधानों सहित सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से शहीद को श्रद्धांजलि दी। (अनंत ज्ञान)

### शहीद को दी सलामी

**लंज** में पहुंचते ही रोहित कुमार अमर रहे वंदे मातरम् के नारों से गुंजायमान हुआ। युवाओं ने रानीताल से लेकर शहीद के घर तक क्षेत्र के युवाओं ने शहीदी रैली निकाली। साथ ही अंतिम धाम पर आरटी बटालियन द्वारा सलामी दी गई। साथ ही शहीद की बहन रीना देवी ने मुखाग्नि दी।

### नौकरी देने की उठाई मांग

**साथ** क्षेत्र के तमाम लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। शहीद के मामा शमशेर ने प्रदेश सरकार से मांग उठाई है कि घर को चलाने वाला चिराग नहीं रहा। अब परिवार का गुजारा चला पाना मुश्किल है। साथ ही उन्होंने प्रदेश सरकार व विधायक केवल पठानिया के समक्ष मांग उठाई है कि शहीद की बहन को किसी नौकरी का प्रावधान किया जाए।

### बच्चे खामोशी से देखते रहे तिंरगे में लिपटे शहीद के शव को







मारंडा बाजार में टैटू की दुकान पर मृत मिला था युवक, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

# युवक की मौत पर घेरा पालमपुर थाना

**अमर सिंह, पालमपुर**

मारंडा बाजार की एक टैटू की दुकान में बुधवार को हुई सुनील कुमार की मौत के विरोध में उसके गांव भड़गवार भवारना की दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने पालमपुर थाने में धरना-प्रदर्शन कर इंसाफ की मांग की। मृतक के परिजनों का आरोप है कि जो लोग मृतक सुनील के साथ मंगलवार को पूरा दिन और रात तक साथ थे पुलिस उन्हें क्यों नहीं पूछ रही है, जिन्होंने मृतक के साथ रात को खाया पिया और पार्टी की उन लोगों को अगर सख्ती से पूछा जाएगा, तो मौत के असली कारणों का पता चल सकता है, लेकिन पुलिस दबाव के चलते उक्त युवकों को कुछ नहीं कह रही है।

मृतक की पत्नी का कहना है कि मंगलवार दिन के 11 बजे सुनील के दोस्तों ने फोन कर उसे बुलाया। उनके बुलावे पर वह उनके यहां चला गया। उसके बाद रात को उसके दोस्त फोन करते हैं कि आज सुनील कुमार घर नहीं आएगा और हम इसे अपने घर ले जा रहे हैं। वहीं, उन्होंने उसे दुकान में ही अकेला छोड़ दिया और खुद सभी अपने अपने घर चले गए। सुबह सुनील दुकान के अंदर मृत पाया गया। (अनंत ज्ञान)

**3** तारीख को मारंडा बाजार की एक टैटू की दुकान में मृत मिला था सुनील कुमार

**11** बजे सुनील के दोस्तों ने फोन कर उसे बुलाया। उनके बुलावे पर वह उनके यहां चला गया।



मारंडा में एक दुकान से मृत मिले युवक के परिजन पुलिस स्टेशन पालमपुर में प्रदर्शन करते हुए।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट खोलेगी मौत के राज

**इस** बारे में थाना प्रभारी पालमपुर सुरेंद्र ठाकुर ने बताया की शव का पोस्टमार्टम करवा अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के हवाले कर दिया है। वहीं, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट अभी आई नहीं है तथा जो युवक घटना की रात मृतक के साथ थे पुलिस ने उन्हें थाने बुलाकर मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। वहीं, फॉरेंसिक जांच भी चल रही है।

### पालमपुर थाने में जमकर किया प्रदर्शन

**सुनील** कुमार की मौत के विरोध में उसके गांव भड़गवार भवारना की दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने पालमपुर थाने में धरना-प्रदर्शन कर इनसाफ की मांग की।

### मृतक के दोस्तों को किया जाए अरेस्ट

**मृतक** के परिजनों ने पुलिस से मांग की कि इसके साथ जो तीन दोस्त थे उन्हें गिरफ्तार किया जाए और सख्ती से पूछताछ कर हमें न्याय दिया जाए। मांगे मनवाने पर अड़े परिजन।

### 52 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम एमओ डॉक्टर विजय जरियाल, लैब टेक्नीशियन अनुराधा, फार्मासिस्ट सरबजीत, सहयोगी रविंद्र कुमार स्वास्थ्य टीम ने गांव कारु के पंचायत टिपरी में निशुल्क स्वास्थ्य शिवर का आयोजन पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग व गणमान्य लोगों के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 52 मरीज की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें 22 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए और जिसमें दस मरीज हड्डियों के रोगी, दो शुगर के मरीज और चार बीपी के मरीज और एक भी स्त्री रोगी नहीं पाई गई। वहीं, 36 साधारण रोगी मरीज पाए गए। शिवर के दौरान लोगों की पूरी जांच के बाद उन्हें उचित रहन सहन व उचित खानपान के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों भी गणमान्य लोगों ने एमओ डॉक्टर विजय जरियाल व उनकी पूरी टीम को सम्मानित किया गया और मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविर के लिए माननीय सांसद अनुराग ठाकुर जी का धन्यवाद किया।

## जसूर में बिजली कर्मियों व पेंशनर्स ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

नूरपुर में ज्वाइंट फ्रट इंप्लाइज और इंजीनियर के आवाहन पर दूसरे दिन हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों और रिटायरियों व इंजीनियरों ने इलेक्ट्रिकल सिस्टम मंडल बौढ़ स्थित जसूर में भोजन अवकाश के समय कर्मचारियों के मासिक वेतन व पेंशन न मिलने के विरोध में जबरदस्त धरना-प्रदर्शन किया।

विद्युत बोर्ड प्रबंधन तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई और सरकार से अनुरोध किया गया कि विद्युत बोर्ड कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार न किया जाए क्योंकि विद्युत बोर्ड के सभी कर्मचारी अपनी जान हथेली में रख दिन रात लोगों को सेवाएं देते हैं। इस दौरान कर्मचारियों ने ओल्ड पेंशन लागू करने को भी कहा। यह प्रदर्शन यूनियन के जोनल सचिव रवि धीमान, वह रिटायरी फॉर्म के प्रधान मानसिंह, सचिव अरुण सहोत्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर कर्मचारी यूनियन के राज्य संगठन सचिव अश्विनी ठाकुर जी वह यूनियन के मेंबर एडवाइजरी काउंसिल पवन मोहल विशेष तौर पर उपस्थित रहे। वहीं, गनोह यूनिट के प्रधान रोहित शर्मा, वरिष्ठ उपप्रधान मानसिंह मनकोटिया, इंजीनियर गगन सिंह ठाकुर, रिटायर फोरमैन काकाराम, सहायक अभियंता रोहित भाटिया, रिटायर्ड लाइनमैन प्रीतम सिंह, भजन सिंह, फोरमैन कमलेश सिंह चौधरी आदि उपस्थित रहे।




नगरोटा बगवां। विद्युत संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर वेतन और पेंशन एक जनवरी से चार जनवरी तक कर्मचारियों/पेंशनधारको को न देने का अधिकारियों-कर्मचारियों और विद्युत पेंशनर्स फोरम शाखा नगरोटा बगवां ने विरोध किया। भोजनावकाश के दौरान सैकड़ों सदस्यों ने सरकार व बिजली बोर्ड प्रबंध निदेशक डॉक्टर हरिकेश मीणा की कार्यप्रणाली के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग कि जब तक वेतन, पेंशन जारी नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा।

## थुरल स्कूल में मेधावी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थुरल में वीरवार को मेधावी छात्रों तथा उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ग्वालियर, छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेलकर वापस आई चार खिलाड़ियों कंगना, अर्चना, आशु व शानवी का अपने स्कूल थुरल आने पर भव्य स्वागत किया।

इस प्रतियोगिता का आयोजन 28 दिसंबर 2023 से लेकर एक जनवरी 2024 तक ग्वालियर मध्य प्रदेश में संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यक्रम का मंच संचालन अजीत धीमान प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजीव जम्वाल ने की। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में बताया कि यह हर्ष का विषय है कि थुरल के इतिहास में पहली बार इस स्कूल की चार छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं के माता-पिता भी उपस्थित रहे। साथ ही इस कार्यक्रम में सत्र 2022 - 23 में दसवीं कक्षा में कुल 52 विद्यार्थियों से मेरिट में रहे 21 छात्र व छात्राओं को भी बोर्ड के मेरिट प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष लवली धीमान तथा अन्य समिति सदस्यों ने सारा श्रेय अध्यापकों तथा प्रधानाचार्य को दिया । (अनंत ज्ञान)



थुरल स्कूल में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित करने का दौर।

## मांगें मनवाने पर अड़े विद्युत कर्मी दूसरे दिन भी किया जमकर प्रदर्शन




वेतन व पेंशन की अदायगी न करने पर जवाली में प्रदर्शन करते विद्युत कर्मी व पेंशनर्स।

**अनिल छांगू, जवाली**

हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड लिमिटेड के कर्मचारियों व पेंशनर्स ने संयुक्त रूप से बिजली बोर्ड कार्यालय जवाली में इस महीने का वेतन व पेंशन की अदायगी न हो पाने के विरोध में दूसरे दिन भी हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन के जिला सचिव बालकृष्ण शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड के इतिहास में पहली बार कर्मचारियों व पेंशनर्स को वेतन व पेंशन का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि विद्युत बोर्ड लिमिटेड के प्रबंधक वर्ग की गलत नीतियों के चलते बिजली बोर्ड का आर्थिक ढांचा बुरी तरह से चरमर्रा गया है।

विद्युत बोर्ड में किसी सक्षम अधिकारी को विद्युत बोर्ड लिमिटेड का स्थाई प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर वेतन व पेंशन की अदायगी नहीं होती है तो यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर रिटायरी यूनियन के जिला संगठन सचिव देव राज हरनोट, एसडीओ चैन सिंह, अतुल महाजन, कर्म सिंह मनहास, जवाली यूनिट के प्रधान सुरेश चौधरी, भूषण, पूनम, कल्पना, मनिशा, प्रिया, सरोज बाला, संजय कुमार कोषध्यक्ष, राजिंद्र कौंडल आदि शालि रहे। (अनंत ज्ञान)

**दिक्कत** शहर में एक भी हाइड्रेंट नहीं होने से लोगों की सुरक्षा प्रणाली पर उठे सवाल, कहीं लापरवाही न पड़ जाए महंगी

# आग से सुरक्षित नहीं पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

सदियों पुराने भागसूनाग मंदिर, 1852 में बनी सेंट जॉन चर्च तथा निर्वासित तिब्बती सरकार के मुख्यालय का शहर मैक्लोडगंज आज भी आग से सुरक्षित नहीं है। हर साल पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में हजारों सैलानी आते हैं तथा सैकड़ों भवन यहां बन रहे हैं। आग जैसी आपदा में ये शहर कितना सुरक्षित है, इस बात का अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि यहां एक भी हाइड्रेंट नहीं है।

ऐसे में आग लगने पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है। महत्व की बात करें तो एक ओर जहां ये ऐतिहासिक पर्यटन का दशकों से केंद्र रहा है, तो वहीं 1960 से निर्वासित तिब्बत सरकार का मुख्यालय भी है। इसके अलावा यहां कई ऐतिहासिक महत्व के भवनों के अलावा आलीशान होटल स्थित हैं। धर्मशाला से फायर ब्रिगेड पहुंचने में खराब मार्ग तथा जाम कभी भी अग्निशमन वाहन की रफ्तार को रोक सकते हैं तथा ऐसे में खतरा और भी बढ़ जाता है। लिहाजा इस शहर की सुरक्षा को लेकर इसे लापरवाही न कहा जाए तो और क्या कहें कि यहां आग लगने जैसी स्थिति में न तो फायर स्टेशन है और न ही पानी के लिए एक भी हाइड्रेंट की व्यवस्था। यहां बताते चलें कि आग जैसी घटना से निपटने के लिए पानी की उपलब्धता के लिए जल शक्ति विभाग की ओर से पानी की लाइन के साथ हाइड्रेंट स्थापित किए जाते हैं।

आग लगने की किसी स्थिति में फायर ब्रिगेड के न पहुंचने पर इन हाइड्रेंट से कभी भी पानी का प्रयोग आग बुझाने के लिए किया जा सकता है तथा ये सुरक्षा का एक ऐसा मानक हैं जिसे जरूरी माना जाता है। वहीं, आलम यह है कि आजादी के सालों बाद भी अंग्रेजों के बसाए इस शहर तथा पर्यटन का केंद्र रहे इस शहर की सुरक्षा के लिए मूलभूत ढांचा तक मौजूद नहीं है। इसके अलावा धर्मशाला शहर में हाइड्रेंट हैं, जिससे शहर में आग जैसी किसी अनहोनी से बचने का सुरक्षा माध्यम मिलता है। (अनंत ज्ञान)

### बजट की अनुपलब्धता के कारण स्थापित नहीं हो सके हाइड्रेंट : कर्म चंद कश्यप



**इस** बारे में जब फायर स्टेशन ऑफिसर कर्म चंद कश्यप से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मैक्लोडगंज में कोई भी हाइड्रेंट नहीं है तथा इसको लेकर जल शक्ति विभाग से भी पत्राचार किया गया है। उन्होंने बताया कि जलशक्ति विभाग के मुताबिक बजट की अनुपलब्धता के कारण हाइड्रेंट स्थपित नहीं किए जा सके हैं।



हाइड्रेंट का फाइल फोटो।

### रामभरोसे शहर की सुरक्षा

**सदियों** पुराने भागसूनाग मंदिर, 1852 में बनी सेंट जॉन चर्च तथा निर्वासित तिब्बती सरकार के मुख्यालय का शहर मैक्लोडगंज आज भी आग से सुरक्षित नहीं है। हर साल पर्यटन नगरी मैक्लोडगज में हजारों सैलानी आते हैं तथा सैकड़ों भवन यहां बन रहे हैं। आग जैसी आपदा में ये शहर कितना सुरक्षित है, इस बात का अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि यहां एक भी हाइड्रेंट नहीं है। इसके पानी से आग लगने जैसी किसी घटना पर काबू पाया जा सके। वहीं, आलम ये कि आजादी के सालों बाद भी अग्रेंजों के बसाए इस शहर तथा पर्यटन का केंद्र रहे इस शहर की सुरक्षा के लिए मूलभूत ढांचा तक मौजूद नहीं।

# केएनएच में एक ही बैड पर भर्ती हो रहीं दो महिलाएं व उनके बच्चे

## सरकार की महिला अस्पताल में सुविधा न देने की पोल खुलती नजर आ रही, एक वर्ष से बिस्तरों की समस्या नहीं हुई हल

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला के राज्य मातृ एवं शिशु रोग कमला नेहरू अस्पताल में महिलाओं व उनके नवजात शिशु को बैड की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

एक बिस्तर पर दो महिलाएं और उनके शिशु रातें गुजार रहे हैं। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा पूरी तरह से चरमरा गई है। इस अस्पताल को राज्य का दर्जा मिला है, लेकिन फिर भी यहां महिलाओं को उसके मुताबिक सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। तीमारदारों को कमरे के बाहर ही मरीजों का इंतजार करना पड़ता है। यहां सबसे ज्यादा दिक्कत तीमारदार को आती है। ठंड के मौसम में सर्दी जुकाम होने का खतरा बना रहता है। केएनएच में लगातार मरीज बढ़ते जा रहे हैं। प्रदेश के हर अस्पताल में सरकार की ओर से अच्छी सुविधा दी गई है। वहीं, मरीजों को अस्पताल में दवाइयों का भी प्रावधान किया गया है, लेकिन इस अस्पताल में अभी तक बैड का प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे में महिला सही रूप से अपना इलाज नहीं करवा पा रही हैं। यहां प्रदेश सरकार की महिला अस्पताल में सुविधा न देने की पोल खुलती नजर आ रही है। करीब एक वर्ष से बिस्तरों की कमी चल रही है, जिसका आज तक हल नहीं हुआ है। (अनंत ज्ञान)



**सरकार को भेजा है प्रस्ताव**

कमला नेहरू अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में सरकार को प्रस्ताव भेजा है। प्रदेश के अन्य अस्पतालों से भी यहां मरीजों को रेफर किया जाता है। इससे अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। प्रशासन किसी भी मरीज को घर नहीं भेज सकता है। सभी को बेहतर इलाज मुहैया करवाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। केएनएच राज्य का एकमात्र बड़ा अस्पताल महिलाओं के लिए ही है। यहां पर सुविधाओं की मांग हर स्तर पर उठती रही है, लेकिन आज तक बिस्तरों की कमी की समस्या का हल नहीं हो पाई है।

### अस्पताल में संक्रमण का बढ़ रहा खतरा

अस्पताल में एक साथ एक बिस्तर पर दो या तीन मरीज के होने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ रहा है। इससे मां बच्चा दोनों को खतरा रहता है। अगर अस्पताल का रिकार्ड खंगाला जाए, तो यहां पर दिन-प्रतिदिन प्रदेश के कोने-कोने से महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। अस्पताल के ओपीडी में 40 से 50 प्रतिशत वृद्धि हुई है। वहीं, दाखिल महिलाओं की संख्या भी छह वर्षों में हजारों में चली गई है। केएनएच में स्त्री रोग विशेषज्ञ महिलाओं का चैकअप तो कर लेते हैं। मगर जब टेस्ट की बारी आती है, तो इसके लिए उन्हें निजी लैब की ओर रुख करना पड़ता है।

कमला नेहरू अस्पताल में मरीजों की दिन प्रतिदिन ज्यादा भीड़ हो रही है। इसके कारण एक बिस्तर पर दो मरीजों को रखना पड़ रहा है। अस्पताल में हर मरीज को बेहतर इलाज देने का प्रयास किया जा रहा है। बिस्तर के लिए सरकार को भी प्रस्ताव भेजा गया है।

**डॉक्टर रमेश, एमएस केएनएच।**

# आईजीएमसी में सीटी स्कैन मशीन खराब, दर-दर भटक रहे मरीज

## मरीजों को निजी लैब में भारी पैसे देकर करवाने पड़ रहे सीटी स्कैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी में इन दिनों मरीज अपना इलाज करवाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। मरीजों को सीटी स्कैन तक की सुविधा नहीं मिल पा रही है। यहां पर सीटी स्कैन मशीन खराब हो गई है।

ऐसे में सीटी स्कैन करवाने के लिए सैकड़ों मरीज दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। सीटी स्कैन मशीन खराब होने के चलते अब निजि लैब की ओर रुख कर रहे हैं। मरीजों को भारी पैसे खर्च कर निजी लैब में अपने सीटी स्कैन करवाने पड़ रहे हैं। आईजीएमसी हिमाचल प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पर सैकड़ों मरीज अपना उपचार करवाने आते

**सरकार, प्रशासन नहीं उठा रहा मशीन ठीक करने की जहमत**

हैं, लेकिन सीटी स्कैन की मशीन सिर्फ एक ही है। यह मशीन काफी पुरानी है। हर समय ही मशीन खराब रहती है। मशीन के कभी पार्ट खराब होते हैं, तो कभी मशीन में कोई अन्य खराबी आती है।

अभी भी मशीन के पार्ट खराब होने बताए जा रहे हैं। यहां प्रशासन की ओर से मशीन को ठीक भी करवाया जाता है, लेकिन यह मशीन बार-बार खराब हो जाती है। सीटी स्कैन करवाने के लिए मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने सरकार से मांग की है कि यहां पर सरकार

**एक ही सीटी स्कैन मशीन के सहारे सैकड़ों मरीज**

### रोजाना 3000 से ज्यादा रहती है ओपीडी

आईजीएमसी प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल होने के कारण यहां रोजाना 3000 से अधिक ओपीडी रहती है। चिकित्सक कुछ मरीजों की जांच के बाद उन्हें सीटी स्कैन करने के लिए कहते हैं। सरकार व प्रशासन की ओर से अगर समय से कोई कदम नहीं उठाए गए, तो मरीजों को इससे भी ज्यादा दिक्कतें आ सकती है।

को नई मशीन स्थापित करनी चाहिए, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

# तत्तापानी में 14 को होगा जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेला



जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेले को लेकर बैठक की अध्यक्षता करतीं बीडीओ करसोग।

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल तथा प्राकृतिक सल्फर युक्त गर्म पानी के स्रोतों के लिए प्रसिद्ध तत्तापानी में जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेला 14 जनवरी को आयोजित होगा।

मेले को लेकर खंड विकास अधिकारी करसोग वैशाली शर्मा ने वीरवार को विभागीय अधिकारियों सहित स्थानीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की तथा मेला स्थल और संस्कृति संध्या के लिए चिहिन्त किए गए स्थल का दौरा किया, बता दें कि मेले को लेकर एसडीएम कार्यालय से तीसरी अधिसूचना जारी की गई है। इससे पूर्व बैठक को लेकर दो बार अधिसूचना जारी की गई थी, लेकिन प्रशासन ने हर बार अपने आदेशों को स्थगित कर दिया था। ऐसे में दो बार बैठक को स्थगित होना लोगों के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ था। जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेले में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम तीन बार और एक बार वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मेले में अध्यक्षता कर चुके हैं। विश्व प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल तत्तापानी जिला मंडी के तहत करसोग उपमंडल के प्रवेश द्वार पर स्थित हैं। (अनंत ज्ञान)

# केंद्र की उपलब्धियां बताईं



कुफरी में आयोजित कसुम्पटी भाजपा मंडल की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कुफरी ग्रीन कॉटेज में कसुम्पटी भाजपा मंडल की बैठक वीरवार को उपाध्यक्ष शशांक अत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य केशव चौहान, भाजपा मंडल के सचिव व मूलकोटी के प्रधान शेर सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी सुरेंद्र ठाकुर के अतिरिक्त तीनों बूथों के अध्यक्ष, बीएलए, पालक व पन्ना प्रमुखों ने भाग लिया।

उपाध्यक्ष शशांक अत्री ने सभी कार्यकर्ताओं को केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी और फील्ड में केंद्र सरकार के बीते नौ वर्षों की उपलब्धियों के बारे में लोगों को जागरूक करने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त भाजपा को तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली जीत के उपलक्ष्य में पांच जनवरी को पीटरहॉफ शिमला में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के अभिनंदन समारोह कार्यक्रम में कसुम्पटी निर्वाचन क्षेत्र से भारी संख्या में भाग लेने का आग्रह किया। शशांक अत्री ने बताया कि भाजपा का अगला लक्ष्य आगामी लोकसभा के चुनाव में प्रदेश से चारों सीटें भाजपा की झोली में डालने का है, जिसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को एक जूट होने के बारे में टिप्स दिए। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य केश्व चौहान ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कसुम्पटी निर्वाचन क्षेत्र से भी भाजपा को समर्थन मिलेगा।

कसुम्प्टी की जनता कांग्रेस सरकार की कथनी और करनी से भली-भांति परिचित हो चुकी है। कांग्रेस सरकार की दस गारंटियां खोखली साबित हुई हैं, जिसका जवाब प्रदेश की जनता आगामी लोकसभा के चुनाव में देगी।

# सेल्स ऑफिसर के 40 पदों के लिए साक्षात्कार आठ को

**शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला की ओर से आईएफएम फिनकोच ग्लोबल प्राइवेट लिमिटिड मोहाली, बैंकिंग सेक्टर के लिए शिमला में सेल्स ऑफिसर के 40 पद निकाले गए हैं, जिसके लिए साक्षात्कार आठ जनवरी को प्रात: 10:30 बजे क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला यूएस क्लब में किए जाएंगे। यह जानकारी क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला सीमा गुप्ता ने दी।

इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक या इससे अधिक होनी अनिवार्य है तथा आवेदक की आयु 23 से 25 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। उक्त पद के लिए सैलरी न्यूनतम 20,800 रुपए तथा अधिकतम 32,900 रुपए प्रतिमाह तय की गई है। इच्छुक उम्मीदवार जो इस पद से संबंधित योग्यता रखते हो, उनका नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है, जो संबंधित साईट में घर बैठे कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक पंजीकरण करने के बाद ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98157-03430, 80911-03457 पर संपर्क कर सकते हैं।

# शिक्षकों में से हो शिक्षा बोर्ड चेयरमैन की स्थायी नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर ऑर्गेनाइजेशन ने मांग की है कि प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन के पद पर स्थायी न्यिुक्ति स्कूली शिक्षकों में से हो।

आल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार अब शिक्षा बोर्ड में स्थायी चेयरमैन की नियुक्ति करें, ताकि शिक्षा जगत के अनेक मामलों का हल निकाला जा सके। वर्तमान से ऐसे मामले हैं, जिनका निर्णय होना लंबित हैं, जिनके लिए स्थायी रूप से बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति आवश्यक है। इसका चेयरमैन भी स्कूली शिक्षा कैडर से ही होना चाहिए और स्कूली शिक्षा कैडर में लंबे अनुभव और हर तरह के पद पर कार्य करने वाले शिक्षाविद, शिक्षक या शिक्षा अधिकारी को ही बोर्ड अध्यक्ष रूप में तैनाती दी जाए।

### गुणात्मक शिक्षा में होगा सुधार



विश्वविद्यालय की अपेक्षा स्कूल कैडर से बनने वाले बोर्ड चेयरमैन अधिक प्रभावी कार्य कर चुके हैं। ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टीचर ऑर्गनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अश्वनी ने बताया कि अगर स्कूली शिक्षकों में से प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्ति होती है, तो निश्चित तौर पर इससे स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार होगा। स्कूलों में शिक्षा बोर्ड से संबंधित आने वाली विभिन्न समस्याओं के बारे में ज्ञान प्राप्त होता है।

# मंदिर के समीप दिखा तेंदुआ लोगों में दहशत

**शिमला।** शिमला के संजौली में लक्ष्मी-नारायण मंदिर के समीप वीरवार को तेंदुआ नजर आया। तेंदुए को देखकर लोगो में दहशत का माहौल बना हुआ है।

लोग अपने घरों से बाहर निकलने में घबरा रहे हैं। अब लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि मंदिर के समीप पिंजरा लगाया जाए, ताकि जल्द ही तेंदुए को पकड़ा जा सके और सभी राहत भरी सांस ले सकें।

# कैथू वार्ड की आगामी रूप-रेखा को किया तैयार



नगर निगम शिमला के कैथू वार्ड में वार्डसभा के आयोजन पर मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम शिमला के कैथू वार्ड में वीरवार को वार्डसभा का आयोजन किया गया।

इस सभा की अध्यक्षता कांता सुयाल की उपस्थित में हुई। इस सभा में निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस सभा में वार्ड की समस्याओं को सुना गया व अधिकारियों को समस्या से अवगत करवाया गया। इस बैठक में वार्ड की आगामी रूप रेखा को तैयार की गई।

# कुमारसैन का आयुष गणतंत्र दिवस पर परेड में लेगा भाग

**अनंत ज्ञान, कुमारसैन**



इस बार राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में कुमारसैन स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का स्वयंसेवी आयुष हिस्सा लेगा।

कुमारसैन विद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संजय भारती ने बताया कि ऊना के थानाकलां स्कूल में 28 दिसंबर से दो जनवरी तक राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय मेगा कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 875 स्वयंसेवियों ने हिस्सा लिया। कैंप से 100 स्वयंसेवियों को राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित किया गया है। कुमारसैन स्कूल से दो स्वयंसेवी कनिका तथा आयुष ने भी इस भाग लिया, जिसमें से आयुष का चयन राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। विद्यालय प्रधानाचार्य सुरभी रैना बाली ने खुशी जाहिर करते हुए आयुष को बधाई दी है।

# गेयटी में लोगों को आकर्षित कर रही कुल्लू की शॉल, मफलर व सदरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में कुल्लू के सामान की ओर लोग आकर्षित हो रहे हैं। इसमें कोट, सदरी, शॉल, जैकेट, मफलर और गर्म कपड़ों को बिक्री के उद्देश्य से प्रदर्शनी लगाई गई है। हाथों का इस्तेमाल करके ऊन से ये सारी वस्तुएं बनाई गई हैं।

यह प्रदर्शनी अजय शर्मा ने लगाई है, जिसमें 200 लोग काम कर रहे हैं। 20 से 25 लोग दुकान में कार्य करते हैं और 150 लोग अपने घर से यह कार्य करते हैं। लोगों को कुल्लू की सदरी खूब आकृषित कर रही है। इसमें शुरुआती दाम पांच से सात हजार रुपए तक के हैं। इस स्टॉल में 25 लाख का सामान बिक्री के लिए रखा गया है। गेयटी थियेटर में 'मेरा हथकरघा मेरा गौरव' प्रदर्शनी की शुरुआत वीरवार से हुई। यह प्रदर्शनी एक हफ्ते तक चलेगी व इसमें कुल 20 स्टॉल लगाए गए हैं। यहां प्रदेश संस्कृति से जुड़ी विभिन्न वस्तुएं भी स्टॉल में उपलब्ध हैं।



गेयटी थियेटर में हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी में खरीददारी करते लोग।

### वस्तुओं के दाम

- जैकेट-1200 -2500
- शॉल-500 - 2000
- मफलर-300 - 700
- सदरी 800 -1600



शिमला के रिज मैदान पर वीरवार को खिली धूप में चहलकदमी करते पर्यटक।

# गेयटी में कबीर दास के युवाकाल की घटनाओं का हुआ प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में 'कबीरा खड़ा बाजार' में एक नाटक प्रस्तुत किया गया।

इस नाटक में कबीर दास के युवाकाल समय की घटनाओं को दिखाया गया। इस नाटक में दिखाया गया कि कबीर अपने आसपास की रूढ़िवादिता को समझते भी हैं, तंज भी करते हैं और लोगों को जीवन की सही दिशा भी समझाते हैं। पूजा-पाठ और रोजा नमाज को छोड़कर केवल इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। इस नाटक में कुछ ऐसे दृश्य दिखाए, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया। यह नाटक भीष्म साहनी की ओरसे लिखित नाटक का धीरज रघुवंशी ने गेयटी थियेटर में सफल मंचन किया गया। इसमें करीबन 30 रंगकर्मियों ने भाग लिया और नाटक ने दर्शकों को अंत तक बैठने पर मजबूर कर दिया। इस नाटक में मुख्य कलाकारों में जवाहर कौल ने सिकंदर लोदी, मोहन जोशी ने शेख तकी, दयाल प्रसाद ने नूरा, रेखा कनवर ने नीमा, सुरेंद्र गिल ने जुलाहा, नीरज पराशर ने रैदास, रुपेश भीमटा ने कायस्थ, नीरज रघुवंशी ने मौलवी, वरदान बिंद्रा ने महाप्रबंधक, धीरज रघुवंशी के निर्देशन के साथ-साथ कोतवाल का किरदार भी बखूबी निभाया।



गेयटी थियेटर में 'कबीरा खड़ा बाजार में' नाटक का मंचन करते कलाकार।

**रोष** एसएफआई छात्रों को हॉस्टलों से बाहर निकालने के फरमान के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ रही

# छात्रों को हॉस्टलों से बाहर निकालने पर एसएफआई का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एसएफआई हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के प्रशासन ने छात्रों को शीतकालीन अवकाश में हॉस्टलों से बाहर निकालने के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया।

एसएफआई पिछले तीन दिनों से लगातार छात्रों को हॉस्टलों से बाहर निकालने के फरमान के खिलाफ छात्रों को लामबंद करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों की किसी भी तरह की बात मानने को तैयार नहीं हैं। एसएफआई का मानना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों से हॉस्टलों के लिए पूरे वर्ष की फीस लेता है, फिर वह बिना किसी कारण से क्यों छात्रों को शीतकालीन अवकाश के समय हॉस्टलो से बाहर निकालने की बात कर रहा है। एक जनवरी से 18 फरवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित हो चुका है, जिसके चलते विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय के हॉस्टलों को बंद रखने का फरमान निकाला है, जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस शीतकालीन अवकाश में यहां पर सिर्फ पीएचडी शोधार्थी और ट्राइबल छात्रों को रोकने का प्रबंध किया है। एसएफआई ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस मांग को विश्वविद्यालय प्रशासन अगर जल्द से जल्द पूरा नहीं करता है, तो विश्वविद्यालय के अंदर सभी छात्रों को लामबंद करते हुए शीतकालीन अवकाश के समय भी आंदोलन जारी रखेगा।



छात्रों को हॉस्टलों से बाहर निकालने पर एसएफआई प्रदर्शन करती हुई।

### छात्रों को शिक्षा से दूर करने का हो रहा काम

इसके आलावा सभी छात्रों को घर जाने को कहा है, जिसका एसएफआई लगातार विरोध कर रही है। एसएफआई विश्वविद्यालय इकाई उपाध्यक्ष साहिल ने कहा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस तरह के फरमान निकालकर छात्रों को शिक्षा से दूर करने का काम कर रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन को जहां छात्रों को प्रोत्साहित करना चाहिए था। वहां उल्टा वह हॉस्टलों से बाहर निकाल कर छात्रों को प्रताड़ित करने का काम कर रहे है, जिसके चलते छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# बाबू राम शर्मा दूसरी बार बने भाजपा किसान मोर्चा के मंत्री

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

सुन्नी, तत्तापानी के पूर्व उपप्रधान बाबू राम शर्मा को लगातार दूसरी बार भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला सुंदरनगर का जिला महामंत्री मनोनित किए जाने पर समस्त तत्तापानी के भाजपाइयों ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।



महिला मोर्चा की अध्यक्ष सावित्री वर्मा, निर्मला शर्मा तथा प्रधान तत्तापानी दिनेश वर्मा ने आभार व्यक्त किया और उन्होंने उनके द्वारा किसानों के हितों के पक्ष को मजबूती से रखने की भी

**तत्तापानी के उपप्रधान पद पर रहते हुए अनेक कार्य करवाने में अहम भूमिका निभाई**

उम्मीद जताई, बता दें कि बाबू राम ने तत्तापानी के उपप्रधान पद पर रहते हुए तत्तापानी में अनेक विकास कार्य करवाने में अहम भूमिका निभाई है और उन्हें क्षेत्र में समाज सेवी के तौर पर भी जाना जाता है।

उन्होंने स्वर्गीय सांसद राम स्वरूप शर्मा के माध्यम से घाट निर्माण करवाने और बजट का प्रावधान करवाने में मुख्य भूमिका निभाई है। बहरहाल क्षेत्र में उन्हें लगातार दूसरी बार किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मनोनित करने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर है ।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल आज सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल पांच जनवरी को सायं तीन बजे उपायुक्त कार्यालय सोलन में विधानसभा क्षेत्र सोलन के विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### आंचल और विपिन ने लिया मेगा शिविर में हिस्सा



एनएसएस मेगा शिविर में भाग लेने वाले आंचल और विपिन।

**सोलन।** एनएसएस स्वयंसेवी आंचल और विपिन कुमार ने राज्य स्तरीय सेवा योजना के मेगा शिविर में हिस्सा लिया। हिमाचल प्रदेश से 965 स्वयंसेवियों ने इस शिविर में भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाटगढ़ के दोनों स्वयंसेवियों ने शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन किया। भाटगढ़ स्कूल को पिछले वर्ष ही हिमाचल शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग की ओर से यूनिट प्रदान की गई थी। प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह ने दोनों स्वयंसेवियों को इस शिविर में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दीं। रक्षा शर्मा भी इस वालंटियर्स के साथ शिविर में उपस्थित थी। जिला सह समन्वयक और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाटगढ़ के कार्यक्रम अधिकारी ने यह जानकारी साझा की।

### विजय ठाकुर की याद में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर शॉट लगाते मुख्य अतिथि भूपेंद्र शर्मा।

**अर्की।** पिपलूघाट के गांव पथेड़ में एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब सोखर की ओर से स्व. विजय ठाकुर की याद में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता अर्की भूपेंद्र शर्मा रहे। मुख्यातिथि ने युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित किया व जानकारी दी गई खेल से जंहा युवाओं का शारीरिक विकास के साथ बौद्धिक विकास होता है, वहीं युवा नशे से भी दूर रहते हैं। इस उपलक्ष्य पर सूरजपुर पंचायत प्रधान ओम प्रकाश शर्मा, अधिवक्ता भूपेंद्र किशोर शर्मा, पंचायत समिति सदस्य मनोहर लाल, किरपा राम, पंकज ठाकुर, केशव ठाकुर, भूपेंद्र कौशल व अन्य सभी स्थानीय युवा मौजूद रहे।

# फलदार पौधों पर कहर बरपा रहा कोहरा

## सोलन जिले में सूखे ने बढ़ाई किसान-बागवानों की चिंता, कई क्षेत्रों में नहीं हो पाई गेहूं की बिजाई

**आर मोहन चौहान, सोलन**

लंबे ड्राई स्पेल के कारण तापमान में लगातार गिरावट व वर्षा नहीं होने से रवि की फसल पर खतरा उत्पन्न हो गया है। सोलन जिले में ठंड के कारण पड़ रहा कोहरा गेहूं व फलदार पौधों पर कहर बरपाने लगा है। पिछले करीब डेढ़ माह से वर्षा न होने से किसानों व बागवानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगी हैं।

सोलन जिले में इन दिनों मटर की फसल होती है। वर्षा न होने से फसल पर कोहरे व सूखे की मार पड़ रही है। किसानों को डर है कि यदि आने वाले वाले कुछ दिनों में बारिश नहीं हुई तो उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। लंबे ड्राई स्पेल के कारण बागबान सूखे के डर से अभी नए पौधे लगने से कतरा रहे हैं। किसान-बागवानों को जल स्रोतों के घटते जलस्तर की चिंता सता रही है।

**21 हजार 300 हेक्टेयर पर लगाई जाती है गेहूं की फसल :** जिला सोलन के 21 हजार 300 हेक्टेयर रकबे में रबी की फसलों की बिजाई की जाती है। इसमें से करीब 95 फीसदी क्षेत्र में अक्तूबर में हुई बारिश व सिंचाई के साथ बिजाई का कार्य पूरा कर लिया है। कुछ असिंचित क्षेत्रों में सूखे खेतों में ही गेहूं की बिजाई की गई है। इसके अलावा पांच फीसदी क्षेत्र ऐसा है, जहां अभी तक रबी फसलों की बुवाई नहीं हो पाई है। ऐसे क्षेत्रों में कृषि विभाग लेट वैरायटी बीज डीबीडब्ल्यू-187 बोने की सलाह दे रहा है। इस किस्म जनवरी माह तक बोया जा सकता है। सोलन जिले में रबी की फसलों में गेहूं, जौ, मटर, चना, लहसुन व आलू मुख्य रूप से लगाई जाती हैं।

जिला सोलन में पिछले करीब डेढ़ माह से सोलन जिला में सूखे की स्थिति बनी हुई है। इससे यहां के नालागढ़, अर्की, कसौली, कंडाघाट व सोलन में फसलें सूखे की मार झेल रही हैं। (अनंत ज्ञान)



वर्षा के अभाव में खेत सूखने के कगार पर हैं।

### पाले से पीली पड़ने लगी गेहूं की फसल

सोलन जिले में पांच फीसदी क्षेत्र अभी भी ऐसा है, जहां बारिश न होने के कारण गेहूं की बुवाई नहीं हो पाई। ऐसे क्षेत्रों के लिए कृषि विभाग ने गेहूं की लेट वैरायटी ही लगाने की सलाह दी है। इसके अलावा जिला में लगाई गई गेहूं की फसल बिना बारिश व पाला पड़ने के कारण पीली पड़ने लगी है, जिसके लिए किसान हो सके तो सिंचाई का प्रबंध करें।

### क्या कहना है विशेषज्ञों का

**डॉ. वाईएस परमार यूनिवर्सिटी** नौणी के पर्यावरण विज्ञान विभाग के एचओडी डॉ. सतीश भारद्वाज ने बताया कि आने वाले पांच दिनों में भी बारिश होने की कोई संभावना नहीं हैं और यदि समय बारिश नहीं होती है तो किसानों को काफी नुकसान झेलना पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि नवंबर माह में 11.5 सामान्य बारिश है, जबकि सोलन में महज 6.4 एमएम ही बारिश हुई।

इसी प्रकार दिसंबर माह में 31 से 32 एमएम बारिश सामान्य है, जबकि 0.6 एमएम ही बारिश हुई, जो न के बराबर है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि सिंचित क्षेत्रों में बिजाई से 20-25 दिन बाद सिंचाई का प्रबंध करें व खेतों में यूरिया की पहली मात्रा मृदा स्वास्थ्य कार्ड में दी गई सिफारिश के मुताबिक प्रयोग करें। इसके अलावा असिंचित क्षेत्रों में बारिश के बाद ही यूरिया खाद डालें।

> सोलन जिले के पांच फीसदी क्षेत्र में अभी गेहूं की बुवाई का काम बाकी है। किसान अब डीबीडब्ल्यू-187 की बिजाई करें। सूखे की मार झेल रही फसलों के लिए संभव हो सके तो सिंचाई का प्रबंध करें। सोलन जिला में इस बार नौ हजार 550 क्विंटल बीज किसानों को उपदान पर दिया है।
>
> **-डॉ. सीमा कंसल, जिला कृषि अधिकारी सोलन।**

### जोड़ों के दर्द का शिविर पांच से ददाहू में

**श्रीरेणुका जी।** श्री बालाजी हेल्थ केयर सेंटर कोटकपुरा पंजाब के तत्वावधान में किसान भवन ददाहू नजदीक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जोड़ों के दर्द का इलाज का कैंप लगाया जाएगा। डॉ. अनिल कुमार व विमल कुमार ने बताया कि जर्मनी तकनीक के माध्यम से नी ब्रेस आफ लोडर के द्वारा दोनों घुटनों का इलाज नार्मल चार्ज पर किया जाएगा, जबकि इस कैंप में चेकअप शुल्क नहीं लिया जाएगा।

यह कैंप किसान भवन में पांच से नौ जनवरी तक सुबह 10 से पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा। इलेक्ट्रो होम्योपैथी दवाई के माध्यम से पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी, बालों का झड़ना, एलर्जी, माइग्रेन, गैस कब्ज और जोड़ों के दर्द का इलाज भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक रोगी 10 से पांच बजे तक किसान भवन में आ सकते हैं।

# आर्यन ब्वॉयज ने जीती चौगान में चल रही पवन मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता



क्रिकेट ट्रॉफी के साथ विजेता टीम आर्यन ब्वॉयज के खिलाड़ी व अन्य।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

स्थानीय ऐतिहासिक चौगान में चल रही पवन मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हो गया। आयोजक समिति के सदस्य जेडी ब्रदर्स ने बताया कि 10 दिन तक चली इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर-16 की नौ जूनियर टीमों ने भी अपना खेल का जोहर दिखाया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आर्यन ब्वॉयज और मांजू इलेवन के मध्य खेला गया। मांजू इलेवन की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवरों में सभी विकेट खोकर 62 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्यन ब्वॉयज की टीम ने दो विकेट के नुकसान पर नौवें ओवर में ही 63 रन बनाकर यह प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता के समापन समारोह में राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित शिक्षक एवं स्वर्गीय पवन के पिता भूपेंद्र गुप्ता बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी मंजूषा गुप्ता, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हेमेंद्र गुप्ता और वरिष्ठ नागरिक सुरेंद्र त्यागी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता की विजेता टीम आर्यन ब्वॉयज को 21 हजार रुपए व ट्रॉफी और उपविजेता टीम मांजू इलेवन को 11 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान की। नकुल कालिया को बेस्ट बॉलर के लिए 11 हजार और ट्रॉफी और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार 1100 व ट्रॉफी आर्यन ब्वॉयज के विजय को प्रदान किया गया। इस दौरान जेडी ब्रदर्स, संदीप गुप्ता, हेमराज, अभिषेक गुप्ता, अमरीश सोनी, प्रवीण बंसल और दिवेश गुप्ता, राहुल गौतम, देवेंद्र सहित अन्य उपस्थित रहे।

### न्यूकैसल विवि के प्रतिनिधिमंडल ने किया शूलिनी विश्वविद्यालय का दौरा

# साझेदारी को बढ़ावा देना मुख्य उद्देश्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



शूलिनी विवि के दौरे को पहुंची न्यूकैसल विवि की टीम।

न्यूकैसल विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम के एक प्रतिनिधिमंडल ने शूलिनी विश्वविद्यालय का दौरा किया, जिसमें प्रोफेसर रिचर्ड डेविस, प्रो-वाइस-चांसलर ग्लोबल एंड सस्टेनेबिलिटी, डॉ. आदित्य शर्मा, यूनिवर्सिटी अकादमिक लीड फॉर इंडिया और जो गीरी, यूनिवर्सिटी डायरेक्टर फॉर आसियान स्ट्रैटेजिक डेवलपमेंट एंड एंगेजमेंट शामिल थे। इस यात्रा का उद्देश्य शूलिनी विश्वविद्यालय के साथ रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देना था, विशेष रूप से स्थिरता से संबंधित सहयोगी अनुसंधान पहल पर ध्यान केंद्रित करना। शूलिनी की प्रतिष्ठित रैंकिंग और अभूतपूर्व शोध से प्रभावित होकर प्रतिनिधिमंडल ने उपयोगी सहयोग के लिए अनुसंधान के अवसरों के लिए शूलिनी परिसर का दौरा करने का फैसला किया।

यात्रा के दौरान, चांसलर प्रो. अतुल खोसला ने समग्र कल्याण और अनुसंधान के लिए एक केंद्र की कल्पना करते हुए न्यूकैसल विश्वविद्यालय में योग केंद्र स्थापित करने में गहरी रुचि व्यक्त की। इसके अतिरिक्त प्रोफेसर अतुल ने दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए संकाय बातचीत, संयुक्त अनुदान और छात्र व संकाय आदान-प्रदान के लिए रास्ते प्रस्तावित किए।

शूलिनी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपनिदेशक डॉ. रोजी धानता ने कहा, दोनों विश्वविद्यालयों ने अनुसंधान क्षमताओं और नवाचार को बढ़ाने के उद्देश्य से यूके रिसर्च इनोवेशन, दिल्ली के साथ संयुक्त वित्त पोषण के अवसरों की भी खोज की।

प्रबंधन, बायोटेक और फार्मा विभागों के सहयोग से 2+2 कार्यक्रमों की अवधारणा को भी छात्रों के लिए शैक्षणिक अनुभवों को समृद्ध करने के साधन के रूप में प्रस्तुत किया गया था। चांसलर पीके खोसला ने न्यूकैसल विश्वविद्यालय के सम्मानित अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने शूलिनी विश्वविद्यालय की विश्व स्तरीय प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और उत्कृष्टता के प्रति समग्र प्रतिबद्धता की प्रशंसा की।

### पारितोषिक समारोह में बोले दून के विधायक राम कुमार

# सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में देंगे शिक्षा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

दून विधानसभा क्षेत्र गांव लोदीमाजरा व गुल्लरवाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में दून के विधायक राम कुमार चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

राम कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पहली कक्षा से सभी सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी मीडियम से शिक्षा आरंभ करेगी। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर पहली कक्षा से ही बच्चों को आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए योजना तैयार की गई है, वहीं आईटीआई स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और ड्रोन जैसे पाठ्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार गरीब मेधावी छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा के लिए कम दरों पर ऋण की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार का यह निर्णय छात्रों को प्रतिस्पर्धात्मक युग में आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। महाविद्यालय के निर्माण पर 9.50 करोड़ रुपए व्यय किए गए हैं और छात्रों की सुविधा के लिए उनके प्रयासों से 32 लाख रुपए की लागत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना आरंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत का अनुदान उपलब्ध करवाया जाएगा।

**लोदीमाजरा खेल मैदान पर लगेगा डंगा :** राम कुमार ने समारोह के दौरान कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोदी माजरा के खेल मैदान के लिए लगभग 150 मीटर लंबा डंगा मनरेगा के माध्यम से लगवाने का आश्वासन दिया और स्कूल के लिए वोकेशनल लैब सीएसआर के माध्यम से बनवाने की घोषणा की।

राम कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुल्लरवाला में सीएसआर के माध्यम से निर्मित परीक्षा हॉल का लोकार्पण भी किया। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोदी माजरा तथा गुल्लवाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को अपनी ऐच्छिक निधि से 10-10 हजार रुपए देने की घोषणा की।



दून के विधायक राम कुमार चौधरी स्कूली छात्रों को सम्मानित करते हुए।

# शास्त्री अध्यापक के 31 पदों के लिए काउंसलिंग 10 जनवरी को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

> उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोलन के कार्यालय में प्रातः 11 बजे होगी काउंसलिंग

प्रारंभिक शिक्षा विभाग जिला सोलन के माध्यम से शास्त्री अध्यापक के 31 पदों पर बैचवाइज अनुबंध आधार पर भर्ती के लिए काउंसलिंग अब 10 जनवरी को उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोलन के कार्यालय में प्रातः 11 बजे होगी।

यह जानकारी उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोलन संजीव कुमार ने दी। संजीव कुमार ने कहा कि इन पदों के लिए काउंसलिंग पहले 17 नवंबर को निर्धारित की गई थी, परंतु प्रारंभिक शिक्षा हिमाचल प्रदेश के दिशा-निर्देशों के अनुसार काउंसलिंग पर रोक लगा दी गई थी।

उन्होंने कहा कि जिन अभ्यर्थियों ने 17 नवंबर को काउंसलिंग में भाग लिया था, उन्हें दोबारा काउंसलिंग में भाग लेने की आवश्यक नहीं है। उन्होंने कहा कि 10 जनवरी को आयोजित होने वाली काउंसलिंग में केवल वही उम्मीदवार भाग लें, जिनकी काउंसलिंग अभी तक नहीं हुई है। उपनिदेशक ने कहा कि शास्त्री के इन 31 पदों में से 12 पद अनारक्षित, सात पद अनुसूचित जाति, एक पद अनुसूचित जनजाति, चार पद अन्य पिछड़ा वर्ग, चार पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, एक पद अनुसूचित जाति (बीपीएल), एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग (बीपीएल) तथा एक पद अनुसूचित जनजाति (बीपीएल) श्रेणी में से भरा जाएगा।

उन्होंने कहा कि अंतिम वरियता सूची निदेशालय स्तर पर बीएड के बैच आधार पर तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि चयनित उम्मीदवारों की वरियता एवं उनके द्वारा दी गई प्राथमिकता के आधार पर नियुक्ति के लिए जिला का निर्धारण किया जाएगा। संजीव कुमार ने कहा कि उम्मीदवार अपने गृह जिला में ही काउंसलिंग के लिए उपस्थित हो सकते हैं। अन्य जिले का कोई भी उम्मीदवार काउंसलिंग में भाग नहीं ले सकता है।

उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को अपने गृह जिला में ही काउंसलिंग में भाग लेना होगा और अपने गृह जिला में ही सभी 12 जिलों की प्राथमिकताएं देनी होंगी। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार का गृह जिला उसके द्वारा प्रस्तुत हिमाचली प्रमाण पत्र के अनुसार मान्य होगा।

उपनिदेशक ने कहा कि इस चयन प्रक्रिया में वही उम्मीदवार भाग ले पाएंगे, जो भर्ती एवं पदोन्नति नियम तथा अब तक राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद की ओर से जारी अधिसूचनाओं के तहत निर्धारित योग्यता पूर्ण करते हों। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग से संबंध विस्तृत जानकारी निदेशालय प्रारंभिक शिक्षा व समस्त जिला के उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# अरुण बने हाटी समिति नाहन के अध्यक्ष



बैठक के बाद हाटी समिति की नाहन इकाई के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

वीरवार को हाटी समिति इकाई नाहन जिला सिरमौर की साधारण सभा की बैठक पूर्व अध्यक्ष गीताराम तोमर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में हाटी समिति इकाई नाहन का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके पूर्व अध्यक्ष गीताराम तोमर की अध्यक्षता में तथा केंद्रीय कार्यकारिणी हाटी समिति के पदाधिकारी कुंदन सिंह शास्त्री, सुरेंद्र हिंदुस्तानी, अतर सिंह व गुमान सिंह वर्मा की देखरेख में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अरुण चौहान समराण अध्यक्ष, वेदप्रकाश कमल महासचिव, यशपाल शर्मा वित्त सचिव, जोगिंद्र ठाकुर, लाल सिंह ठाकुर, परवेश चौहान व सीमा चौहान को उपाध्यक्ष, मनीषा शंकवाण, रविंद्र ठाकुर सह सचिव, संजीव ठाकुर (नीटू) प्रेस सचिव, मनोज पुंडीर, विनोद चंदोला, अनिकेत शर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी, उषा देसाई कानूनी सलाहकार, सुरेंद्र हिंदुस्तानी, संतराम राणा, गीताराम तोमर, रण सिंह राणा को मुख्य सलाहकार चुना गया।

इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी में अनुज चौहान, अंकित देवा, नवीन चौहान, प्रवेश ठाकुर, अतुल ठाकुर, आकाश तोमर, अमित ठाकुर, अरुण तोमर, विनोद ठाकुर, विनोद शर्मा, अरुण शर्मा, सुलक्षणा तोमर, मोनिका ठाकुर को कार्यकारिणी के सदस्य नियुक्त किए गए।

नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण चौहान समराण ने कहा कि नई कार्यकारिणी के ऊपर जो भी दायित्व उन्हें सौंपा गया है, वह उस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे तथा नाहन में गिरिपार क्षेत्र के हाटी जनजाति लोगों के बीच जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगे व जल्द ही नई कार्यकारिणी की बैठक भी बुलाई जाएगी।

# मायनाबाग में एक करोड़ से बनेगा डॉ. प्रेम सिंह मेमोरियल स्टेडियम

**अनंत ज्ञान, श्रीरेणुका जी**

विधानसभा क्षेत्र के मायना बाग में एक करोड़ रुपए की लागत से डॉ. प्रेम सिंह मेमोरियल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इस खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए विभिन्न प्रकार की खेल सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।

यह जानकारी उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश विधानसभा विनय कुमार ने रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान थाना खेगवा में जनसमस्याएं सुनते हुए दी। उन्होंने स्टेडियम निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए की धनराशि मुहैया करवाने के लिए प्रदेश के लोक निर्माण एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार जताया है।

विनय कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के अधिकतर मामलों का निपटारा मौके पर ही कर दिया गया है, बाकी शेष को शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित विभाग को भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आरंभ किया जा रहा है, जिसके तहत आठ जनवरी को हरिपुरधार से श्रीरेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के लिए यह कार्यक्रम आरंभ किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सरकार की जन हितेषी योजनाओं और कार्यक्रमों की व्यापक जानकारी जनता को देने के साथ ही, उनकी विभिन्न समस्याओं का समाधान मौके पर करने के प्रयास किए जाएंगे। विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधिमंडलों ने विनय कुमार से भेंट कर अपनी समस्या से उन्हें अवगत करवाया।

विनय कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।



विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार को समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र देते ग्रामीण।

**आयोजन**

### अर्की सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी किए सम्मानित

# ईशा ठाकुर को मिला स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, अर्की**

शहीद कैप्टन विजयंत थापर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया। इसमें शिक्षा उपनिदेशक डॉ. जगदीश नेगी मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सबसे पहले विद्यालय में बच्चों की मॉडल प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और इसका अवलोकन किया।

वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होने के बाद दीप प्रज्जवल व सरस्वती वंदन किया गया। मुख्य अतिथि सम्मान के बाद विभिन्न छात्राओं ने भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन कार्यक्रमों का मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों व अभिभावकों ने भरपूर आनंद उठाया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को जीवन में सफलता के सूत्र दिए। इस अवसर पर जमा दो कला संकाय से कृतिका प्रथम, सताक्षी जमा दो द्वितीय तथा नेहा और भैरवी जमा दो तृतीय रहीं।




कार्यक्रम में मेधावियों को सम्मानित करते अतिथि।

वाणिज्य संकाय में पायल वर्मा जमा दो प्रथम, सपना द्वितीय, दिया तृतीय, जमा दो साइंस में दिया गौतम प्रथम, सहेली सरकार द्वितीय व इष्ट तृतीय, जमा एक कला संकाय में ईशा प्रथम, यशस्वी द्वितीय व भूमिका तृतीय, जमा एक वाणिज्य संकाय में रिया ठाकुर प्रथम, आस्था शर्मा द्वितीय, शिवानी शर्मा तृतीय, जमा एक साइंस में मिताली प्रथम, प्रियंका ठाकुर द्वितीय, रुचिका ठाकुर तृतीय, दसवीं कक्षा में भूमिका पंवर प्रथम, हर्षिता पाल द्वितीय तथा समृद्धि वर्मा तृतीय, नौवीं कक्षा में कोमल प्रथम, कामना द्वितीय, जागृति ठाकुर तृतीय, आठवीं कक्षा में खुशी शर्मा प्रथम, सानिया द्वितीय, प्रीति शर्मा तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित हुई। सानिया, इशा, परिधि, मानसी, अंजलि, राधिका, दिवांशी, दीक्षा, मोनिका और गरिमा को राज्य स्तरीय कल्चर प्रोग्राम में अंडर-14 में भाग लेने के लिए सम्मानित किया गया।

खुशी शर्मा व भावना को स्काउट एंड गाइड में भाग लेने के लिए सम्मानित किया गया। एनएसएस मेगा का कैंप में भाग लेने के लिए स्नेहा व हर्षिता पाल को सम्मानित किया गया। ईशा ठाकुर और रिया ने वर्षभर पूर्ण उपस्थितियों के लिए इनाम प्राप्त किया।

भूमिका, निष्ठा और रोहिणी ने संस्कृत गीतिका ने जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मान प्राप्त किया। इसी कड़ी में भूमिका, खुशबू और रोहिणी ने संस्कृत श्लोक में जिलाभर में प्रथम आने पर सामान प्राप्त किया। आर्केस्ट्रा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए भूमिका, रोहिणी, दीपिका, हिना, संजना, यशस्वी, आयुषी, नीलम, निष्ठा और सुरभि को सम्मानित किया गया। एकांकी में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त करने पर पूर्व तनीषा, भूमिका, जागृति, दिव्या, प्रेरणा, अर्पिता, सुरभि, सारांशी और हिमांशी को सम्मानित किया गया।

भूमिका को कला उत्सव में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना तथा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन में चयनित होने के लिए सम्मानित किया गया। लक्ष्मी बाई हाउस को प्रथम स्थान का सम्मान प्राप्त हुआ तथा इशा ठाकुर को स्टूडेंट ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार के साथ-साथ राजकीय वेस्ट माध्यमिक पाठशाला छात्र अर्की के प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम, लालचंद पाल, रविंद्र शर्मा, सेवानिवृत्त शास्त्री भार्गव, राजेंद्र गुप्ता, सेवानिवृत्त पीईटी राजेश गुप्ता, सेवानिवृत्त डीपी सुरेंद्र त्यागी, रोशन वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

# विंटर कार्निवाल का तीसरा दिन
# मनाली की मनु रंगशाला में दिखी देशभर की संस्कृति की झलक






राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल के तीसरे दिन मनाली में मनुरंगशाला में रैंप पर फैशन के जलवे बिखेरती स्थानीय महिलाएं।



प्रस्तुति देने के बाद वाद्य यंत्र के सदस्य सामूहिक चित्र में।



पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह व उनके साथ मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ व अन्य।

**कमलेश वर्मा, मनाली**

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल की धूम से पर्यटन नगरी मनाली की मनु रंगशाला रंगीन हो गई है। मनु रंगशाला में देशभर की संस्कृति की झलक देखने को मिल रही है। देश के विभिन्न राज्यों जम्मू-कश्मीर, गुजरात, मध्यप्रदेश, पंजाब और चंडीगढ़ के कलाकारों सहित हिमाचल प्रदेश के हर कोने से आए कलाकार अपनी-अपनी संस्कृति से लोगों को रू-ब-रू करवा रहे हैं। इसी कड़ी में वीरवार को कार्निवाल के तीसरे दिन मनाली की मनुरंगशाला में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतिस्पर्धाओं का दौर जारी रहा, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

इस अवसर पर लोकनृत्य प्रतियोगिता में जम्मू, कुल्लू सांस्कृतिक कला संगम और मनु हडिंबा क्लब मनाली के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी। फिल्म डांस न्यू में और जम्मू के कलाकार, रुद्र द अल्टीमेट ग्रुप कुल्लू और परफेक्ट डांस स्टूडियो जम्मू के कलाकारों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। वही, टैलेंट शो में शांगल म्यूजिकल ग्रुप गोहर, द वॉरियर्स कुल्लू, सपरॉक्स, ड्रीम टू फ्लाई द स्टूडियो और फ्लाइंग स्टेप्स जम्मू, नित्यांगना क्लास संस्कृत मंच नगर और परफेक्ट डांस स्टूडियो जम्मू की ओर से प्रतियोगिता में भाग लिया गया। वहीं, क्लासिकल में वॉरियर्स कुल्लू, नृत्यांगना कला संगम मंच नगर और परफेक्ट डांस स्टूडियो जम्मू के कलाकारों ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी।

वहीं, फैशन शो में औरा, मनु हडिंबा क्लब मनाली, कुल्लू सांस्कृतिक दल ने प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। फैशन शो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उधर, विंटर कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने कहा कि विंटर कार्निवाल को सफल बनाने के यथा संभव प्रयास किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## रस्साकशी में हिडिंबा महिला मंडल दिदरी प्रथम

**विंटर** कार्निवाल में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। वहीं, खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में हिडिंबा महिला मंडल दिदरी की महिलाओं ने रस्साकशी प्रतियोगिता में जिंदौड की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्थानीय पंचायत के प्रधान हीरा लाल ठाकुर , पंचायत समिति सदस्य गणेश ठाकुर व वार्ड सदस्य नरेंद्र ठाकुर ने महिला मंडल की सभी महिलाओं को बधाई दी। वहीं, बास्केटबाल व वॉलीबाल प्रतियोगिता भी रौचक दौर में पहुंची गई है। वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए 15 टीमें भाग ले रही हैं। वीरवार को आयोजित पहले राउंड में एसडीएम मनाली टीम व ओल्ड मनाली का मुकाबला हुआ, जिसमें ओल्ड मनाली ने अगले राउंड में प्रवेश किया। बास्केटबाल में 10 टीमें भाग ले रही हैं। हिमालयन बोरियर और कुल्लू तथा स्वामी ब्रदर व भुंतर की टीमों में सेमी फाइनल मुकाबला हुआ। खेलों के प्रभारी डोला ठाकुर व देश राज, अमर राजा, नील चंद व धर्मपाल ने बताया कि सभी प्रतियोगिताएं रौचक दौर में पहुंच गई हैं। वॉलीबाल की प्रथम टीम को 21 व दूसरे स्थान वाली टीम को 12 हजार व ट्रॉफी, जबकि बास्केटबाल की विजेता टीम को 15 हजार व दूसरे स्थान वाली टीम को आठ हजार व ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। सभी खिलाड़ियों को कार्निवाल के समापन समरोह में विधायक भुवनेश्वर गौड़ के हाथों सम्मानित किया जाएगा।

### वॉयस ऑफ कार्निवाल में टॉप-15 में पहुंचे प्रतिभागी

**विंटर** कार्निवाल में चल रही वॉयस ऑफ कार्निवाल में 25 प्रतिभागियों में से अब 15 प्रतिभागी टॉप 15 में हैं, जिनमें दीपक चौहान, गुलशन, लक्ष्मी ठाकुर, कुणाल सूद, रवि शांडिल, हरीश ठाकुर, अमित ठाकुर, आस्था, संजय पुजारी, स्मृति, शैलेष, विवेक मौर्य, तरुण कौशल, लकी, करिश्मा ठाकुर शामिल हैं।

### जगह-जगह पर्यटकों के लिए अलाव का प्रबंध

**ठंड** से बचने के लिए प्रशासन की ओर से माल रोड मनाली में जगह-जगह अलाव का प्रबंध किया गया है। पर्यटक जहां माल रोड पर बने मंच पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में झूम रहे हैं। वहीं, ठंड लगने पर अलाव का सहारा भी ले रहे हैं।





(ऊपर) राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में मनाली की मनु रंगशाला में प्रस्तुति देते कलाकार तथा (नीचे) उमड़ी लोगो की भीड़।

## कुलदीप शर्मा की नाटियों पर थिरके दर्शक

**विंटर** कार्निवाल मनाली 2024 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या पर नाटी किंग कुलदीप शर्मा के गीतों पर मनुरंगशाला में खूब रौनक रही। दूसरी सांस्कृतिक संध्या पर मुख्यातिथि के तौर पर प्रदेश सरकार के पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने अपने संबोधन में कुल्लू की समृद्ध संस्कृति तथा लोक परंपरा के संरक्षण की अपील की। आयोजन समिति की ओर से विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मुख्यातिथि का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव देवेंद्र नेगी, एसडीएम एवं विंटर कार्निवाल आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रमण कुमार शर्मा सहित विभिन्न गणमान्य जन उपस्थित थे।

### महिलाओं ने रैंप पर बिखेरे जलवे

**राष्ट्र** स्तरीय विंटर कार्निवाल के तीसरे दिन मनु रंगशाला में महिलाओं ने फैशन शो के दौरान रैंप पर खूब जलवे बिखेरे। लगभग एक घंटे तक चली इस प्रतियोगिता में छह महिला मंडलों ने अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए। फैशन शो के माध्यम से महिलाओं ने पारंपरिक पट्टू, धाठु, गले में चांदी का चंद्रहार सोने का, गोखड़ू, बाजूबंद व पाजेब पहनकर अपनी प्राचीन संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। महिला मंडल मथियाना वशिष्ट फैशन शो प्रतिगोगिता की शुरुआत की।

### बेबी शो प्रतियोगिता में आर्ष वैद रहा प्रथम

**वीरवार** को विंटर कार्निवाल में बेबी शो प्रतियोगिता आयोजित की गइ, जिसमें नौ महीने का आर्ष वैद मनालीवासी विजेता रहा। यह मुकाबला तीन बच्चों के बीच हुआ।

## हर हाथ अनंत ज्ञान




सुरेंद्र ठाकुर, निवासी ढालपुर कुल्लू अपने ढाबे में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।




लुदर मणि निवासी चामुंडा नगर फुर्सत के समय अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।




सुआरी देवी, निवासी कुल्लू ढालपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।




कुलदीप ठाकुर निवासी यंगथांग ढालपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# दो माह से ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पिछले दो माह से शिला-तराशी सड़क के निर्माण का कार्य कर रहे ठेकेदार की लापरवाही से बाड़ी, जैंडी और पतलीकूहल के ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर है। ग्रामीणों ने कई बार जल शक्ति विभाग से नालों से दूषित पानी आने की शिकायत दर्ज की है, लेकिन स्थिति में अभी तक कोई सुधार नहीं हुआ है। शिला-तराशी सड़क के निर्माण कार्य से निकल रहे मलबे को ठेकेदार द्वारा चिन्हित जगह में न फैंक कर बाड़ी, जैंडी और पतलीकूहल को पेयजल की आपूर्ति करने वाले स्रोत वाली जगह फैंका जा रहा है।

गौर करने वाली बात है कि जिस जगह ठेकेदार द्वारा मलबा फैंका जा रहा है वह जगह सड़क से निकलने वाले मलबे के लिए चिन्हित ही नहीं की गई है। वन विभाग और लोक निर्माण विभाग इस पर चुप्पी साधे बैठे हैं और ठेकेदार बिना रोक-टोक के अपनी मर्जी से जहां मन किया वहां मलबा फैंक रहा है। पेयजल स्रोत से यदि इस फैंके हुए मलबे को समय रहते साफ नहीं किया गया तो लोगों को अगले तीन चार वर्षों तक दूषित पानी पीने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस कच्चे मलबे से वन संपदा को तो नुकसान पहुंचा ही है साथ ही जैंडी गांव के कुछ क्षेत्र को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों बुद्धि सिंह, राज कुमार, लोत राम, संजीव, राकेश, हेम राज, ओम प्रकाश ने कहा कि नलकों में बहुत ही गंदा पानी आ रहा है जिस कारण उन्हें पानी को छान और उबाल के पीना पड़ रहा है। उन्होंने चिंता प्रकट करते हुए बताया कि कैसे ठेकेदार ने मलबे को पेयजल आपूर्ति के स्रोत में मलबा फैंक दिया। जल शक्ति, वन और लोक निर्माण विभाग को इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए शीघ्र ही कार्रवाई करनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)



शिला-तराशी सड़क के निर्माण के दौरान निकाले गए मलबे के दृश्य।

> **ठेकेदार** को निर्देश दिए हैं कि इस स्थान पर मलबा न फैंके और जो मलबा अभी तक फैंका है उसे शीघ्र साफ करें। ठेकेदार द्वारा मलबा फैंकने के कारण अब यह मलबा पेयजल आपूर्ति वाले स्थान पर पहुंच गया है, जिस कारण पानी दूषित हो रहा है। विभाग लोगों को स्वच्छ पानी देने का पूर्ण प्रयास कर रहा है।
> -योगेश,एसडीओ, जल शक्ति विभाग, कटराईं

> **शिकायत** मिलने के बाद ठेकेदार को काम बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। मौके पर जाकर फैंके गए मलबे को साफ करने की संभावना तलाश कर पेय जल स्रोत को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।
> -केडी कश्यप, एसडीओ, लोक निर्माण विभाग कटराईं

## न्यूज ब्रीफ

### 'नोखु जो लगी फोना री बीमारी' एलबम का विमोचन

**मनाली** । हिमाचल कांग्रेस के सचिव देवेंद्र नेगी ने आज पर्यटन नगरी मनाली में 'नोखु जो लगी फोना री बीमारी' वीडियो एलबम का विमोचन किया। कुल्लू के मशहूर कलाकार आईएस चांदनी ने यह वीडियो एलबम बनाया है। आज विमोचन समारोह में बतौर मुख्यातिथि देवेंद्र नेगी ने आईएस चांदनी के कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस वीडियो से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाएगा और स्मार्ट फोन को जरूरत अनुसार ही प्रयोग में लाएंगे। उन्होंने बच्चों को मोबाइल से दूर रहने और मोबाइल से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने घाटी वासियों से आग्रह किया कि इस वीडियो एलबम को देखें और सीख लेकर मोबाइल का कम प्रयोग करें। इस दौरान अनुसूचित जाति कांग्रेस के उपाध्यक्ष गोकल चंद, पर्यावरण प्रेमी किशन लाल, डीपीआरओ कुल्लू, प्रेस क्लब कुल्लू के अध्यक्ष धनेश गौतम, मनाली के अध्यक्ष नरेंद्र अंगारिया मौजूद रहे।

### तुलसी राम और ठाकर दास बने महामंत्री

**कुल्लू** । भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा कुल्लू मंडल ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है। किसान मोर्चा कुल्लू मंडल के अध्यक्ष प्रवीण राणा ने शीर्ष नेतृत्व से चर्चा करने के बाद कार्यकर्ताओं को नियुक्तियां प्रदान की गई हैं और यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं। मंडल अध्यक्ष प्रवीण राणा ने बताया कि उपाध्यक्ष के पद पर खिमी राम देहनी धार, राजकुमार वनाशा, यशपाल सिंह भूमतीर, सुरेंद्र सिंह सौंखला खोखन, मेहर चंद चौंग, महिंद्र ठाकुर छैउंर, गोविंद सिंह पिरड़ी को नियुक्त किया गया है। महामंत्री के पद पर तुलसी राम छमाहण और ठाकर दास बड़ी नेरी को नियुक्त किया गया है। मंडल में सचिव के पद पर नेत्र सिंह हुरण, यशवंत सिंह माशना, यान सिंह टाहुक, राम सिंह वागावाई, बोध राज खलोगी, चुन्नी लाल चौज, विनोद ठाकुर कोलीवेहड़ को नियुक्त किया गया है। सुंदर ठाकुर शालंग को कोषाध्यक्ष, भवानी प्रसाद शर्मा माहिश कार्यालय सचिव, चमन लाल प्रवक्ता, तेजा सिंह बुआई सह-प्रवक्ता, राकेश कुमार बड़ा भूईन को मीडिया प्रभारी, जगदीश पराशर बदाह सह-मीडिया प्रभारी, फतेह चंद राणा चताणी सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा किसान मोर्चा में कार्यकारिणी सदस्य के लिए रूप चंद देहनीधार, नानक चंद पारला सेरी, चेत राम जौली आदि को नियुक्त किया गया है।

### 398 ग्राम चरस के साथ दो नेपाली गिरफ्तार

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में चरस तस्करी के मामले में दो नेपाली गिरफ्तार किए हैं। पुलिस जानकारी के अनुसार पहले मामले में पुलिस चौकी जरी की टीम ने कैंची मोड डुंखरा में एक व्यक्ति लोकेंद्र बहादुर पुत्र अनुरूप साही निवासी गांव जुनीचांडी, आंचलबेरी जिला जाजर नेपाल उम्र 20 वर्ष के कब्जा से 193 ग्राम चरस बरामद की है। जबकि दूसरे मामले में भी पुलिस चौकी जरी की टीम ने डुंखरा-मलाणा सड़क में एक व्यक्ति जनक शाही पुत्र बीर बहादुर शाही निवासी गांव कोरतांग, डा. पंचाला, आंचलबेरी जिला जाजर नेपाल 19 वर्ष के कब्जा से 205 ग्राम चरस बरामद की है। उधर, एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है।

# निथर में जल्द बनेगा पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता का कार्यालय भवन

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

▶ भूमि का किया चयन, 30 वर्षों से लोनिवि के रेस्ट हाउस में चल रहा कार्यालय

पिछले 30 वर्षों से रेस्ट हाउस से चल पीडब्ल्यूडी के निथर सबडिवीजन को जल्द ही अपना भवन मिल जाएगा। इसके लिए कवायद शुरू हो गई है। वीरवार को राजस्व विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग, पंचायत प्रतिनिधियों और अन्य लोगों की उपस्थिति में निथर में सहायक अभियंता कार्यालय के लिए जगह का चयन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला जन शिकायत निवारण कमेटी कुल्लू के सदस्य जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि विभागीय आदेशों के बाद पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता के कार्यालय के लिए वांछित करीब एक हेक्टेयर से ज्यादा की भूमि निथर से कोयल को जाने वाली सड़क के जीरो प्वाइंट के समीप वन भूमि का चयन किया गया है। इस दौरान राजस्व विभाग से यशवंत, पीडब्ल्यूडी के एसडीओ कमल धीरटा, जेई हिमांशु कटोच और लेख राज, निथर पंचायत के प्रधान जगदीश, जिज्ञासा फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप रंगून, सेवानिवृत्त सैनिक प्रेम आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि भूमि का चयन करने के बाद अब इसकी ज्वाइंट इंस्पेक्शन के लिए अप्लाई किया जाएगा। इसके बाद फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए केस भेजा जाएगा।

आपको बता दें कि निथर को मई 1994 में पीडब्ल्यूडी का सब डिवीजन कार्यालय मिल गया था। इसके बाद वैकल्पिक तौर पर निथर स्थित पीडब्ल्यूडी के रेस्ट हाउस से ही सहायक अभियंता के कार्यालय का संचालन शुरू हुआ, जो कि पिछले तीस वर्षों से लगातार होता आ रहा है, लेकिन अब यह उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही पीडब्ल्यूडी के निथर सबडिवीजन के सहायक अभियंता का अपना कार्यालय भवन होगा। (अनंत ज्ञान)



समन्वय समिति की बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए उपायुक्त।

# हर स्कूल के दो शिक्षक बनेंगे हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसेडर

## मिजल्स-रूबेला उन्मूलन व स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त कार्यालय में मिजल्स-रूबेला उन्मूलन तथा स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक उपायुक्त आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपायुक्त ने बताया कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) तथा यूनिसेफ के अनुमान के मुताबिक देशभर में इस कार्यक्रम में पहली खुराक के अंतर्गत 82 प्रतिशत बच्चों को कवर किया गया था।

इस अभियान के अंतर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को यह टीका लगाया गया। अगर बच्चे ने पहले भी टीका लिया है तो भी उसे टीका दिया गया। उन्होंने कहा कि खसरा रोग के उन्मूलन तथा रूबेला को नियंत्रित करने के लिए बच्चों को यह टीका दिया जाना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि रूबेला एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। यदि कोई महिला गर्भावस्था के शुरुआती चरण में इससे संक्रमित हो जाए तो कंजेनाइटल रूबेला सिंड्रोम (सीआरएस) हो सकता है जो उसके भ्रूण तथा नवजात शिशु के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

बैठक में स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। इसके तहत हर विद्यालय से दो शिक्षकों (एक महिला व एक पुरुष) को हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसेडर बनाया जाएगा। इन्हें स्वास्थ्य व्यवहार को बढ़ावा देने और रोगों के रोकथाम के लिए प्रशिक्षित भी किया जाएगा। हेल्थ एंड वेलनेस एंबेसेडर हर हफ्ते एक घंटा रोचक गतिविधियों के माध्यम से सत्र आयोजित करेंगे। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा नागराज पंवार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ नरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी डाइट सुरेंद्र शर्मा, उप निदेशक उच्च शिक्षा शांति लाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस पदम देव शर्मा सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।



समन्वय समिति की बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए उपायुक्त।

**दुविधा** | पता नहीं यह पानी सीवरेज का है या पेयजल पाइप से हो रहा लीक

# सरवरी में सड़क पर बह रहा पानी, लोग परेशान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू शहर के सरवरी पुल के समीप एकांत आश्रम के नजदीक सड़क पर लगे पेबर के नीचे से पानी व्यर्थ बह रहा, लेकिन विभाग इसका कोई समाधान नहीं निकाल पाया है।

पिछले दो दिनों से लगातार सरवरी एकांत आश्रम के नजदीक ज्वेलरी शॉप के सामने सड़क पर लगे पेबर के नीचे से पानी बाहर बह रहा है, जिस कारण लोगों को चलने-फिरने में परेशानी हो रही है। हालांकि इस बारे में संबंधित विभाग को सूचना दी गई थी और विभाग के कर्मचारियों ने पेबर उखाड़ कर मरम्मत करने की कोशिश भी की, लेकिन अभी तक पानी वैसे ही निकल रहा है। दुकानदारों का कहना है कि विभाग के कर्मचारियों के द्वारा मरम्मत करने की कोशिश की गई मगर अभी तक किसी को समझ नहीं आया है कि पानी सीवरेज का लीक हो रहा है या फिर पेयजल की पाइप टूटी है। इस दौरान कर्मचारियों ने एक-दो जगह पर खुदाई भी की मगर कोई हल नहीं निकल पाया है। दुकानदारों का कहना है कि विभाग जल्द से जल्द इस समस्या का हल करे। (अनंत ज्ञान)



सरवरी में सड़क के नीचे से सड़कों पर बहते पानी का दृश्य।

> **मामला** मेरे ध्यान में नहीं था, यदि ऐसा है तो विभाग के कर्मचारियों को मौके पर भेज कर इस समस्या का समाधान करने की कोशिश करेंगे।
> -अमित मिरुपा, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग कुल्लू

## न्यूज ब्रीफ

### मोनिका आरडी परेड में लेगी भाग



चयनित छात्रा को सम्मानित करते हुए।

**सुंदरनगर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या सुंदरनगर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की दो स्वयंसेवी छात्राओं मोनिका व कोमल का चयन राज्य स्तर के मेगा कैंप के लिए हुआ है। बता दें कि राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल थाना लॉन्ग जिला ऊना में आयोजित कैंप में यह चयन हुआ है। कड़ी मेहनत के पश्चात स्वयंसेवी मोनिका का चयन आरडी परेड कैंप के लिए हुआ है। प्रधानाचार्य चंपा ठाकुर ने बताया कि यह स्कूल के लिए गर्व का विषय है। पाठशाला पहुंचने पर प्रधानाचार्य ने स्वयंसेवी छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### अनामिका-हिमाशी के चित्र सबसे सुंदर



कन्या स्कूल में सड़क सुरक्षा दिवस के दौरान मौजूद प्रतिभागी।

**मंडी।** राजकीय कन्या स्कूल मंडी में सड़क सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य भाग सिंह ठाकुर मौजूद रहे। सड़क सुरक्षा प्रभारी नीलम व लोकपाल ने बताया कि इस मौके पर नारा लेखन, चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा प्रभारी नीलम ठाकुर ने सड़क सुरक्षा की जानकारी प्रदान की। इस दौरान सह प्रभारी लोकपाल के नेतृत्व में रैली भी निकाली गई। नारा लेखन में रिद्धिमा और साहिना प्रथम, श्रद्धा और भाविका द्वितीय स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता में अनामिका और हिमाशी प्रथम, तनिशा और तानिया द्वितीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में समानता और आंचल प्रथम, सिमरन और कनिष्ठा द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्तियों में संजय कुमार, सरवण कुमार, भुवनेश्वरी बरनाल, नीता धवन उपस्थित रहे।

### छात्रों को बताए सड़क सुरक्षा नियम



सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली रैली के दौरान छात्र सामूहिक चित्र में।

**सरकाघाट।** सरकाघाट स्कूल में डीएसपी संजीव गौतम ने रोड सेफ्टी क्लब के तहत विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने लगभग उस हर एक पहलू पर बात की, जिससे हर एक नागरिक अपने आपको किसी भी हादसे से सुरक्षित रख सकता है। सरकाघाट स्कूल के रोड सेफ्टी क्लब की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया द्वारा की गई। रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी डॉ. राहुल सुमन ने बताया कि छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी एवं जागरूकता के लिए सरकाघाट बाजार में रैली निकाली गई। इसमें एनसीसी एनएसएस स्काउट एंड गाइड के साथ सदस्यों तथा अध्यापकों ने भी भाग लिया और अन्य विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई। अंत में डीएसपी ने सभी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए।

### नशा माफिया के खिलाफ उतरी एबीवीपी



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता।

**सुंदरनगर।** एबीवीपी संगठनात्मक जिला सुंदरनगर के कार्यकर्ताओं ने वीरवार को एसडीएम सुंदरनगर के माध्यम से प्रदेश में बढ़ रहे नशा माफिया के खिलाफ मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। इसमें विद्यार्थी परिषद ने मांग की है कि प्रदेश में बढ़ रहे नशा माफिया के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए व नशे की रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक समिति का गठन जल्द से जल्द किया जाना चाहिए। अभाविप जिला संयोजक साक्षी ठाकुर ने कहा कि पिछले कुछ समय से नशा माफिया प्रदेश में सक्रिय हो गया है। प्रदेश के गांवों, शहरों व शिक्षण संस्थानों में नशे की लत गहरी जड़ें जमा चुकी हैं, जिसके चलते प्रदेश में आए दिन कई दुर्घटनाएं व आपराधिक मामले देखने को मिल रहे हैं।

### मोदी सरकार ने चलाई कल्याणकारी योजनाएं

**मंडी।** भाजपा किसान मोर्चा जिला मंडी की बैठक पंडोह में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दलीप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा कल्याणकारी योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने का काम करेगा। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों के हित के बारे में सोचने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब से प्रधानमंत्री बने हैं तब से किसानों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। दलीप ने कहा कि आने वाले समय में नमो कबड्डी मैच करवाया जाएगा। बैठक में जिला भाजपा महामंत्री संजय ठाकुर, अभिनव गुलेरिया प्रदेश सोशल मीडिया सह संयोजक, सचिव भागीरथ घरवाल, जिला महामंत्री जोधबीर, नवीन गुलेरिया, सिराज मंडल अध्यक्ष दुर्गा सिंह, अमर सिंह, कौल सिंह उपस्थित रहे।

# बायोमीट्रिक हाजिरी न लगने से रुका कर्मियों का वेतन

## एसपीयू मंडी में विरोधाभासी बयान दे रहे रजिस्ट्रार और वित्त अधिकारी

**पुष्पराज, मंडी**

शुरू से ही विवादों में रही सरदार पटेल यूनिवर्सिटी एक बार फिर चर्चा में आ गई है। मामला इस बार अधिकारियों की खींचतान में उलझ कर रह गया है। वीरवार को एसपीयू की प्रति कुलपति प्रो. अनुपमा सिंह ने कहा कि बायोमीट्रिक हाजिरी न लगने की वजह से वेतन रुका हुआ है।

यह पूछे जाने पर कि क्या विश्वविद्यालय में बायोमीट्रिक हाजिरी का प्रावधान है, तो उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय शिमला के आदेश पढ़े तो उसमें स्कूल और कॉलेज को लेकर स्पष्ट ,आदेश हैं, लेकिन विश्वविद्यालय को लेकर कुछ नहीं कहा है। उन्होंने कहा कि इसके पश्चात हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में पता किया गया तो वहां भी बायोमीट्रिक हाजिरी नहीं लगती है। इसलिए हम एचपीयू को ही फोलो कर रहे हैं। यदि सभी विश्वविद्यालयों को लेकर सामूहिक आदेश आते हैं, तो एसपीयू में सबसे पहले बायोमीट्रिक हाजिरी लागू की जाएगी। वहीं इस बारे में जब रजिस्ट्रार मदन कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि इस बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है, वित्त अधिकारी ही कुछ बता पाएंगे। इसके पश्चात वित्त अधिकारी प्रमोद जसवाल ने कहा कि मैं रजिस्ट्रार के आदेशों का पालन करता हूं, जो उनके आदेश होंगे वे मान्य होते हैं। (अनंत ज्ञान)




### 20 फाइलें पेंडिंग

प्रति कुलपति प्रो. अनुपमा सिंह ने कहा कि रजिस्ट्रार के दफ्तर में 20 फाइलें पेंडिंग पड़ी हैं। केवल बायोमीट्रिक की फाइल पर ही ध्यान देना उचित नहीं है। विचाराधीन 20 फाइलों को निपटाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि बायोमीट्रिक लगाना ही है तो सामूहिक आदेश सभी विश्वविद्यालयों को दिए जाएं। उन्होंने कहा कि ईसी की बैठक पिछले एक साल से और एफसी की बैठक जब से सरदार पटेल विश्वविद्यालय बना है, तबसे लेकर आज तक नहीं हुई है। अहम फैसले बैठक न होने की वजह से नहीं हो पा रहे हैं।

### जोगिंद्रनगर में मंत्री यादवेंद्र गोमा का स्वागत



**जोगिंद्रनगर।** कैबिनेट मंत्री यादवेंद्र गोमा का मंडी कांगड़ा सीमा घट्टा, बीड़ रोड, सुकाबाग और जोगिंद्रनगर पहुंचने पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, कांग्रेस युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ ठाकुर, कांग्रेस पार्टी कमेटी उपाध्यक्ष गुरु शरण परमार, नगर पार्षद प्रशांत शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति व काशी राम शामिल रहे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री यादवेंद्र गोमा ने कहा कि जोगिंद्रनगर की जनता की जो भी मांगें होंगी वह कैबिनेट मीटिंग में रखी जाएंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जनता को गुमराह करके राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं। अपने कार्यकाल में भाजपा सरकार आयुष अस्पताल तक नहीं बनवा पाई, जिसके लिए पैसा मिल चुका था। इसके पूरे प्रदेश को 550 बैडिड अस्पताल का नुकसान हुआ है।

### दोबारा मौका दे एसपीयू प्रशासन

**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में यूजी प्रथम वर्ष के पुन: मूल्यांकन के खराब परिणाम के लिए विद्यार्थी परिषद ने प्रति कुलपति को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी ने प्रति कुलपति को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मांग रखी गई कि जो छात्र तीन विषयों में फेल हुए हैं उन्हें दोबारा से एक मौका दिया जाए, क्योंकि अधिकतम छात्र तीन विषयों में ही फेल हुए हैं। एबीवीपी ने यह भी मांग रखी कि जो छात्र अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं हैं विश्वविद्यालय प्रशासन उन्हें उनकी मुद्रित उत्तर पुस्तिका प्रदान करे। विवि इकाई अध्यक्ष हर्षित मिन्हास ने कहा कि विद्यार्थी परिषद सभी छात्रों को भरोसा दिलाती है कि रिजल्ट के इस मुद्दे को लेकर वे छात्रों की हर समस्या का समाधान करेंगे।

# न्यू क्रिसेंट स्कूल गरोरू के 20 मेधावियों ने हासिल किए टैबलेट

## प्रधानाचार्य और स्कूल निदेशक ने विद्यार्थियों को दी बधाई

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



स्कूल निदेशक विजय शर्मा व प्रधानाचार्य शशि किरण छात्रों को सम्मानित करते हुए।

शैक्षणिक खेल जगत तथा सामाजिक सरोकारों मैं सदैव अव्वल रहने वाले न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल गरोरू के मेधावी बच्चों ने सरकारी योजनाओं का भी भरपूर लाभ उठाया है।

स्कूल के 20 होनहार विद्यार्थियों को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा मेरिट में आने पर हिमाचल सरकार से टैबलेट हासिल हुए है। दसवीं कक्षा से वंशिका ठाकुर, अनु ठाकुर, अमृता, काजल, मृणाल, प्रशांत, शांभवी शर्मा, अर्चिता शर्मा, अतुल कुमार, शिवांग, मधु ठाकुर, गार्गी शर्मा, राघव सिंह, अंकिता ठाकुर, आदित्य भारद्वाज, क्षितिज गुरुंग, अंकिता शर्मा, सोनाक्षी देवी तथा बारहवीं कक्षा से नंदिनी ठाकुर और श्रेया ठाकुर को टैबलेट प्राप्त हुए है। स्कूल प्रधानाचार्य शशि किरण ने बच्चों की इस शानदार सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कठोर परिश्रम और निरंतर प्रयास करते हुए विद्यार्थी अपने निर्धारित मुकाम पर पहुंच सकता है। स्कूल निदेशक विजय शर्मा ने टैबलेट प्राप्त विद्यार्थियों को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया तथा आशा व्यक्त की कि ये विद्यार्थी भविष्य में इस तरह की उपलब्धियां प्राप्त करते रहेंगे।

प्रधानाचार्य और स्कूल निदेशक ने सभी टैब प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा स्टाफ सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। (अनंत ज्ञान)

### ओंकार चंद शर्मा की पदोन्नति पर खुशी

**करसोग।** ओंकार चंद शर्मा को अतिरिक्त मुख्य सचिव पर पदोन्नति से करसोग क्षेत्र में खुशी की लहर है। ओंकार चंद शर्मा 1994 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वे हिमाचल के चंबा जिले से संबंध रखते है। करसोग से विशेष लगाव होने का कारण यह है कि ओंकार चंद शर्मा कुछ अवधि तक प्रोबेशन समय में यहां खंड विकास अधिकारी-कम सहायक आयुक्त के पद पर रहे। इसके उपरांत ओंकार शर्मा मंडी जिले में अतरिक्त जिलाधीश और जिलाधीश के पद पर रहे। इस समयावधि में शर्मा ने एक बेहतरीन और ईमानदार प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपनी छवि को पेश किया। सुकेत संस्कृति साहित्य एवं जन कल्याण मंच पांगणा-सुकेत के अध्यक्ष डॉक्टर हिमेंद्र बाली, चेतना, जगदीश शर्मा, प्रेम रैना, सुमीत गुप्ता, मोतीराम चौहान, हंसराज शर्मा, नरेंद्र शर्मा आदि सम्मानित जनों ने ओंकार शर्मा को विशिष्ट पदभार ग्रहण करने के लिए हार्दिक बधाई दी है।

# सुनारू में मार्कंडेय मंदिर प्रतिष्ठा के लिए की चर्चा



बैठक के दौरान श्री मार्कंडेय मंदिर कमेटी के सदस्य।

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

बालीचौकी उपमंडल के सुनारू में देवश्री मार्कंडेय ऋषि के नव निर्मित मंदिर देव कोठी की प्रतिष्ठा को लेकर बालीचौकी में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देव श्री मार्कंडेय के प्रमुख कारिंदे भी शामिल हुए।

इस दौरान देव मंदिर की प्रतिष्ठा में आ रहे व्यय को लेकर भी चर्चा की गई। देव श्री मार्कंडेय के नेगी नरेंद्र कुमार ने इस दौरान प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी। बैठक में शामिल व्यापार मंडल के अध्यक्ष यशवंत शर्मा ने कहा कि प्रतिष्ठा के आगामी समारोह को लेकर समस्त व्यापारी वर्ग और स्थानीय लोगों में उत्साह है। इस दौरान प्रसिद्ध भागवत आचार्य गोबिंद राम शर्मा ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है, जो इस पावन आयोजन के गवाह होंगे। बैठक में देव श्री मार्कंडेय के गुर जय देव, कारदार भूमे राम, देवता भूषण के गुर भेवा राम, भंडारी घनश्याम, नेगी नरेंद्र कुमार व कायथ मिने राम के अलावा कई देव कारिंदे व आमजन शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

# सृष्टि ठाकुर राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव में दिखाएगी प्रतिभा



सृष्टि ठाकुर को शुभकामनाएं देते स्कूल प्रधानाचार्य व स्टाफ।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की छात्रा सृष्टि ठाकुर राष्ट्रीय स्तर के कला उत्सव में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। राष्ट्रीय स्तर का कला उत्सव बाल भवन नई दिल्ली में सात से 13 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। सृष्टि ठाकुर ने राज्य स्तरीय कला उत्सव में एकल नाटक में प्रथम स्थान प्राप्त किया था, उसने 2004 में शिमला में हुए तेजाब कांड को अपने अभिनय क्षमता से प्रदर्शित किया था। अब सृष्टि ठाकुर नौ जनवरी को बाल भवन नई दिल्ली में हिमाचल प्रदेश की ओर से एकल अभिनय करेंगी। सृष्टि मूलत: खड़ी हार गांव से संबंधित है। प्रधानाचार्य डॉक्टर सुनील ठाकुर ने बताया कि सृष्टि ठाकुर ने अपने अभिनय क्षमता से स्कूल, जिला मंडी व हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने इस सफलता के लिए गाइड अध्यापक विनोद गुलेरिया व अपने माता-पिता को दिया है।

### हवा में बातें करने से नहीं होगा जन कल्याण

**मंडी।** जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत वीरवार को सदर विधायक अनिल शर्मा ने ग्राम पंचायत सेहली, लिचला लोट और बग्गी तुंगल में जन समस्याओं को सुना और उनका मौके पर निवारण किया। उन्होंने कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी चंपा ठाकुर को नसीहत देते हुए कहा कि हवा में बातें करने से जन कल्याण नहीं होता न ही विधायक बना जाता है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रत्याशी का बिना जानकारी के कुछ भी मीडिया में कह देना हास्यास्पद है। मंडी महाविद्यालय के नए भवन को पूर्ण करने के लिए पहले से ही एक करोड़ की राशि का प्रावधान बजट में किया गया था, उसके बाद मुख्यमंत्री से शिमला में मिलाकर और धनराशि के लिए निवेदन किया, तो उन्होंने तुरंत पांच करोड़ जारी कर दिए। इसके साथ साथ उन्होंने कोटली में सीएचसी के भवन के लिए तीन करोड़ अलग से जारी किए। जनसंपर्क अभियान में पंचायतों के विकास को लेकर स्थानीय जनता और जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया।

# बालीचौकी में प्रशिक्षुओं को दिए स्वरोजगार से जुड़ने के टिप्स

## देव आस्था शिक्षण संस्थान में शुरू हुआ प्लंबर प्रशिक्षण शिविर

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**



बालीचौकी में प्लंबर प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रशिक्षु सामूहिक चित्र में।

देव आस्था शिक्षण संस्थान बालीचौकी में 15 दिवसीय प्लंबर परीक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत बालीचौकी के प्रधान दिले राम ठाकुर ने किया। इस अवसर पर ग्रामोद्योग विकास योजना विभाग के कार्यकारी ग्रामोद्योग अधिकारी धर्मपाल ने प्रतिभागी प्रशिक्षुओं को भारत सरकार के उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वावलंबन के लिए भारत सरकार का सूक्ष्म एवं लघु उद्योग मंत्रालय कई तरह की योजनाएं चला रहा है, जिसमें प्लंबर प्रशिक्षण का कार्य शामिल है। इस दौरान दी डोगरा तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक उदय डोगरा ने भी प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार से जुड़ने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में उनका संस्थान कई अन्य व्यावसायिक शिविरों का आयोजन करेगा। इस अवसर पर बालीचौकी स्थित देव आस्था प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंध निदेशक मोहन पालसरा ने कहा कि संस्थान के माध्यम से आयोजित किए जा रहे इस शिविर में मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षुओं को जानकारी देंगे।

# लोक निर्माण विभाग को पंचायत की भूमि देने का मुद्दा गरमाया

## ग्राम पंचायत डलाह की आम सभा में उठाया मामला

**अनंत ज्ञान, पधर**



ग्राम पंचायत डलाह की आम सभा में उपस्थित ग्रामीण।

उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत डलाह की आम सभा में लोक निर्माण विभाग को दी जा रही भूमि का मुद्दा अहम रहा। पंचायत प्रधान हेमंत कुमार महंत ने वर्ष 2024-25 जीपीडीपी के कार्यों के बारे चर्चा की और सेल्फ पारित किया। सचिव जय देव ठाकुर ने लोगों को मनरेगा में किए जाने वाले 260 स्वीकार्य के बारे में विस्तार से बताया और नौ थीम के आधार पर मनरेगा और 15वें वित्त आयोग की कार्य योजना स्वयं तैयार की।

उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में पंजीकृत करने और वर्ष 2004 से 2006 के बीच जन्मे बच्चों को वोटर हेल्पलाइन ऐप में पंजीकृत करने बारे जानकारी दी। इस दौरान लोगों ने विकास कार्य न हो पाने को लेकर पंचायत पदाधिकारियों को घेरा और उपप्रधान गोपाल ने बताया कि तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक न होने की के कारण कार्य लटके हुए हैं। सभा में विभाग व सरकार से तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक की रेगुलर नियुक्ति की मांग की है। इस दौरान जब लोक निर्माण विभाग के भवन के लिए पंचायत द्वारा दी जा रही भूमि का मुद्दा सभा के सामने रखा गया तो आम सभा में हंगामा शुरू हो गया। कुछ लोग विभाग को भूमि देने के पक्ष में अड़े रहे। सभा ने निर्णय लिया है कि पहले पंचायत की कुल भूमि की निशानदेही राजस्व विभाग से ली जाएगी। उसके पश्चात सभा में प्रस्ताव रखा जाए कि पंचायत के पास अपनी कितनी भूमि रहती हैं उसके पश्चात निर्णय लिया जाएगा।

### मेरिट में आए सार्थक को मिला टैब

**मंडी।** केंद्रीय विद्यालय जवाहर नगर मंडी में जमा दो कॉमर्स के छात्र सार्थक शर्मा को दसवीं कक्षा में मेरिट में आने पर वीरवार को टैब प्रदान किया। सार्थक शर्मा जो मंडी शहर के रामनगर के रवि शर्मा व हरिता शर्मा का बेटा है ने दसवीं की पढ़ाई रामनगर के ही स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल से की थी जहां उसने 95 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए थे। मेरिट में रहने पर उसे सरकार द्वारा यह टैब दिया गया जिसे स्कूल के प्रिंसिपल वीरेंद्र गुलेरिया ने उसे प्रदान किया। गौरतलब है कि सार्थक शर्मा केंद्रीय विद्यालय की 11वीं की परीक्षा में भी टॉपर रहा है तथा चैस का बेहतरीन खिलाड़ी है। वह इसमें कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुका है। उसकी बहन हनीत शर्मा भी टॉपर रहती आई है। वह बाबा फरीद विश्वविद्यालय आफ साइंस हेल्थ में एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई में टॉपर रह चुकी है। सार्थक की उपलब्धि को लेकर विद्यालय व परिजनों में खुशी का माहौल है।

**समस्या** कलखर के ग्रामीणों ने एडीसी मंडी को सौंपा ज्ञापन

# घर-घर नल लेकिन नहीं मिल रहा जल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



एडीसी निवेदिता नेगी को ज्ञापन सौंपते कलखर के ग्रामीण।

सरकार ने हर घर नल तो लगा दिया लेकिन जल का कोई अता-पता नहीं है। यह बात गांव कलखर के करीब दो दर्जन निवासियों ने वीरवार को एडीसी मंडी निवेदिता नेगी को ज्ञापन सौंपते हुए कही। कलखर क्षेत्र के गुम्मू पंचायत के उपप्रधान दिनेश कुमार ने कहा कि गांव कलखर में सभी वर्ग के लोग रहते है और गांव में एक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भी है जिसमें 70 से 80 बच्चे पढ़ने के लिए आते है। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या को लेकर विभाग के पास जाते है तो चार से पांच दिन तक तो पानी आता है लेकिन उसके बाद वहीं समस्या खड़ी हो जाती है। उन्होंने कहा कि हर घर नल तो है लेकिन जल का कोई अता-पता नहीं। वहीं कलखर के स्थायी निवासी धर्मपाल का कहना है कि कलखर में पानी की समस्या चार साल से चली आ रही है और जहां भी जाएं आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि बच्चों को शौचालय जाने के लिए भी पानी नहीं है। इस समस्या को एडीसी के पास भी लेकर गए, उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा की दो बार बग्गी डिविजन और सरकाघाट डिविजन में भी डेपुटेशन लेकर गए थे लेकिन सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। उन्होंने चेतावनी देते हो कहां की झूठा आश्वासन और झूठी सरकार के खिलाफ नारेबाजी करेंगे, यदि उन्हें एक हफ्ते के अंदर पानी नहीं मिला और कलखर रोड में चक्का जाम किया जाएगा जिसका जिम्मेदार केवल प्रशासन होगा।

# सड़क सुविधा से जोड़े जाएंगे सभी गांव

## कैहलू में जनसभा के दौरान बोले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**


कैहलू में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को सम्मानित करते हुए।

भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायतों द्वारा निर्मित सभी संपर्क मार्गों को चरणबद्ध ढंग से लोक निर्माण विभाग के तहत लाया जाएगा। यह बात कैहलू में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कही। उन्होंने इस दौरान 89 लाख रुपए की राशि से निर्मित होने वाले कैहलू-रैणा संपर्क मार्ग का शिलान्यास भी किया।

उन्होंने कहा कि कैहलू-रैणा संपर्क मार्ग को संग्रेहण तथा बलेरा गांव तक विस्तार दिया जाएगा। भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत सड़क निर्माण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता की बात दोहराते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि दिसंबर 2026 तक सभी गांवों को सड़क सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार जन कल्याण को आधार मानकर विकास कार्य को सुनिश्चित बना रही है। उन्होंने इस दौरान विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का जिक्र भी किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरुण मल्होत्रा, एसडीएम पारस अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग दिवाकर पठानिया, जल शक्ति विभाग से राजेश मोगरा, विद्युत विभाग से राजीव ठाकुर, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग हर्ष पुरी, विद्युत अंग्रेज सिंह, उपप्रधान ग्राम पंचायत नैनीखड्ड संजीव कुमार सहित साथ लगती पंचायत के प्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डगोह स्कूल के मेधावी नवाजे

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**


वार्षिक समारोह के दौरान स्कूल के होनहार मुख्यातिथि के साथ।

राजकीय उच्च विद्यालय डगोह में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान 44 लाख से नवनिर्मित अतिरिक्त स्कूल भवन का लोकार्पण भी किया। पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों के पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जा रहा है। इसके अतिरिक्त वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर स्कूलों में रिक्त अध्यापकों के पदों को गेस्ट टीचर के रूप में भरने पर भी विचार किया जा रहा है। पठानिया ने स्कूल के खेल मैदान बनाने को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को एफआरए अनुमति मामला तैयार करने को कहा। उन्होंने स्कूल परिसर के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग 154ए पर वर्षाशालिका बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र तुन्नुहट्टी में आवश्यक उपकरणों एवं सामान की आपूर्ति जल्द उपलब्ध करवाने का भरोसा भी दिया। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधानसभा अध्यक्ष ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 15000 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। मुख्य अध्यापक राजेश कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# चुराह के संलाचा गांव में एंबुलेंस का खुल गया टायर

**आजम डार, तीसा**



चुराह उपमंडल के संलाचा गांव में मेडिकल जांच शिविर के लिए चिकित्सक की अगुआई में जा रही चार सदस्यों की टीम की एंबुलेंस हादसे का शिकार होने से बची। मदन-फुलतवास-सकलोगा मार्ग पर धार नामक स्थान पर एक्सल टूटने से एंबुलेंस का अगला टायर निकल गया। गनीमत रही कि चालक ने ब्रेक लगाकर बड़ा हादसा होने से बचा लिया। वीरवार देर शाम तक एंबुलेंस सड़क के बीच खड़ी रही। लोगों को धार से आगे पैदल सफर करना पड़ा। गौर हो कि वीरवार सुबह तीसा अस्पताल से डॉक्टर के साथ चार कर्मी संलाचा गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर के लिए एंबुलेंस में निकले। धार नामक खड़ी चढ़ाई चढ़ते समय अचानक से जोरदार आवाज के साथ एंबुलेंस का एक्सल टूट गया। एंबुलेंस का अगला टायर भी निकल गया। चालक ने काफी देर तक एंबुलेंस की मरम्मत करने की कोशिश की, लेकिन सफलता न मिलने पर टीम को पैदल ही गांव तक जाना पड़ा। करीब एक किलोमीटर का सफर तय कर टीम गांव में पहुंची। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि उक्त सड़क विकास खंड की ओर से बनवाई गई है। यहां यदि ग्रामीण जमीनें विभाग के नाम करते हैं तो सड़क बनाने के लिए प्रयास किए जा सकते हैं। बीएमओ डॉ. ऋषि पुरी ने बताया कि चिकित्सीय स्टाफ की टीम दूरदराज के गांवों में भी लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के लिए पहुंच रही है। (अनंत ज्ञान)

## हर हाथ अनंत ज्ञान


प्रौथा पंचायत निवासी हनु अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


पंचायत सरोल निवासी आर्दश नाथ अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


माही ढाबे के मालिक रिक्की अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


सरोल पंचायत निवासी संजीव कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


बालू में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए पाठक दलीप कुमार।


चंबा के वरिष्ठ पत्रकार एसके भुवेटा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोल के प्रधानाचार्य मंगलेश शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोल के शारीरिक शिक्षक धर्म पाल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# चौहड़ा बांध-बरंगाल मार्ग की हालत हुई खस्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- ग्रामीणों ने मरम्मत के लिए लगाई गुहार

चौहड़ा बांध-बरंगाल मार्ग की हालत दिन प्रतिदन बदहाल होती जा रही है। हालांकि इस बारे में क्षेत्र के बंशिदों सहित राहगीर कई बार संबंधित विभागों से लेकर जिला प्रशासन से मार्ग की सुध लेने की गुहार लगा चुके है, लेकिन इसके बावजूद मार्ग की हालत जस की तस है।

इसके चलते भलेई तथा लचोडी पंचायतों के लोगों ने एनएचपीसी प्रबंधन चमेरा चरण एक से मांग की है कि चौहड़ा बांध से लेकर बरंगाल तक मार्ग की हालत सुधारी जाए। क्षेत्र के ग्रामीण राजेश कुमार, नरेंद्र कुमार, भूपेंद्र कुमार, नागिंद्र कुमार, अमित कुमार, सुरेश कुमार, हंस राज, देस राज, संजय कुमार, विनोद कुमार, अजय कुमार, विजय कुमार, सुलेख चंद, पवन कुमार, विपिन कुमार, रमेश कुमार, जर्म सिंह, जगदीश चंद, रवि कुमार, घिंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार, रंजीत सिंह, कुलदीप कुमार, कमल कुमार तथा मदन लाल ने कहा कि बांध से लेकर बरंगाल तक सड़क में इतने गड्ढे हैं कि सफर करना असुरक्षित है। वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उक्त मार्ग बांध से लेकर बरंगाल झरने तक एनएचपीसी के अधिकार क्षेत्र में है जिसकी हालत दयनीय है। झरने ले लेकर बरंगाल तक सड़क लोक निर्माण विभाग के अधिकार क्षेत्र में है जिसकी हालत भी ठीक नहीं है।

ग्रामीणों ने बताया कि हालांकि बरंगाल में ही लोक निर्माण विभाग का उपमंडलीय कार्यालय है मगर विभाग सड़क की सुध लेना जरूरी नहीं समझ रहा है। लिहाजा गांववासियों ने एनएचपीसी तथा लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि चौहडा बांध से लेकर बरंगाल तक सड़क की मरम्मत की जाए।

# चंबा में नोडल अधिकारियों के लिए कार्यशाला

**चंबा।** आगामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत वीरवार को कॉन्फ्रेंस हॉल में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों के लिए निर्वाचन संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में निर्वाचन तहसीलदार अनूप डोगरा ने निर्वाचन प्रक्रिया के महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दायित्वों और जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही सभी जानकारियों को आत्मसात कर लें, जिससे चुनाव के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो। नायब तहसीलदार निर्वाचन संजय शांडिल ने नोडल अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और निर्वाचन के दौरान ध्यान रखने वाले महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में भी बताया।

# नशे से रहें दूर, पढ़ाई की ओर दें ध्यान

## करियां स्कूल में मुख्यातिथि विधायक नैय्यर ने छात्रों को दी सलाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**


समारोह के दौरान मुख्यातिथि विधायक नीरज नैय्यर को सम्मानित करते आयोजक।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां ने वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। इस दौरान मुख्यातिथि सदर विधायक नीरज नैय्यर ने शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया।

इस अवसर पर सदर विधायक नीरज ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की योजना बनाई जा रही है। अध्यापकों की कमी को दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले 10 स्कूलों को राज्य स्तर पर तथा जिला स्तर पर पांच-पांच स्कूलों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर और कक्षाओं में सुधार लाया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों के सीखने के बेहतर अनुभव प्राप्त हो। इस दौरान उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने और पढ़ाई में ध्यान देने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से राजीव गांधी राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है, जहां विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के उपाय किए जाएंगे। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

सदर विधायक नीरज ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए स्कूल को 11 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

# चंबा अस्पताल में हुई पेल्विक एसिटाबुलम सर्जरी

## हड्डी रोग विभाग के विशेषज्ञों ने हासिल की सफलता, उपलब्धि जुड़ी

**एमएम डैनियल, चंबा**


प्राचार्य डॉ. एसएस डोगरा, कॉलेज प्रवक्ता डॉ. पकंज गुप्ता व हड्डी रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. मॉनिक सहगल सहित अन्य चिकित्सक।

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा के चिकित्सकों ने जिले में पहली बार पेल्विक एसिटाबुलम सर्जरी कर एक उपलब्धि चंबा के नाम हासिल कर ली है।

अब इस तरह की चोटग्रस्त रोगियों को चंबा से बाहर हजारों या लाखों रुपए खर्च कर उपचार नहीं करवाना होगा बल्कि अब यह उपचार सेवा चंबा के लोगों को उनके गृह जिला में पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में ही प्राप्त हो जाएगी। कूल्हे के ऊपर की हड्डी टूटने या खिसकने पर यह सर्जरी करने की जरूरत पड़ती है। निजी अस्पताल में इस ऑपरेशन पर मरीज के 3.50 लाख रुपए खर्च होने थे, लेकिन मेडिकल कॉलेज में यह 20 हजार में हो गया। एक वाहन दुर्घटना में घायल मरीज को मेडिकल कॉलेज लाया गया। मरीज चलने-फिरने में असमर्थ हो चुका था। पहले निजी अस्पताल से उसे टांडा मेडिकल कॉलेज जाने री सलाह दी गई।

हड्डी रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. मॉनिक सहगल के पास उपचार के लिए पहुंचे रोगी की गंभीर हालत थी। डॉ. मानिक सहगल ने स्वयं सर्जरी करने के लिए हामी भरी। जबकि इस तरह की सर्जरी चंबा में पहली बार हुई। इसलिए जोखिम भी था मगर डॉ. का हौंसला देखते हुए घायल रोगी ने भी हामी भर दी। जिसके पश्चात मरीज को सर्जरी के दौरान हड्डी रोग विभाग से चीफ एवं चीफ ऑपरेटिंग सर्जन डॉ. मानिक सहगल, असिस्टेंट सर्जन डॉ. गुरजंत सिंह संधु, जूनियर रेजिडेंट डॉ. अनुज, डॉ. निखिलेश, डॉ. कनिका, ओटीए रमेश, स्टाफ नर्स वनीता, चतुर्थ श्रेणी कर्मी मयंक व विनोद, एनेस्कोसिया विभाग से डॉ. सलोनी एचओडी, डॉ. विपन, डॉ. रविंद्र कौर, डॉ. विवेक, डॉ. नितिक्षा, डॉ. मनिंद्र, डॉ. लतेश, डॉ. नंदनी, ऑर्थो विभाग से डॉ. सुभाष और डॉ. लक्की वर्मा ने सफल ऑपरेशन किया। (अनंत ज्ञान)

### टीम बधाई की पात्र

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा के प्राचार्य डॉ. एसएस डोगरा ने बताया कि चिकित्सकों ने चंबा में पहली बार यह सर्जरी की है। इसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। अन्य विभागों के चिकित्सक भी अस्पताल में अच्छा कार्य कर रहे हैं। मरीज कुछ माह बाद बिलकुल तंदुरूस्त हो जाएगा। तब तक रोगी को दो महीने तक विशेषज्ञ अपनी निगरानी में रखेंगे।

### सी प्लेट का निर्माण किया

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मानिक सहगल ने अपने अनुभव एवं मेडिकल प्रशिक्षण शिक्षण का उदाहरण देते हुए स्वयं सी प्लेट को सर्जरी के तैयार किया। उन्होंने सी प्लेट का निर्माण बॉन मॉडल की प्लेटों की सहायता से किया।

# भरमौर में कुछ विभागों में भ्रष्टाचार होने के आरोप

**ओपी शर्मा, भरमौर**

- पथ परिवहन निगम के निदेशक सुरजीत भरमौरी ने खोला मोर्चा



हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के निदेशक सुरजीत भरमौरी ने विधानसभा क्षेत्र भरमौर में कुछ विभागों में भ्रष्टाचार होने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बाकायदा सोशल मीडिया के जरिए विभागों को चेतावनी भी दे दी है और जल्द ही विजिलेंस जांच करने की बात भी कही है।

सुरजीत भरमौरी का कहना है कि आपदा के इस समय में जहां बच्चे अपनी गुल्लक तोड़कर प्रदेश के खजाने में अपना आर्थिक सहयोग दे रहे हैं तो वहीं पर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अपनी जमा पूंजी भी सरकार के खाते में जमा कर दी है। वहीं भरमौर में कुछ विभागों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि कुछ जनप्रतिनिधियों व स्थानीय नेताओं ने उनको बताया है कि विधानसभा क्षेत्र भरमौर में कई जगह भ्रष्टाचार की शिकायतें मिली हैं। पिछली सरकार के दौरान भी कुछ विभागों में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। इसके लिए उन्होंने खासकर पंचायती राज विभाग व वन विभाग को आडे हाथों लिया है। उनका कहना है कि पंचायती राज विभाग व वन विभाग में कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की बू आ रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से निष्पक्ष व स्वतंत्र जांच करवाने की मांग की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# भरमौर में ड्राइविंग टेस्ट 24 को

**भरमौर।** ड्राइविंग लाइसेंस ट्रायल व गाड़ियों की पासिंग भरमौर के पट्टी नाल में 24 जनवरी को होगी। यह जानकारी एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने दी। उन्होंने कहा कि सरकारी व प्रशासनिक व्यस्तता के चलते दिसंबर महीने में होने वाली गाड़ियों की पासिंग व ड्राइविंग लाइसेंस के ट्रायल रद्द हो गए थे। इसके लिए अब भरमौर के पट्टी नाला में 24 जनवरी को गाड़ियों की पासिंग और ड्राइविंग लाइसेंस के ट्रायल होंगे।

# होटल इरावती में चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक कल

**चंबा।** चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन छह जनवरी को प्रात: 11 बजे होटल इरावती चंबा में किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान ओम प्रकाश गोस्वामी करेंगे। बैठक के दौरान चंबा जनहित से जुड़ी कई समस्याओं पर विचार-विमर्श व चर्चा उपरांत निर्णय लिए जाएंगे व आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

# कोहाल, चोली, दियौला, डुगली जसौरगढ़ का डीसी ने किया दौरा

## आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त मकानों, रास्तों की मरम्मत के काम को जांचा

**अनंत ज्ञान, चंबा**


चुराह उपमंडल के तहत विभिन्न पंचायतों के दौरे के दौरान निरीक्षण करते डीसी अपूर्व देवगन व अन्य।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने चुराह उपमंडल के तहत कोहाल, चोली, दियौला, डुगली, जसौरगढ़ ग्राम पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने चुराह उपमंडल के तहत आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त मकानों, रास्तों, गोशालाओं आदि की मरम्मत एवं जीर्णोद्धार का भी निरीक्षण किया। विशेष पैकेज एवं आपदा राहत के तहत सरकार से प्राप्त धनराशि से प्रभावित परिवारों के लिए किए जा रहे कार्यों को उन्होंने जांचा।

इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों का भी दौरा कर निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि चुराह उपमंडल में प्रभावित परिवारों को अब तक दो करोड़ 20 लाख की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी हैं। उपायुक्त ने उपमंडल अधिकारी नागरिक चुराह जोगिंद्र पटियाल को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा की विभिन्न विकासात्मक कार्यों में भी तेजी लाई जाए और कार्यों की गुणवत्ता का भी विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

**सराहनीय** चार माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर चमकाया सरोल स्कूल और जिले का नाम

# चंबा के मनेश ने महाराष्ट्र में दिखाया पंच का दम

**आरके रांगड़ा, चंबा**


मनेश को सम्मानित करते सरोल स्कूल के प्रधानाचार्य मंगलेश शर्मा।

जब दिल में कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो और लक्ष्य के प्रति हौंसले बलुंद हो तो इंसान किसी भी मुकाम को पा सकता है। इस बात को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोल के जमा दो कक्षा के छात्र एवं बॉक्सर मनेश ठाकुर ने सिद्ध कर दिखाया है। मुकेश ने महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित हुई 67वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपने पंच जौहर का परिचय दिया।

हालांकि इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लेने से बॉक्सर मनेश एक अंक से चुक गए, लेकिन उन्होंने चार माह के प्रशिक्षण के बल पर ही अपने बलुंद इरादों की झलक दिखा दी है। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोल के प्रधानाचार्य मंगलेश शर्मा ने बॉक्सर मनेश को सम्मानित किया है। अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र से विशेष भेंट में मनेश ठाकुर ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा चुराह विस क्षेत्र के चांजू स्कूल से हुई है। जहां वह कबड्डी खेल खेलने से खेलकूद गतिविधियों में जुड़े। इसके अतिरिक्त वह शॉटपुट खेल में भी रुचि लेते आए। मैट्रिक तक शिक्षा व खेल से वह इसी क्षेत्र से जुड़े रहे। खेल कोच के अभाव व खेलों में आगे बढ़ने की चाहत उन्हें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोल तक ले आई। जहां प्रवेश लेने के बाद वह भी अन्य विद्यार्थियों की भांति शिक्षा से जुड़ गए। वह करीब पांच माह पूर्व अपने एक सहपाठी के साथ टहलते हुए सरोल विद्यालय के समीप चल रही द्रोणा अकादमी जा पहुंचे। जहां मौजूद कोच व उनके स्कूल के शारीरिक शिक्षक धर्मपाल युवाओं को बॉक्सिंग खेल के तहत पूर्वाभ्यास करवा रहे थे। उन्हें देख कर मन में इसके प्रति रुचि जागी। जिसके बाद बॉक्सिंग खेल प्रशिक्षण आरंभ हो गया। जिसमें कोच देवेंद्र सिंह व शिक्षक धर्मपाल द्वारा बॉक्सिंग खेल पूर्वाभ्यास काल के दौरान ही जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में भेजा।

जहां नॉकऑट राउंड विजेता रहने का सौभाग्य प्राप्त होने सहित उनका हिमाचल से अंडर-19, 67 वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। जहां सभी राउंड जीतने के साथ फाइनल राउंड में प्रतिभागी बनने का अवसर प्राप्त हुआ, लेकिन दुर्भाग्यवश एक प्वाइंट से विजेता बनने से चूक गए। शारीरिक शिक्षक एवं बॉक्सिंग खेल कोच धर्मपाल का कहना है कि कदकाठ सहित छात्र मनेश की पहले दिन ही खेल के प्रति लगन देखकर उनकी व सहयोगी कोच एनएसजी सेवानिवृत्त कमाडो देवेंद्र सिंह की कई उम्मीदे जुड़ गई थी। जिसके चलते कड़ा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसकी बदौलत ही जिला, राज्यस्तरीय व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभा को उजागर किया है। (अनंत ज्ञान)

### कोचिंग दिलाएगा स्कूल : मंगलेश

मंगलेश शर्मा, प्रधानाचार्य सरोल स्कूल का कहना है कि मनेश ठाकुर काफी प्रतिभाशाली है। वह बेशक मेडल नहीं जीत पाया, लेकिन इस खिलाड़ी ने जो खेल कौशल बॉक्सिंग खेल में दिखाया है काबिलेतारीफ है। जिसके चलते स्कूल प्रबंधन द्वारा उसे वापस लौटने पर जहां सम्मानित किया गया। वहीं उसके सुनहरी भविष्य के लिए कोचिंग व अन्य सुविधाएं मुहैया करवाने का दायित्व उठाने का वादा किया है ताकि यह युवा खिलाड़ी निकट भविष्य में जिला चंबा, हिमाचल प्रदेश राज्य सहित राष्ट्र का नाम रोशन कर सकें।

# बिजली बोर्ड कर्मियों–पेंशनर्स का बोर्ड प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन

## बोले-बिजली बोर्ड से गैर-जिम्मेदार प्रबंध निदेशक को किया जाए बाहर

**अनंत ज्ञान, नादौन**

हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के कर्मचारियों व पेंशनर्स का संयुक्त रूप से ज्वाइंट फ्रंट ऑफ इंप्लाइज एंड इंजीनियर के आह्वान पर दूसरे दिन भी मंडलीय कार्यालय गगाल में इस महीने का वेतन व पेंशन की अदायगी न हो पाने के विरोध में प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में उपस्थित विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन इकाई नादौन के अध्यक्ष नितिश भारद्वाज, राज्य के सहसचिव पंकज परमार, जिला संगठन सचिव राकेश चौधरी, जोनल सचिव अजनीश कांत, वरिष्ठ उपप्रधान आशीष शर्मा आदि ने संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने बिजली बोर्ड के प्रबंधक वर्ग के रवैये की तीखी आलोचना की। इस विरोध-प्रदर्शन में विद्युत मंडल नादौन के वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार भी उपस्थित रहे।

हैरानी की बात यह है कि आज बिजली बोर्ड का लगभग 50 हजार कर्मचारी व पेंशनर्स अपने वेतन व पेंशन का इंतजार कर रहा है, लेकिन बोर्ड का कार्यवाहक प्रबंधक निदेशक समस्याओं का समाधान करने की बजाय प्रदेश से बाहर घूम रहा है, जिसको लेकर प्रदेश के समस्त कर्मचारियों व पेंशनर्स में भारी आक्रोश व्याप्त है। बिजली बोर्ड के इतिहास में इस तरह का निकम्मा, और गैर-जिम्मेदार प्रबंधक वर्ग बोर्ड में कभी नहीं रहा। उन्होंने कहा कि समय रहते प्रदेश के मुख्यमंत्री बिजली बोर्ड और बिजली कर्मचारियों व पेंशनर्स की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अतिशीघ्र कठोर कदम उठाए और बिजली बोर्ड से गैर-जिम्मेदार प्रबंध निदेशक को बाहर किया जाए।



वेतन व पेंशन की अदायगी न होने पर बिजली बोर्ड के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी।

# हमीरपुर में जापानी फल, सेब, प्लम और आड़ू के 2400 पौधों की पहुंची खेप

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर जिला व सुजानपुर ब्लॉक में सर्द मौसम में उगाए जाने वाले सेब, जापानी फल व आड़ू के पौधे पहुंचना शुरू हो गए हैं, जिन्हें बागबानों को डिमांड के मुताबिक बांटना शुरू कर दिया है। हमीरपुर ब्लॉक में जापानी फल, सेब, प्लम और आड़ू के करीब 2400 पौधों की खेप पहुंच गई हैं। इसी तरह जिला के दूसरे ब्लॉकों में भी फलदार पौधों की खेप पहुंच गई है। ऐसे में बागबान डिमांड के मुताबिक पौधे खरीदना सुनिश्चित करें। बागबानों को सेब का प्रति पौधा 130 रुपए, जापानी फल का 100 रुपए और आड़ू का 90 रुपए के हिसाब से बांटा जा रहा है, हालांकि पौधों के रेट में इस बार भी 10 से 20 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में ब्लॉकों से पौधे खरीदना लोगों के लिए दिन-प्रतिदिन मुश्किल होता जा रहा है। बताया जा रहा है कि जिला भर के ब्लॉकों में खुमानी, अनार, कीवी व नाशपती इत्यादि के पौधे भी जल्द ही दिए जाएंगें। ब्लॉकों के कर्मचारी नर्सरियों से पौधे लाने में लगे हुए हैं, ताकि समय पर बागबानों को पौधे बांटे जा सकें। उद्यान विभाग ने नर्सरियों से बिना बारिश के ही पौधे उखाड़ना शुरू कर दिए हैं, ताकि बागबानों को समय पर पौधे बांटे जा सकें, क्योंकि बारिश न होने से सीजन पहले ही लेट होता जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**उद्यान विभाग ने बिना बारिश के ही नर्सरियों से पौधे उखाड़ना किए शुरू**




उद्यान विभाग की नर्सरियों से पौधे उखाड़ना शुरू कर दिए हैं, जिन्हें ब्लॉकों को डिमांड के मुताबिक भेजा जा रहा है, क्योंकि बारिश समय पर न होने से पौधे बांटने का दौर लेट होता जा रहा है। बागवान अपनी डिमांड के हिसाब से ब्लॉकों से पौधे लेना सुनिश्चित करें। पौधों के रेट में मामूली बढोतरी हुई है। ब्लॉकों को डिमांड के मुताबिक ही पौधे भेजे जाएंगे।
**-डॉ. राजेश्वर परमार, उपनिदेशक, उद्यान विभाग हमीरपुर**

# वार्षिक समारोह में सम्मानित किए मेधावी


राजकीय हाई स्कूल चौकी जंबाला में वार्षिक समारोह में उपस्थित स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजकीय हाई स्कूल चौकी जंबाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने शिरकत की। समारोह में स्टूडेंट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्याध्यापिका पुष्पा ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर शगुन, विक्रांत, प्रद्युम्न व केशव आदि को विभिन्न शैक्षणिक व खेलकूद गतिविधियों के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की अनुज दत्ता, सीमा कागो तथा मुख्यातिथि राजेंद्र राणा ने राशि प्रदान की व बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

उन्होंने बच्चों को सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए दस हजार रुपए की राशि भी प्रदान की। इस अवसर पर विनोद ठाकुर, केशव सिंह, अंजना, सोनू, सुमन लता, अंबिका, शुभम, कृष्ण कुमार, देशराज व किशोरी लाल भी मौजूद थे।

# कांग्रेस सरकार फिजूल खर्च को दे रही बढ़ावा : नवीन

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाली कांग्रेस सरकार फिजूल खर्चे को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि आजकल पढ़ाई के समय में जिला के विद्यालयों में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हो रहे हैं, वहां पर मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस के विधायक, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार व चेयरमैन जा रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यालय प्रशासन को 50-50 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने की लंबी लिस्टें पहले से ही थमा दी जा रही हैं, जिससे विद्यालयों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है, यह तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री बोलते हैं कि सरकार के पास पैसा नहीं है, परंतु दूसरी तरफ जनता के पैसों से फिजूल खर्ची को बढ़ावा दे रही है। नवीन शर्मा ने कहा जो कल हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट का निर्णय आया है उसका वो स्वागत करते हैं। कांग्रेस सरकार ने जो सीपीएस बनाए थे और उनको जो सुविधाएं दी गई थीं उन पर माननीय हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है।



# डिपुओं में तीन माह से नहीं पहुंचा राशन : अशोक कवि

**अनंत ज्ञान, रंगस**

हमीरपुर सहित कई जिलों में डिपुओं में बीते तीन माह से आटा, चावल, दालें न मिलने से उपभोक्ताओं और डिपो धारकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं राशन की सप्लाई मांग के अनुसार भी नहीं पहुंच पा रही है। यह बात प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने यहां जारी प्रेस बयान में कही।



उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिकांश डिपुओं पर निगम के गोदामों से माह के अंतिम सप्ताह में सप्लाई भेजी जाती है और हर माह अंतिम सप्ताह में डिपुओं पर लगाई गई मशीनों का सरवर डाउन होने की वजह से डिपो धारक उपभोक्ताओं को राशन वितरित करने में असफल रहते हैं। सरकार ने जब से ठेकेदारों के माध्यम से डिपुओं पर राशन उपलब्ध करवाने की प्रथा शुरू की है, तबसे ठेकेदार डिपुओं पर राशन समय पर नहीं पहुंचा रहे हैं।

कई जगह तो हालत ऐसी भी है, जहां डिपुओं पर एनएफएसए का आटा चावल भी निगम के गोदामों से डिपो धारकों को उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। कवि का कहना है कि जब डिपुओं पर उपभोक्ताओं को पूरा राशन नहीं मिलता है तो वे डिपो धारकों को शक की नजर से देखते हैं। उन्होंने सरकार व विभाग से ठेकेदारी प्रथा बंद करके पुरानी प्रथा शुरू करने की मांग की है। कवि ने चेताया कि अगर शीघ्र ऐसा नहीं हुआ तो वह कड़ा संघर्ष करने पर मजबूर होंगे।

# न्यूज ब्रीफ

## डीएवी भड़ोली में नेशनल स्पोर्ट्स ब्वॉयज कैंप शुरू

**नादौन।** डीएवी भड़ोली में दो दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स बॉयज कैंप का शुभारंभ हो गया है। इस कैंप में प्रदेश के डीएवी स्कूलों के 100 से अधिक चयनित बच्चे भाग ले रहे हैं। कैंप डीएवी स्कूल के प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा की अध्यक्षता में हो रहा है। इस कैंप में पूरे हिमाचल से आए हुए विभिन्न डीएवी स्कूलों के चयनित बच्चे बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, शूटिंग एरोलर स्केटिंग खेलों का अभ्यास करेंगे।

## बड़ा स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आज

**बड़ा।** नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बड़ा में पांच जनवरी को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस वार्षिक समारोह मे मुख्यमंत्री के ओएसडी एवं सी ईओ डॉ. गोपाल गौतम स्कूल के मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित करेंगे। यह जानकारी प्रिंसिपल अंजना कौंडल ने दी।

## सड़क निर्माण के लिए विधायक को सौंपा दो लाख का चेक

**हमीरपुर।** हमीरपुर की ग्राम पंचायत बल्ह गांव की सड़क निर्माण के लिए समाजसेवी एवं लेखक राजेंद्र राजन ने दो लाख रुपए का चेक विधायक आशीष शर्मा को सौंपा। बता दें कि गांव के लिए इस संपर्क सड़क का निर्माण विधायक आशीष शर्मा स्वयं करवा रहे हैं। वार्ड नंबर दो बल्ह में बन रहे इस सड़क मार्ग में डंगे व टाइल्स लगाने के लिए यह चेक दिया। इस मौके पर वॉर्ड सदस्य सरला देवी, सुरजीत, नीलम, रमन, बबलू सहित अन्य मौजूद रहे। इस मौके पर आशीष शर्मा ने राजेंद्र राजन का इस भेंट के लिए आभार व्यक्त किया है।


विधायक को चेक सौंपते हुए राजेंद्र राजन।

## लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से करवाया अवगत

**भोरंज।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से भोरंज उपमंडल की ग्राम पंचायत बधानी और ग्राम पंचायत चंबोह में नशा निवारण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में जिला कल्याण अधिकारी गीता मरवाहा और तहसील कल्याण अधिकारी बलदेव सिंह चंदेल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध नटराज कला मंच नादौन के लोक कलाकारों ने गीत-संगीत और लघु नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया तथा इस सामाजिक बुराई का कड़ा विरोध करने का संदेश दिया। तहसील कल्याण अधिकारी ने कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति किसी भी हद तक जा सकता है।

## कैंसर पीड़ित की पत्नी को विधायक ने दिए 15000 रुपए

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के हनोह गांव के अश्वनी कुमार कई दिनों से कैंसर से पीड़ित चल रहे हैं। बीमारी के चलते उनकी जमा पूंजी भी इलाज में खर्च हो चुकी है, लेकिन अभी इलाज के लिए और भी बहुत सारे धन की आवश्यकता है। विधायक सुरेश कुमार कैंसर पीड़ित के घर हनोह मिलने गए व उनके परिवार के लोगों को इलाज के लिए अपनी व सरकार की तरफ से हरसंभव मदद करने का वादा किया। वीरवार सुबह 9.30 बजे जाहू कार्यालय में अश्वनी की पत्नी व परिवार को मिलने के लिए बुलाया गया था। विधायक ने कैंसर पीड़ित को अपनी 15000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। अश्वनी कुमार के परिवार ने प्रदेश के व भोरंज क्षेत्र के लोगों से भी मदद गुहार लगाई है, जिसके लिए अश्वनी की पत्नी रक्षा देवी का अकाउंट नंबर 1180000102056101 व मोबाइल नंबर 8626824417 है, जिस पर लोग मदद कर सकते हैं।

## सात जनवरी को बिजली बाधित रहेगी

**हमीरपुर।** एचआरटीसी वर्कशॉप में इलेक्ट्रिकल व्हीकल चार्जिंग स्टेशन के कार्य के चलते सात जनवरी को 11केवी हाउसिंग बोर्ड फीडर के तहत आने वाले हमीरपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल हमीरपुर-दो के एसडीओ सौरभ राय ने बताया कि इस दिन नादौन चौक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हिमुडा कॉलोनी, बाईपास, बजूरी, दुलेड़ा, हमीर अस्पताल, उसियाना, लोहारडा, गौड़ा, भोटा चौक और आसपास के क्षेत्रों में सुबह नौ से सायं पांच बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

## प्रिंसिपल देवराज को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

**हमीरपुर।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल टिक्कर खतरियां के प्रिंसिपल देवराज धीमान को (सीआईपीएस) द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। बच्चों को स्कूली स्तर पर दी जाने वाली शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु किए गए नवाचारों (इनोवेशन) जिसका शीर्षक (स्कूली स्तर पर दी जाने वाली शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु नवाचार) के आधार पर राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह चयन पांच चरणों को पूरा करने के बाद किया गया है।

## मनीष मंडयाल का हार्ट अटैक से निधन

**नादौन।** जलाड़ी गांव के 45 वर्षीय मनीष गोल्डी मंडयाल का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने सीनियर बैंक मैनेजर मनीष के निधन पर शोकाकुल परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। उन्होंने भगवान से प्रार्थना की है कि उन्हें श्री चरणों में स्थान दें। उनके निधन पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री आदि ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया।

## अज्ञात लोगों पर मारपीट का लगाया आरोप

**नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत जसोह गांव में अज्ञात लोगों ने युवक पर तेजधार हथियार से हमला जिससे उसके शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित राहुल पुत्र कश्मीर सिंह गांव सांतला निहारी ने पुलिस नादौन को शिकायत की है कि वह अपने मामा के घर गांव जसोह में आया हुआ था। गांव जसोह के पास सड़क पर मोबाइल सुन रहा था कि अचानक दो-तीन अज्ञात व्यक्ति आए और उस पर तेज धारदार हथियार से हमला किया जिससे उसके शरीर पर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## बाहनवीं की दीक्षा लेगी राज्य स्तरीय परेड में हिस्सा

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल के स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहनवीं की 12वीं कक्षा की एनएसएस स्वंयसेवी दीक्षा रानी का चयन हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के रिज मैदान पर आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड के लिए हुआ है। दीक्षा रानी के चयन पर प्रधानाचार्य प्रबोध ठाकुर, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार, नीलम देवी, प्राध्यापक अरुण ठाकुर, जोगिंदर सिंह, संजीव कुमार, सुरजीत कुमार व अन्य ने दीक्षा रानी को शुभकामनाएं दीं।

# नादौन वासियों को सीएम ने दी बड़ी सौगात

**बड़ा।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के लोगों की पानी की समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक और सौगात देते हुए 219 करोड़ की बजट राशि स्वीकृत की हैं और इस योजना को सकारात्मक रूप देने के लिए जल शक्ति विभाग ने कार्य करना भी शुरू कर दिया हैं। जिसके तहत नादौन जोन की 21 पंचायतें एवं धनेटा जोन की 22 पंचायतें इस योजना के तहत लाभान्वित होंगी। लोगों की पेयजल समस्या के समाधान के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सेंक्शन इस नई योजना के अनुसार व्यास नदी से पानी उठाकर कोहला में बनाए जाने वाले पानी संग्रहण केंद्र में पानी इकठ्ठा किया जाएगा। वहां से इस पेयजल पानी को प्यूरिफाई करके नादौन एवं धनेटा जोन की पंचायतों मे लोगों के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु बनाए गए पानी के पंप हाउसों के लिए लिफ्ट किया जाएगा। उधर, नादौन जल शक्ति विभाग के एसडीओ अमित चौधरी ने कहा कि 219 करोड़ की स्वीकृत इस पेयजल परियोजना का काम शुरू हो चुका हैं। एक साल के भीतर इसका कार्य पूरा करने की समय अवधि निर्धारित की गई है।

# डीसी ने की उपराष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर डीसी हेमराज बैरवा ने वीरवार शाम जिला के पुलिस, प्रशासनिक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करके छह जनवरी को होने वाले उपराष्ट्रपति के हमीरपुर जिले के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हैलीपैड के आसपास और उपराष्ट्रपति के काफिले के रूट पर किसी भी तरह की व्यवस्था में अगर कोई कमी नजर आती है तो उसे तुरंत दूर करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। दोनों आयोजन स्थलों पर भी उपराष्ट्रपति के प्रोटोकॉल के अनुसार तथा उनके सचिवालय की ओर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार पुख्ता प्रबंध होने चाहिए।

डीसी ने बताया कि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और कई अन्य गणमान्य अतिथि भी छह एवं छह जनवरी को हमीरपुर में रहेंगे। उन्होंने बताया कि उपराष्ट्रपति के दौरे के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 'मिनिस्टर इन वेटिंग' के रूप में कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी को नामित किया गया है। वह इस दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति के साथ रहेंगे। बैठक में एसपी डॉ. आकृति शर्मा ने हमीरपुर शहर और इसके आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था तथा छह जनवरी के लिए प्रस्तावित ट्रैफिक प्लान की जानकारी दी।

इस अवसर पर एडीसी मनेश यादव, एसडीएम हमीरपुर मनीष सोनी, एसडीएम सुजानपुर राकेश शर्मा, एसडीएम भोरंज संजय कुमार, एसडीएम बड़सर डॉ. रोहित शर्मा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


जिला पुलिस, प्रशासनिक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए डीसी।

# बारी की अनुराधा को मिला अचीवमेंट गर्ल अवार्ड

**हमीरपुर।** टौणी देवी की बारी गांव की अनुराधा को अचीवमेंट गर्ल अवार्ड मिला है। अनुराधा के पिता सुनील चौहान और माता अर्चना चौहान ने बताया कि अवार्ड में अनुराधा को दस हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की गई है। इस बारे में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से अचीवमेंट गर्ल अवार्ड के लिए नाम मांगे गए थे। विभिन्न मापदंडों को पूरा करते हुए यह नाम आगे भेजे गए तथा अनुराधा को इसके लिए योग्य माना गया। अनुराधा वर्तमान में कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग कर रही है। टौणीदेवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नॉन-मेडिकल की स्टूडेंट रही अनुराधा ने कला में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अनुराधा बचपन से ही आर्ट का शौक रखती है।



# हमीरपुर में स्कूली बच्चों को दिखाई जाएंगी प्रेरणादायक बाल फिल्में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड और चिल्ड्रन फिल्म सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से जिला हमीरपुर के 40 सरकारी स्कूलों में बच्चों को प्रेरणादायक बाल फिल्में दिखाई जाएंगी।

इन प्रेरणादायक बाल फिल्मों के प्रदर्शन का शुभारंभ बुधवार को राजकीय उच्च पाठशाला चौकी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा से किया गया। इसी क्रम में वीरवार को भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चबूतरा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुजानपुर में विद्यार्थियों को प्रेरणादायक फिल्में दिखाई गईं। उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने बताया कि इन फिल्मों को देखने के लिए स्टूडेंट्स काफी उत्सुक एवं उत्साहित नजर आए।

# खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें बच्चे : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधायक राजेंद्र राणा ने राजकीय उच्च विद्यालय बनाल व चौकी जम्वाला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने वार्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में पहुंचे राणा का स्कूल के स्टाफ ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विधायक ने शिक्षा ग्रहण करने वाले तमाम बच्चों बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विधायक ने दोनों स्कूलों को 10-10 हजार रुपए की प्रोत्साहित राशि प्रदान की।


वार्षिक पारितोषिका वितरण समारोह में विधायक के साथ बच्चे व शिक्षक।

# राम मंदिर बड़ा में त्रिकुंडीय हवन 22 को

**बड़ा।** अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते नादौन के कस्बा बड़ा के प्रसिद्ध राम मंदिर में 22 जनवरी को सुबह 11 बजे त्रिकुंडीय हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। नादौन भाजपा के मंडलाध्यक्ष एवं ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन वीरेंद्र पठानिया ने बताया कि राम मंदिर में त्रिकुंडीय हवन-यज्ञ, शाम को राम स्तुति एवं रात को 5100 दीपक राम मंदिर बड़ा में जलाए जाएंगे। कस्बा बड़ा के राम मंदिर में होने इस दीप यज्ञ में लोग विशेष रूप से भाग लेंगे। गौर है कि राम मंदिर बड़ा के प्रति इस क्षेत्र के लोगों की भारी आस्था है। दूर-दूर से लोग यहां पूजा-अर्चना के लिए आते हैं। इस मंदिर के प्रति लोगों की इसलिए भी आस्था अधिक हैं क्योंकि पिछले 52 वर्ष से इस स्थान पर श्री राम क्लब बड़ा शरद नवरात्र में राम लीला का मंचन कर रहा हैं। इस राम मंदिर को लोग झंडे वाले राम मंदिर के नाम से पुकारते हैं। इस मंदिर मे जो भी सच्चे दिल से भगवान श्रीराम से मन्नत मांगता है वह पूर्ण होती है।

**रात को राम मंदिर में जलाए जाएंगे 5100 दीपक**

**पहल** कई सालों से नहीं खरीदे बोर्ड ने किटकैट, अब हो रही खरीद, सभी जगह लगेंगे किटकैट

# हमीरपुर शहर के पांच ट्रांसफार्मर होंगे अपग्रेड

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर की बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए पांच ट्रांसफार्मर अपग्रेड हो रहे हैं। इसके अलावा ट्रांसफार्मर्स पर अब जुगाड़ की जगह किटकैट भी लगाए जाने की तैयारी है। कुंडी सिस्टम खत्म होगा। इसी सप्ताह से यह सारी व्यवस्थाएं चालू होने की उम्मीद जताई जा रही है, क्योंकि बोर्ड के अधिकारियों ने संबंधित उपकरणों की खरीद की प्रक्रिया शुरू कर रखी है। सर्दी के इस मौसम में वोल्टेज भी बेहतर हो जाएगी और बार-बार बिजली 'गुल' होने की समस्या से भी छुटकारा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। (अनंत ज्ञान)


ट्रांसफार्मर में किटकैट की जगह खाली, जुगाड़ की तार लगाकर चलाया जा रहा काम।

## पिछले कई सालों से किटकैट हो चुके हैं गायब

**शहर** में बस स्टैंड के पास, ब्वॉयज स्कूल के सामने, डीसी ऑफिस के पास पीडब्ल्यूडी कॉलोनी और मृदुल चौक के बगल में भी जितने भी ट्रांसफार्मर हैं, उनकी जगह नए ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं। शहर के लगभग तमाम ट्रांसफॉमर्स की व्यवस्था में किटकैट पिछले कई सालों से गायब हो चुके हैं इन्हें फिर से लगाने की तैयारी हो गई है।

इसी सप्ताह के अंत तक यह सारी व्यवस्था नए सिरे से बनाई जा रही है। तकरीबन आधा दर्जन ट्रांसफॉर्मर्स अपग्रेड हो रहे हैं। इनकी क्षमता बढ़ाने के लिए नए ट्रांसफार्मर्स लगाए जा रहे हैं। किटकैट की खरीद के लिए ऑर्डर दे दिया गया है और कई सालों के बाद यह लगभग सभी ट्रांसफॉर्मर्स पर इंस्टॉल कर दिए जाएंगे। इससे काफी सहूलियत मिलेगी।
**-नरेंद्र अबरोल, एक्सईएन**

# जिला प्रशासन एलईडी के माध्यम से लोगों को आपदा के बारे में देगा जानकारी

## व्यापारियों का एडवर्टाइजमेंट भी करेंगे, प्रशासन के लिए आमदनी के अवसर होंगे प्राप्त

शुभम राही, बिलासपुर

अपने निजी बिजनेस को लोगों तक पहुंचाने के लिए व्यापारियों के लिए एक लाभदायक खबर है। जिला प्रशासन बिलासपुर व्यापारियों को अपनी एडवर्टाइजमेंट करने के लिए जिले के विभिन्न स्थानों पर एलईडी लगाने जा रहा है।

इस एलईडी के माध्यम से व्यापारी अपने बिजनेस को बढ़ावा दे सकते हैं। बकायदा इसके लिए व्यापारियों व अन्य वर्ग के लोगों को इसका शुल्क जिला प्रशासन को देना होगा। इससे न केवल व्यापारियों के बिजनेस की एडवर्टाइजमेंट होगी, बल्कि जिला प्रशासन के लिए आमदनी के अवसर भी प्राप्त होंगे। खबर की पुष्टि करते हुए उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि इसके लिए प्रशासन ने अपनी तैयारियां कर ली हैं। जिले के उपायुक्त कार्यालय परिसर, फोरलेन, बिलासपुर और घुमारवीं बस अड्डा व बरमाणा क्षेत्र में बड़ी एलईडी लगाई जाएगी। प्रशासन की ओर से जल्द ही जगह भी चयन कर ली जाएंगी। इस एलईडी के माध्यम से प्रशासन की ओर से लोगों को प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। साथ ही खास बात यह भी रहेगी कि आपदा से बचने के लिए भी इस एलईडी के माध्यम से बताया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**डीसी परिसर, फोरलेन, बिलासपुर और घुमारवीं बस अड्डा व बरमाणा क्षेत्र में लगाई जाएंगी एलईडी**

**सरकारी योजनाओं के बारे में किया जाएगा लोगों को जागरूक**



फाइल फोटो।

### फोरलेन पर सड़क सुरक्षा के बारे में बताया जाएगा



फोरलेन पर वाहन चालकों को इसके लिए सड़क सुरक्षा के बारे में भी बताया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि इस एलईडी लगाने का मुख्य मकसद यह है कि लोगों को सरकार की योजनाओं सहित आपदा से बचाव के बारे में भी जागरूक हो। इसी के साथ प्रशासन को इस प्रोजेक्ट के माध्यम से इनकम भी होगी, जो जिले के विकासात्मक कार्यों पर खर्च की जाएगी। इस प्रोजेक्ट के लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जिसके लिए सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी है और जल्द ही पर्याप्त स्थान का चयन करके यह कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### पहली बार एलईडी का किया जा रहा प्रबंध

आपको बता दें कि इससे पहले इस तरह की एलईडी जिले के किसी भी स्थान पर नहीं थी। मात्र बस अड्डों पर छोटी एलईडी लगाई गई है, जिसमें सिर्फ बसों के रूट के बारे में बताया गया है, लेकिन इस तरह से एलईडी लगने से जिलाभर में लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक सहित निजी बिजनेस को बढ़ावा देने का भी अवसर होगा।

### लोगों को मिलेगी जानकारी : डीसी

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने कहा कि जिले में पहली बार बड़ी पांच एलईडी लगाई जा रही हैं। यह एलईडी लोगों के लिए काफी जानकारी उपलब्ध करवाएंगी। सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, जल्द ही लगाने का कार्य आरंभ होगा।

# व्यापार मंडल ने एसीसी इलेवन को पांच विकेट से दी शिकस्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



आईसीएल प्रतियोगिता के तीसरे दिन की क्रिकेट टीम।

बिलासपुर में आईसीएल प्रतियोगिता के तीसरे दिन का पहला मैच एजुकेशन इलेवन और हेल्थ इलेवन के मध्य खेला गया। एजुकेशन इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में छह विकेट होकर 150 रन बनाए। एजुकेशन इलेवन की तरफ से हिमांशु मोगा ने 40, रवि 40 और अजय शर्मा ने 21 रनों का योगदान दिया। हेल्थ इलेवन की ओर से डॉक्टर सौरभ और अरुण ने 2—2 विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी हेल्थ इलेवन का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा पूरी टीम 66 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। हेल्थ 11 की ओर से डॉक्टर अरुण ने 16 और डॉक्टर जसपाल ने 12 रनों का योगदान दिया। एजुकेशन 11 की ओर से गोपाल, विक्रम और विशाल ने दो-दो विकेट झटके। हिमांशु मोगा को शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच अल्ट्राटेक इलेवन और एग्रीकल्चर एवं हॉर्टिकल्चर इलेवन के मध्य खेला गया। अल्ट्राटेक इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में चार विकेट खोकर 126 रन बनाए। अल्ट्राटेक इलेवन की ओर से बिस्वाजीत ने 22 कमल दीवान ने 24 और विजय ने 31 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एग्रीकल्चर 11 एवं हॉर्टिकल्चर 11 की टीम 72 रनों पर ऑल आउट हो गई।

इस मैच में रमन ने 20 और अश्वनी ने 20 रनों का योगदान दिया, बाकि अन्य बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए। अल्ट्राटेक 11 की ओर से कुलभूषण ने तीन रणवीर और विजय ने 2-2 विकेट हासिल किए। अल्ट्राटेक इलेवन ने इस मैच में 54 रनों से जीत हासिल की। अल्ट्राटेक इलेवन के विजय 31 रनों के योगदान और दो विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का तीसरा मैच एसीसी इलेवन और व्यापार मंडल बिलासपुर के मध्य खेला गया व्यापार मंडल बिलासपुर ने इस मैच को पांच विकेट से जीत लिया।

एसीसी इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाएं मुकेश ने सर्वाधिक 29 और पवन ने 20 रन बनाए व्यापार मंडल की ओर से नईम ने तीन विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी व्यापार मंडल ने 11.4 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल किया व्यापार मंडल की ओर से सुमित भाटिया ने 32 वीरेंद्र डोगरा ने 20 और रोहित ने 16 रनों का योगदान दिया। व्यापार मंडल की नईम को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# बिजली कर्मियों का वेतन न मिलने से दिख रही सरकार की व्यवस्था

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**बोर्ड के 52 वर्षों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ: जम्वाल**

बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बिजली बोर्ड कर्मचारियों के वेतन और पेंशनर्स की पेंशन के भुगतान को लेकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया है।

नया साल शुरू हुए चार दिन बीत चुके हैं, लेकिन बिजली बोर्ड के लगभग 50 हजार कर्मचारियों और पेंशनर्स को बीते दिसंबर माह के वेतन और पेंशन का भुगतान नहीं हो पाया है। बिजली बोर्ड के 52 वर्षों के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि कर्मचारियों और पेंशनर्स को किसी माह की पहली तारीख को वेतन और पेंशन नहीं मिल पाए हो। बात-बात पर पैसे की कमी का रोना रोने वाली प्रदेश सरकार के कुप्रबंधन से यह स्थिति पैदा हुई है, जो सरकार कर्मचारियों को वेतन देने में असमर्थ हो गई हो, उससे चुनावी गारंटियां पूरी करने या प्रदेश का विकास करवाने की उम्मीद रखना बेमानी है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कर्मचारी और पेंशनर्स अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए वेतन और पेंशन पर ही निर्भर होते हैं। चाहे दूध, सब्जी, राशन व दवाई जैसी अन्य जरूरी चीजें हों अथवा बिजली-पानी के बिलों के भुगतान तथा होम व कार लोन आदि कार्यों के लिए उन्हें हर माह वेतन और पेंशन का इंतजार रहता है। बिजली बोर्ड के कर्मचारियों और पेंशनर्स की संख्या लगभग 50 हजार है। वर्ष 2024 शुरू हुए चार दिन बीत गए हैं, लेकिन उन्हें वर्ष 2023 के अंतिम माह का वेतन और पेंशन अभी तक नहीं मिल पाई है। सुख की इस सरकार में नए साल की शुरुआत से ही उन्हें दुख मिल रहे हैं। प्रदेश भर में बिजली कर्मचारी और पेंशनर्स पिछले चार दिनों से अपने हक के लिए विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

# आरडी शर्मा ने कवि गोष्ठी कर मनाया जन्मदिवस

**घुमारवीं।** प्रदेश के एक जाने-माने साहित्यकार व परिवर्तन नामक साहित्यकार संस्था के संस्थापक डॉ. आरडी शर्मा ने एक प्रभावशाली कवि गोष्ठी का आयोजन करके अपना जन्मदिवस मनाया, जिसमें शिमला सहित हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख कवियों व साहित्यकारों को आमंत्रित किया गया था। इस समारोह की अध्यक्षता राज्य भाषा एवं संस्कृति विभाग से सचिव के पद से सेवानिवृत्त एवं संस्कृत के प्रकांड विद्वान डॉ. मस्त राम शर्मा आचार्य ने की, जबकि प्रदेश पत्रकार महासंघ के राज्य अध्यक्ष, प्रमुख साहित्यकार जयकुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कवि गोष्ठी में पूर्व मुख्य अध्यापक सुख राम आजाद, पत्रकार एवं वरिष्ठ साहित्यकार कुलदीप चंदेल, शिमला से विशेष रूप से आमंत्रित साहित्यकार और वरिष्ठ समीक्षक डॉ हेमराज कौशिक ने अपनी अपनी कविताएं पढ़ीं।

# सीएचसी झंडूता को चिकित्सक की आस

## लोगों ने सरकार व प्रशासन से लगाई गुहार, चिकित्सकों की जल्द हो तैनाती

गोपाल कपिल, झंडूता

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता में चिकित्सकों की कमी लोगों पर भारी पड़ रही है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

एमडी, दंत, आंख और गायनी का चिकित्सकों की मांग झंडूता वासी लंबे समय से करते आ रहे हैं, लेकिन इस समस्या को किसी भी सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया है, जिसका खामियाजा स्थानीय जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोगों को अपना इलाज करवाने के लिए 30 किलोमीटर दूर सफर करना पड़ रहा है, या फिर निजी अस्पतालों में जाकर भारी भरकम पैसा देकर इलाज करवाना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)



स्थानीय ग्रामीण सुमन प्रजापति का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार आवाज उठाई गई है, लेकिन यहां पर चिकित्सकों की तैनाती नहीं की जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



इंदिरा देवी का कहना है कि झंडूता में एमडी चिकित्सक न होने से सबसे ज्यादा दिक्कत है। एमडी चिकित्सक न होने से उन्हें व अन्य लोगों को जिला अस्पताल में जाना पड़ता है, जिससे पूरा दिन उनका इसी कार्य के लिए लग जाता है, अगर झंडूता में एमडी चिकित्सक की तैनाती हो जाती है, तो लोगों को अधिक लाभ होगा।



सलोकम चंद्र का कहना है कि कई बार नेताओं को भी इस समस्या के बारे में अवगत करवाया गया है, लेकिन यह समस्या हल नहीं हुई है। नेता यहां के स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की कमियों को पूरा करने का वादा कर जाते हैं उसके बाद सब भूल जाते हैं।



करतार सिंह का कहना है कि आपातकाल स्थिति में झंडूता के लोगों को काफी दिक्कत होती है। अगर रात्रि के समय में यहां पर कोई बीमार होता है, तो उनको यहां पर विशेषज्ञों की ओर से सीधे रेफर कर दिया जाता है। क्योंकि विशेषज्ञों की कमी के चलते लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है।



स्थानीय ग्रामीणों में देशराज का कहना है कि चिकित्सकों की कमी के चलते लोगों को ज्यादा पैसा देकर निजी अस्पतालों में जाकर अपना इलाज करवाना पड़ रहा है। निजी अस्पतालों में अधिक पैसा वसूला जाता है, जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं।



स्थानीय ग्रामीणों में जय सिंह का कहना है कि यहां पर यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है। इस स्वास्थ्य केंद्र का कोई औचित्य नहीं रह जाता है, जब यहां पर विशेषज्ञों की तैनाती न हो।

# बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई के चढ़ावे में बढ़ोतरी

**शाहतलाई।** बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई में वर्ष 2022 में तीन करोड़ एक लाख रुपए का चढ़ावा मंदिर में चढ़ा था, जबकि वर्ष 2023 में चार करोड़ 33 लाख 78 हजार रुपए का चढ़ावा चढ़ा है।

बाबा बालक नाथ की तपोस्थली शाहतलाई में श्रद्धालुओं की आमद में लगातार वृद्धि हो रही है तथा बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास शाहतलाई की ओर से भी श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु लंगर की व्यवस्था की गई है। मंदिर न्यास शाहतलाई के प्रभारी इंजीनियर विजय ठाकुर ने बताया कि मंदिर में वर्ष-2023 में चढ़ावे में एक करोड़ 32 लाख 403 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। उधर, इस बारे में मंदिर के अध्यक्ष एवं एसडीएम झंडूता योगराज धीमान ने बताया कि मंदिर न्यास श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक सुविधाएं देने की प्रति वचनबद्ध है। सुविधा हेतु न्यास द्वारा लंगर की व्यवस्था की गई है।

# विज्ञान की बारीकियों को जाना महत्वपूर्ण जानकारी की एकत्रित




दधोल स्कूल के स्टूडेंट्स साइंस लैब का भ्रमण करते हुए।

अनंत ज्ञान, दधोल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल के स्टूडेंट्स ने यूथ एवं ईको क्लब के अंतर्गत आने वाले डाइट जुखाला में अब्दुल कलाम वैज्ञानिक केंद्र का भ्रमण किया। यहां पर विद्यार्थियों ने विज्ञान की बारीकियों को जाना और अपने लिए महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की।

इसके बाद बच्चों ने एशिया के सबसे बड़े मत्स्य रिसर्च सेंटर दयोली का भी दौरा किया। यहां पर उन्होंने मत्स्य उत्पादन को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर पाठशाला के अध्यापक ज्योति प्रकाश, मुकेश चंदेल, महेश, कमलेश एवं अनीता मौजूद रहे।

# बकरियां चराने को लेकर महिलाओं में मारपीट, मामला दर्ज

**घुमारवीं।** बरमाणा थाना के तहत देलग गांव में बकरियां चराने को लेकर दो महिलाओं में मारपीट हो गई। दोनों ने पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पहले पक्ष की महिला ने कहा कि वह शाम को बकरियां लेकर गोरा में सरकारी जमीन पर चराने गई थी।

वहां उसके गांव की एक महिला आई और रास्ते में रोककर कहा कि यहां पर बकरियां नहीं चरानी हैं। इसके बाद उसने उसे पत्थर मारे। जब यह वीडियो बनाने लगी, तो उस महिला ने इसका मोबाइल पकड़ लिया और उसके साथ लड़ाई की। इस दौरान उसके एक कान का कांटा भी गुम हो गया। दूसरे पक्ष की महिला ने बताया कि शाम को उसने एक महिला को कहा कि उसके खेतों में बकरियां न चराए। इतना कहने पर उस महिला ने उस पर हमला कर दिया और मारपीट की। बिलासपुर एएसपी शिव कुमार चौधरी ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दसलेहड़ा स्कूल में जल्द बिठाई जाएंगी कॉमर्स की कक्षाएं : विवेक

अनंत ज्ञान, झंडूता



दसलेहड़ा स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावियों को पुरस्कार देते हुए।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दसलेहड़ा में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। वार्षिक समारोह के मुख्यातिथि झंडुता कांग्रेस नेता विवेक कुमार का स्कूल पहुंचने पर फूल-मालाएं पहना कर स्वागत किया गया।

स्कूल प्रधानाचार्य कुंदन शर्मा ने मुख्यातिथि विवेक कुमार को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्कूल प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और मुख्यातिथि व गणमान्य लोगों का इस कार्यक्रम में पहुंचने पर धन्यवाद किया। स्कूल के बच्चों की ओर से गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की और उसके बाद स्कूल के बच्चों ने बहुत से सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि विवेक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल के बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और इसके साथ पढ़ाई के ऊपर भी विशेष ध्यान देने के लिए स्कूल के बच्चों को प्रेरित किया।

अगर बच्चे पढ़ लिखकर आगे बढ़ेंगे, तो इससे स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन होगा। कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने कहा कि दसलेहड़ा स्कूल में जल्द ही कॉमर्स की कक्षाएं बिठा दी जाएंगी और स्थानीय लोगों द्वारा की गई डिमांड बैंक की शाखा खोलने का भी पूरा आश्वासन दिया। मुख्यातिथि की ओर से स्कूल के बच्चों को रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए 5100 रुपए भेंट किए गए। इस मौके पर मुख्यातिथि के साथ ब्लॉक कांग्रेस प्रधान सतीश चंदेल, सरदीप भारद्वाज, विजय कौशल, संदीप पंडित, राकेश वालिया, राजकुमार, बीडीसी मेंबर मृदुला ठाकुर, स्थानीय पंचायत प्रधान व एसएमसी के प्रधान अशोक कौशल, संजय कालिया विशेष रूप से मौजूद रहे।

# पांच जनवरी को बनेंगे दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**चिकित्सा जांच अंतिम लाभार्थी को देखने के उपरांत ही समाप्त होगी**

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में दिव्यांग जनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने एवं चिकित्सा जांच के लिए गठित बोर्ड पांच जनवरी को प्रातः 10 बजे क्षेत्रिय अस्पताल बिलासपुर के कमरा नंबर 203 नए ओपीडी परिसर स्थित चिकित्सा जांच करेगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर डॉक्टर प्रवीण चौधरी ने यह जानकारी दी कि यह चिकित्सा जांच अंतिम लाभार्थी को देखने के उपरांत ही समाप्त होगी उल्लेखनीय है कि यह जांच केवल एक दिवसीय है। उन्होंने इच्छुक लाभार्थियों को गठित बोर्ड के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने की अपील की।

**बैठक** खाद्य स्वच्छता पौष्टिकता व गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभाग सामान्य सतर्कता से करें कार्य

# 14,107 पंजीकरण किए, 1079 लाइसेंस हुए जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

बिलासपुर में खाद्य स्वच्छता पौष्टिकता व गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी विभाग परस्पर सामान्य सतर्कता से कार्य करें, ताकि लोगों के स्वास्थ्य को किसी प्रकार की हानि न पहुंचे। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने वीरवार को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए।

जिले के विभिन्न रेस्टोरेंट, ढाबे, रेहड़ी वाले जो खाद्य पदार्थ बेच रहे हैं, वह सुरक्षा मानकों की अनुपालना करें इसके लिए सभी विभाग समय-समय पर औचक निरीक्षण करें तथा दोषियों के प्रति कड़ी कार्रवाई अमल में लाते हुए दंडित किया जाए। जिले में अभी तक 14107 पंजीकरण किए गए, जबकि 1079 लाइसेंस जारी हुए।

जिले में 142 विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे गए, जिनमें से 62 मामलों के अंतर्गत 538000 का जुर्माना लगाया गया। जिले में 2420 आंगनबाड़ी और मिड-डे मील एवं खाद्य आधारित संस्थाओं के कार्यकर्ताओं को विभिन्न जागरूकता शिविरों में खाद्य सुरक्षा मांगों के संबंध में जानकारी व जागरूकता प्रदान की गई। बिलासपुर के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों तथा 130 पंचायतों में खाद्य सुरक्षा संपर्क नंबर अंकित किए गए हैं।

दूध व दूध से बने उत्पाद, तेल, जल, जूस, सॉस तथा पनीर आदि की निगरानी एवं जांच तथा जागरूकता प्रदान करने के उद्देश्य से मोबाइल फूड जांच लैबोरेट्री की ओर से 697 सैंपलों का विश्लेषण किया गया, जबकि 11 जागरूकता शिविरों का आयोजन कर खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता व पौष्टिकता के प्रति जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

### ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एकीकृत बाल विकास विभाग हरीश मिश्रा, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा महेश कश्यप, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी खगेंद्र सिंह, कृषि विकास अधिकारी सीता राम, जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य विभाग डॉ. आनंत राम, उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा बीडी शर्मा, उपनिदेशक उच्च शिक्षा नीलम शर्मा तथा डाइटिशियन रेणुका ने बैठक में भाग लिया।

# जेजवीं स्कूल की प्रधानाचार्या ने स्वयंसेवियों को बांटे 20 ट्रैक सूट

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



जेजवीं स्कूल की प्रधानाचार्या स्वयंसेवियों को ट्रैक सूट भेंट करते हुए।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवीं में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्थानीय पाठशाला की प्रधानाचार्या रेखा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने सामाजिक गतिविधियों से प्रभावित होकर प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने अपनी ओर से विद्यार्थियों को 20 ट्रैक सूट भेंट किए। पिछले वर्ष भी एनएसएस स्वयंसेवियों को ट्रैक सूट भेंट किए थे। इस अवसर पर रेखा शर्मा ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए निस्वार्थ मानवीय सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष शिविर के सफल आयोजन के पश्चात् एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी सतीश कुमार और सुदर्शना कुमारी ने प्रधानाचार्या के अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह उनका योगदान भविष्य में विद्यार्थियों को एनएसएस के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर पाठशाला के सभी अध्यापक, स्वयंसेवी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

# 31 करोड़ की लागत से बनने वाले चुरूडू-लोहारली पुल का 50 फीसदी वर्क कंपलीट



## अब स्पैन जोड़ने का काम आरंभ, लोगों के लिए आवाजाही होगी आसान

## 2022 में रखी गई थी आधारशिला

तीन अप्रैल, 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में इस पुल का नींव पत्थर रखा था। बाद में संबंधित कंस्ट्रक्शन फर्म ने पुल का निर्माण कार्य आरंभ किया। अब इस पुल के सभी फाउंडेशन पिलर तैयार हो चुके हैं।

वाहनों के लिए बीच से बनाया वैकल्पिक मार्ग।

स्वां नदी पर निर्माणाधीन चुरूडू-लोहारली पुल के बनने से जल्द ही लोगों का आना-जाना आसान हो जाएगा।

स्वां नदी पर लगभग 500 मीटर लंबे पुल के स्पैन जोड़ने के लिए डाली शटरिंग। इस पुल के कुल 10 स्पैन होंगे, जिन्हें डबल लेन बनाया जाएगा। पुल के प्रत्येक स्पैन की 50 मीटर लंबाई होगी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**ऊना** जिले में स्वां नदी पर चुरूडू से लोहारली के बीच जल्द ही लोगों का आना-जाना आसान हो जाएगा। इसके लिए स्वां नदी पर लगभग 500 मीटर लंबा पुल बनाया जा रहा है, जिसका 50 फीसदी निर्माण कार्य मुकम्मल हो गया है।

फिलवक्त लोहारली की साइड से पुल के स्पैन जोड़ने के लिए काम चल रहा है। दो स्पैन की शटरिंग हो चुकी है। इसके बाद अन्य आठ स्पैन की शटरिंग की जाएगी। इस पुल के कुल 10 स्पैन होंगे, जिन्हें डबल लेन बनाया जाएगा। पुल के प्रत्येक स्पैन की 50 मीटर लंबाई होगी। पुल के दोनों साइड एक-एक किलोमीटर लंबा का एप्रोच रोड भी बनाया गया है, जिस पर टायरिंग की जानी है। इस पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 32 करोड़ की लागत आएगी।

उल्लेखनीय है कि यह स्वां नदी पर बनने वाला 5वां पुल है। मौजूदा समय में गगरेट से घालूवाल के मध्य इस नदी पर कोई पुल नहीं है। दोनों तरफ बसें लोग अस्थायी मार्ग से आवाजाही करते हैं। बरसात के दिनों में लोगों को आने-जाने में मुश्किल होती है। यदि किसी ने बरसात के दिनों में लोहारली और पंजावर की तरफ से अंब, चुरूडू या बडूही आना हो तो उन्हें घालूवाल से झलेड़ा के रास्ते घूमकर आना पड़ता है। अब पुल के बनने से लोहारली से चुरूडू के लिए कनेक्टिविटी सीधी हो जाएगी, जिससे स्वां नदी के आरपार हजारों लोगों को सुविधा होगी। इसके अलावा लोहारली के आसपास के एरिया के लोगों को चुरूडू रेलवे स्टेशन आने-जाने में आसानी होगी।

### अर्से से उठ रही थी मांग

**चुरूडू** से लोहारली के मध्य स्वां नदी पर क्षेत्र के लोग पुल निर्माण की मांग करते आ रहे थे। लोगों ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से पुल निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके बाद पूर्व भाजपा सरकार में गगरेट के तत्कालीन विधायक राजेश ठाकुर ने पुल निर्माण को लेकर पैरवी की। उन्होंने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से पुल निर्माण का मसला उठाया। इसके बाद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिले। दिसंबर, 2021 को केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने चुरूडू-लोहारली पुल के निर्माण को सीआरएफ कनेक्टिविटी के अंतर्गत 43.37 करोड़ मंजूर किए। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने टेंडर प्रक्रिया शुरू की। वर्क अवार्ड होने के बाद संबंधित फर्म ने पुल निर्माण का कार्य शुरू किया।

### जल्द होगा पुल कंपलीट

**कंस्ट्रक्शन** फर्म के प्रमुख सतीश शर्मा ने कहा कि पुल का 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। अब स्पैन जोड़ने के लिए शटरिंग की जा रही है। इसके अलावा दोनों तरफ एप्रोच रोड पर टायरिंग होनी है। इस कार्य को शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

## हर हाथ अनंत ज्ञान




बंगाणा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते पाठक अनुज ठाकुर।

## न्यूज ब्रीफ

### ओप्टेक विद्या आईटीआई में रोजगार मेला नौ को, ट्रेनियों को रोजगार का अवसर

**ऊना।** टकारला मोड स्थित ओप्टेक विद्या आईटीआई में नौ जनवरी को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के एमडी सुशील शर्मा ने बताया कि इस मेले में मारुति सुजूकी कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा ट्रेनियों का चयन किया जाएगा, जो लिखित परीक्षा के माध्यम से होगा। उन्होंने कहा कि फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, मोटर मैकेनिक, मशीनिस्ट, ट्रेक्टर मैकेनिक, पेंटर, टूल एंड ड्राई ट्रेडों के ट्रेनी भाग ले सकते हैं। इसके लिए आयु सीमा 18 से 24 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अभ्यार्थी अपने शैक्षणिक प्रमाणपत्र और पांच पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आएं। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए नेशनल व मल्टीनेशनल कंपनियों से संपर्क बनाया जा रहा है, जिससे ट्रेनी स्टूडेंट्स को रोजगार मिल सके।

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के लिए विभिन्न पदों को आवेदन आमंत्रित

**बंगाणा।** जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा में पांच जनवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बंगाणा जिला ऊना पांच जनवरी को 18 से 25 वर्ष आयु व सत्र 2017 से 2023 तक आईटीआई पास अभ्यार्थियों का आईटीसी लिमिटेड कपूरथला द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिए अभ्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जिसमें सभी व्यवसायों में केवल लड़कियों का ही चयन किया जाएगा व इसमें आईटीआई इलेक्ट्रिशीयन, फिट्टर, मेकैनिस्ट, मोटर मैकेनिक वहीकल, वायर मैन, इलेक्ट्रॉनिक कोपा की लड़कियां भाग ले सकती हैं। चयनित अभ्यार्थियों को 11517/- हर महीने (सीटीसी) व कंपनी द्वारा अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। उमीदवारों को अपने सभी दस्तावेज, फोटो व स्कूल और आईटीआई प्रमाण पत्र मूल व पांच प्रतियां साथ लाना अनिवार्य है। यह जानकारी आईटीआई के प्रधानाचार्य पुनीत कुमार ने दी है।

### लोहारा स्कूल के स्टूडेंट्स ने एक्सपोजर विजिट से आईटीआई की कार्यप्रणाली को जाना

**अंब।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल लोहारा के स्टूडेंट्स ने गवर्नमेंट आईटीआई नैहरियां की एक्सपोजर विजिट की। इस दौरान स्टूडेंट्स ने आईटीआई की कार्य प्रणाली को नजदीक से जाना, साथ ही विभिन्न ट्रेडों के बारे में जानकारी हासिल की। इंस्टेक्टर सुनील कुमार, विवेक कुमार और आशा रानी ने लोहारा स्कूल के स्टूडेंट्स को वर्कशॉप में स्थापित मशीनों के बारे में उपयोगी जानकारी मुहैया कराई। प्रिंसिपल प्रवेश शर्मा ने कहा कि स्टूडेंट्स आईटीआई में चल रहे ट्रेडों के बारे में अपने परिजनों और दोस्तों को जरूर बताएं। ग्रुप इंस्टेक्टर राकेश कुमार ने कहा कि एक्सपोजर विजिट से जहां स्टूडेंट्स को आईटीआई की कार्य प्रणाली का पता चलता है, साथ ही उन्हें एक-दूसरे को समझने का अवसर मिलता है। लोहारा स्कूल के टीचर रजनीश कुमार, सुमन, सुरेखा और सुमना देवी ने बताया कि स्टूडेंट्स के दल ने आईटीआई की विजिट के दौरान उपयोगी जानकारी हासिल की है, जिसका स्टूडेंट्स प्लस टू की पढ़ाई के उपरांत लाभ मिलेगा।

### गुरुकुल स्कूल के वरुण का खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हुआ चयन

**अंब।** कटौहड़ कलां स्थित गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्टूडेंट वरुण शर्मा का खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए चयन हुआ है। वह नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल खेलों में पांचवां स्थान हासिल किया है। उन्होंने जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई है। वह जमा एक की पढ़ाई कर रहे हैं। उधर, संस्थान के मनेजिंग डायरेक्टर राजेश गौतम और डायरेक्टर ज्योति गौतम ने वरुण की इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वरुण अपनी प्रतिभा के चलते खेलो इंडिया गेम्स में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। वहीं, प्रिंसिपल संतोष कुमारी और प्रिंसिपल डायरेक्टर डीपी राय ने कहा कि गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट्स की प्रतिभा निखारने के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि वरुण का खेलो इंडिया यूथ गेम्स में चयन होने से अन्य स्टूडेंट्स को प्रोत्साहन मिलेगा।



वरुण शर्मा।

### एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट का फैसला, भरना होगा 17.25 लाख का हर्जाना

# चेक बाउंस मामले में दोषी को एक साल की सजा

**अनंत ज्ञान, अंब**

**अंब** स्थित एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट एक की अदालत ने चेक बाउंस मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए एक साल की सजा सुनाई है। दोषी विपन कुमार को हर्जाने के तौर पर 17.25 लाख रुपए अदा करने होंगे।

अधिवक्ता संदीप एस चंदेल के मुताबिक 15 जनवरी, 2019 को शिकायतकर्ता रमेश चंद निवासी पंजोआ लडोली के साथ विपन कुमार ने उसकी कुछ जमीन को छह लाख रुपए में बेचने का लिखित एग्रीमेंट किया था। इसके बाद रमेश चंद ने उसे 5.75 लाख रुपए दे दिए थे। शेष 25 हजार रुपए रजिस्ट्री के वक्त देने की बात तय हुई थी। बढ़ते रेट देखकर रमेश चंद को जमीन की रजिस्ट्री नहीं की। इसके बाद एग्रीमेंट के अनुसार दोषी विपन कुमार ने उसे 11.50 लाख रुपए का चेक दे दिया। इस चेक को रमेश चंद ने बैंक में लगाया, लेकिन उक्त चेक विपन कुमार के अकाउंट में पैसे न होने पर डिसऑनर हो गया। जिस पर रमेश चंद ने अपने अधिवक्ता संदीप एस चंदेल के माध्यम से आरोपी विपन कुमार को लीगल नोटिस दिया। इसके बाद 2019 में यहां कोर्ट में केस दायर किया। बाद में कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई की। दलीलें सुनने के बाद कोर्ट के जज निरंजन सिंह धोचक ने नैगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत विपन कुमार को दोषी करार देते हुए सजा सुनाने के आदेश पारित किए।

### रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला दर्ज

**मैहतपुर।** मैहतपुर के एक व्यक्ति ने आरोपियों पर हमला और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप जड़ा है। इस संबंध में राज कुमार ने मैहतपुर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार बुधवार रात वह अपने घर जा रहा था। इस दौरान आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया। इस बीच उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। फिर उस पर और उसके बेटे पर हमला कर दिया। उधर, एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर रही है।

### घर में घुसकर हमला, दो पर केस दर्ज

**मैहतपुर।** मैहतपुर निवासी महिला ने आरोपियों पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में अरुणा कुमारी ने मैहतपुर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के मुताबिक बुधवार रात दो लोग उसके घर में घुस आए, जिन्होंने उस और उसके बेटे पर हमला कर दिया। महिला का आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उन्हें धमकियां भी दीं, जिसकी शिकायत पुलिस थाना में की गई है। उधर, एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में आरोपियों के विरुद्ध केस दर्जकर जांच शुरू कर रही है।

## विधायक भुट्टो ने रेस्ट हाउस बंगाणा में सुनी जनसमस्याएं



लोगों को चेक बांटते कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

**कुटलैहड़** के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने वीरवार को रेस्ट हॉउस बंगाणा में जन समस्याओं को सुना और करीब 80 समस्याओं का मौके पर समाधान के लिए प्रशासन को आदेश दिए। वहीं कई जरूरतमंद परिवारों को पढ़ाई, दवाई एवं अन्य राहत के लिए आर्थिक चेक वितरण किए। विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी बैठक की और कुटलैहड़ में चल रहे कई दर्जन विकासात्मक कार्यों की फीडबैक लेकर कार्यों में तेजी लाने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा पहली जनवरी को अपनी कैबिनट बैठक में आठ जनवरी से शुरू होने वाली सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को शुरू करने का फैसला लिया है, जो राज्य सरकार का सराहनीय फैसला है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहेंगे और जनता के बीच सरकार के प्रतिनिधि अपना एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम जनता के हितों के फैसले लेकर लाभ पहुंचा रहे हैं। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, महासचिव प्रवीण शर्मा, रणवीर राणा, सुदर्शन शर्मा, कांग्रेस के उपाध्यक्ष नीरज ठाकुर, उपप्रधान भूषण शर्मा, ठाकुर किशोरी हटली, महिंद्र सब्जी मर्चेंट के अलावा प्रशासनिक अधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### ठंड का असर : स्कूलों का शेडयूल बदला

## आज से सुबह 10 से तीन बजे तक खुलेंगे विद्यालय

**उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने आदेश किए जारी**

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**ऊना** जिले में कड़ाके की ठंड के मद्देनजर सभी सरकारी और निजी प्राइमरी स्कूलों की समयसारिणी में बदलाव किया गया है। अब स्कूल सुबह 10 बजे से शाम तीन बजे तक खुले रहेंगे।

यह आदेश पांच से 31 जनवरी तक प्रभावी माने जाएंगे। इस संबंध में डीसी राघव शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार ऊना जिले के समस्त सरकारी और निजी प्राइमरी स्कूल अब सुबह 10 बजे खुलेंगे और शाम तीन बजे छुट्टी होगी। उन्होंने कहा कि यह आदेश प्राइमरी स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी किए गए हैं। इससे पहले सरकारी और निजी प्राइमरी स्कूल सुबह नौ बजे से शाम तीन बजे तक खुल रहते थे। बताते चलें कि पिछले एक सप्ताह से मैदानी क्षेत्रों में कोहरा और धुंध पड़ रही है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। सुबह के समय धुंध होने से बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत हो रही है। बीते बुधवार को इस बारे ऊना के विधायक सतपाल सत्ती ने स्कूलों के शेड्यूल में बदलाव करने की मांग उठाई थी। अब डीसी ने डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंटरी एजुकेशन की सिफारिश पर स्कूलों की समयसारिणी में बदलाव किया है।

## हटली क्लब में पहुंचे श्री अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण अक्षर



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**उपमंडल** बंगाणा के श्रीराम नाटक क्लब हटली के लिए 22 जनवरी को श्री अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीराम जी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण हटली पंचायत के महिला मंडल रिवाड़ के सौजन्य से निमंत्रण का अक्षर प्राप्त हुए। श्रीराम नाटक क्लब के कलामंच पर महिला विंग की अध्यक्षा ज्योति वर्जाता की अध्यक्षता में श्रीराम दरबार सजाकर निमंत्रण अक्षर का स्वागत किया। वहीं हटली क्लब के प्रधान सुरेंद्र हटली एवं महिला बिंग की प्रधान ज्योति बर्जाता, निदेशक विपन साजन ने बताया कि 22 जनवरी को हटली में कलामंच को सजाया जाएगा और सुबह 11 बजे ठंडी खुई बंगाणा से हटली कलामंच तक श्रीराम जी की झांकी निकाली जाएगी। साढ़े 12 बजे से डेढ़ बजे तक हटली कलामंच पर जय मां धूमा म्यूजिकल ग्रुप एवं हिमाचल प्रदेश की बुलंद आवाज डॉ. केशवानंद शर्मा श्रीराम के भजनों से महौल को भक्तिमय बनाएंगे।

### राकेश बने वरिष्ठ सहसचिव

**ऊना।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के गांव घडोह के निवासी राकेश शर्मा को भाजपा किसान मोर्चा का वरिष्ठ सहसचिव बनाया है। राकेश 15 साल से पार्टी में सक्रिय रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर रविंद्र राणा उर्फ कूका गांव करोड़ को कुटलैहड़ किसान मोर्चा का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। नवनियुक्त भाजपा किसान मोर्चा के वरिष्ठ सहसचिव राकेश शर्मा एवं मीडिया प्रभारी रविंद्र राणा ने पूर्व मंत्री एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर, जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह, कुटलैहड़ मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा एवं मंडल किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुनील शारदा का आभार जताया है।

### बच्चे पढ़ेंगे चौहान की रचनाएं

**मंडी।** प्रदेश के सुंदरनगर क्षेत्र के युवा साहित्यकार पवन चौहान के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। इस बार उनकी तीन रचनाएं पाठ्यक्रम में शामिल हुई हैं। ये रचनाएं सीबीएसई और आईसीएसई संबद्ध निजी विद्यालयों के पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 से पढ़ाई जाएंगी। वीवा एडुकेशन की पाठ्यपुस्तक शृंखला 'अविरल' के अंतर्गत देशभर के स्टूडेंट्स पढ़ेंगे। कक्षा सातवीं में जहां संवाद के रूप में 'श्रेष्ठ भारत' नामक रचना शामिल हुई है, वहीं कक्षा आठवीं में कहानी 'घोंसला' तथा 'छितकुल की यात्रा' फीचर के रूप में स्टूडेंट्स को पढ़ाई जाएगी।

### युवा सद्भावना दिवस मनाया

**मंडी।** आईटीआई बैहना में युवा सद्भावना एवं जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। इसमें भारत सरकार के माध्यम से चलाए गए डीडीयू कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के प्रदेश महासचिव एवं प्रवक्ता चमन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी हीर सिंह ठाकुर, समाजसेवी डीआर बालिया, डीडीयू की प्रभारी दिव्या ठाकुर, प्रीति, सोनाली ठाकुर व अंजू मौजूद रहे।

### जागरूक करने पर हुई चर्चा

**गोहर।** चुनावों में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विस क्षेत्र 28-नाचन में स्वीप टीम के अधिकारियों के साथ उपमंडल अधिकारी लक्ष्मण सिंह कन्नेट की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर विस्तार से मतदान प्रतिशत बढ़ाने व अपने मतदाताओं को उनके मत का महत्त्व एवं ईवीएम संचालन के बारे में जागरूक करने के लिए चर्चा की गई।

**उत्सव** | 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश दिवस पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन

# देहलां में गूंजे बोले सो निहाल के जयकारे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**देहलां** में वीरवार को सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश दिवस पर भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया।

इस दौरान नगर कीर्तन की पांच प्यारों ने अगुआई की, जिसमें बाबा जीत सिंह सहित काफी संख्या में संगतों ने भाग लिया। इससे पहले नगर कीर्तन देहलां के गुरुद्वारा से शुरू हुआ, जो गुरुद्वारा गिडगिड़ा साहिब पहुंचा। अगले पड़ाव में नगर कीर्तन अस्थान भाई लाल दास पहुंचा, जहां पर दीवान सजाया गया। नगर कीर्तन का जगह-जगह स्वागत बोले सो निहाल के जयकारों के बीच स्वागत हुआ। संगतों ने श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की पालकी पर पुष्प वर्षा की।

नगर कीर्तन में संगत सतनाम श्री वाहेगुरु का जाप करते हुई चल रही थी। बाबा जीत सिंह ने संत महापुरुषों का स्वागत किया और उन्हें सिरोपे प्रदान किए। कार्यक्रम में बाबा सुरिंदर सिंह, बाबा तिरलोक, मनजीत सिंह, मलकीत सिंह और संतोख सिंह के ढाडी जत्थे ने गुरु गोबिंद सिंह के जीवन का उल्लेख किया। इस मौके पर गुरुनानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला, गोपाल सिंह बालीवाल, जोग्मान सिंह, परमजीत सिंह, करनैल सिंह, निर्मल सिंह कई अन्य उपस्थित रहे।



व्यक्तियों को कुचल कर, वे विचारों को नहीं मार सकते। – भगत सिंह



# सीपीएस पर हाई कोर्ट का फैसला लोकतंत्र की जीत

**हिमाचल** प्रदेश हाई कोर्ट ने मुख्य संसदीय सचिवों यानी सीपीएस की नियुक्ति मामले में सूक्खू सरकार को बड़ा झटका दिया है। सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई पर कोर्ट ने सभी सीपीएस को मंत्रियों वाली सुविधाएं लेने और मंत्रियों वाले कार्य करने पर रोक लगाने का आदेश देकर सराहनीय काम किया है। वैसे देखा जाए तो सीपीएस सरकार का बोझ ही बढ़ा रहे थे। सरकार पहले ही आर्थिक संकट से जूझ रही है और ऊपर से सीपीएस को मंत्रियों जैसी सुविधाएं देना किसी भी सूरत में ठीक नहीं लग रहा था। विपक्ष इस मामले को लगातार उठाता रहा और अब जाकर हाई कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेकर जहां एक ओर सरकार का खर्चा बचाया तो वहीं विपक्ष को भी संतुष्ट करवाया है। हाल ही में सुक्खू कैबिनेट ने बिलासपुर जिले के घुमारवीं से विधायक राजेश धर्माणी और कांगड़ा जिले के जयसिंहपुर से विधायक यादवेंद्र गोमा को भी अपनी कैबिनेट में जगह दी है। इस विस्तार के बाद हिमाचल प्रदेश कैबिनेट में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री को मिलाकर 11 मंत्री हो गए हैं। हालांकि, एक मंत्री का पद अभी भी खाली है जो कभी भी भरा जा सकता है। जब जबकि हाई कोर्ट ने सीपीएस मामले में आदेश जारी किए हैं तो देर सवेर सरकार को एक मंत्री अपनी कैबिनेट में रखना ही होगा वरना जिनको सीपीएस बनाया था उनमें नाराजगी भी बढ़ जाएगी। एक सीपीएस तो सुक्खू कैबिनेट में एडजस्ट हो सकता है, लेकिन बाकी का क्या होगा यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा। आशीष बुटेल, संजय अवस्थी, सुंदर सिंह ठाकुर, किशोरी लाल, राम कुमार चौधरी और मोहन लाल ब्राक्टा सुक्खू सरकार में सीपीएस थे। अगर किसी मंत्री या उसके विभाग को बदला जाता है, तो जाहिर सी बात है इसका राज्य की राजनीति में असर होगा। कांग्रेस अगले लोकसभा चुनाव को देखते हुए फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। साल 2022 में विधानसभा चुनाव हुआ था। तब 68 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस पार्टी 40 सीटों पर विजयी हुई थी, जबकि भाजपा 25 सीटों पर सिमट गई थी। 11 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य की कमान संभाली थी। सीपीएस की नियुक्ति असंवैधानिक है, क्योंकि यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद-164 के प्रावधानों का उल्लंघन करती है। सीपीएस को मंत्री स्तर की सुविधाएं देना भी अनुचित है, क्योंकि इससे लोकतंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सरकार ने सीपीएस की नियुक्ति को विधानसभा में एक कानून पारित करके वैध बनाया था, लेकिन न्यायालय ने इस कानून को भी असंवैधानिक करार दिया है। हिमाचल प्रदेश में सीपीएस की नियुक्ति का मामला पिछले साल से विवादों में था। विपक्षी भाजपा ने इस नियुक्ति को चुनौती दी थी और कहा था कि यह संविधान के खिलाफ है। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया था कि सीपीएस की नियुक्ति मंत्रियों के पदों को भरने के लिए की गई है, ताकि कांग्रेस सरकार अपने विधायकों को खुश रख सके। न्यायालय के इस फैसले के बाद अब यह स्पष्ट हो गया है कि हिमाचल प्रदेश में सीपीएस की नियुक्ति असंवैधानिक है। यह फैसला लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है और यह दिखाता है कि न्यायपालिका संविधान के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभा रही है। फैसला यह भी स्पष्ट करता है कि राज्य सरकारें संविधान के प्रावधानों को बदलने के लिए कानून नहीं बना सकती हैं। साथ ही यह भी दिखाता है कि न्यायपालिका संविधान के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका निभा रही है और वह लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। कुल मिलाकर सीपीएस का पद संवैधानिक नहीं है यह बात अब सबको समझ लेनी चाहिए। मुख्य संसदीय सचिव की नियुक्ति विधानसभा की ओर से बनाए गए कानून के तहत हुई थी। उन्हें संबंधित विभाग के मंत्री की मदद करने के लिए नियुक्त किया गया था। मुख्य संसदीय सचिव व संसदीय सचिव के पद का सृजन वर्ष 2003 में किया गया था।

# बढ़ते कंक्रीट के जंगल, घटते मिट्टी के घर

**पहले सरकंडे वाले घास से छाने का काम मुरली दीवार के ऊपर से शुरू होता था, उसे 'पराऊली' कहा जाता था। पहले पूरी दीवार के ऊपर छाने का पहला चरण पूरा होने पर बीचों-बीच चीरे गए बांस का एक किनारा छाए गए घास के ऊपर रखा जाता है। छाने वाला कारीगर घास के निचले भाग को थापीनुमा औजार से बिलकुल बराबर करता था। उसके बाद बांस के चीरे गए भाग को उल्टा रखकर उसे द्वाली के रेशे से अंदर की ओर डाले गए कोल से कसता था।**

**यह काम उसके दूसरे औजार सूरले को अंदर की ओर डालता था। दूसरा व्यक्ति रेशे के एक सिरे को सूरले के छेद से कोल के एक ओर से और दूसरे सिरे को दूसरी ओर डालता था। इस तरह कारीगर ऊपर रखे बांस से कसता, जिसमें रेशे को दोनों सिरों के बीच बांस को कसता था। इससे बाहर के बांस और अंदर का कोल छाए गए घास को मजबूती देता था। उसके बाद छाने का दूसरा चरण शुरू होता। दोबारा पहले की तरह का क्रम दोहराया जाता और दूसरी ओर भी इस प्रकार ही छाने का काम किया जाता था। यह काम इतनी बारीकी से होता था कि बारिश के पानी की एक बूंद भी अंदर नहीं पड़ती थी। छत के दोनों ओर के ढलानदार भाग को 'पखट' कहते थे। छान बनने के बाद मकान की लिपाई का काम शुरू हो जाता था।**



लेखक
रामलाल पाठक
जिला बिलासपुर
मो: 9418191973

**बीती** शताब्दी के पूर्वाद्ध के बाद सातवें दशक तक पत्थरों व मिट्टी के गारे से बने मकानों का अधिक प्रचलन रहा है। उन मकानों पर घास की छत (छान) बनाई जाती रही है। शुरू में धरातल मंजिल ही होती थी। उसे 'भ्यूंसू घर' कहा जाता था। उसमें मात्र एक ही कमरा होता था। उसी में ही रसोई होती थी और उसी में ही बाण की चारपाई बिछाकर शयन कक्ष होता था। दिन को चरपाइयां खड़ी कर देते थे। फर्श की तीन-चार दिन के बाद गाय के गोबर से लिपाई की जाती थी, जिसमें लिपाई में ही फूल-पत्तियां आदि उकेरी जाती थीं। अंदर व बाहर दीवार पर फीट-दो-फीट की ऊंचाई तक काली मिट्टी से लिपाई की जाती थी। उसे 'पाठू' कहा जाता था। कच्चे मकान प्रकृति रूप से एयरकंडीशनर होते थे। गर्मियों में ठंडे व सर्दियों में गर्म होते थे। मकान बनाने के लिए सबसे पहले सुरक्षित स्थान की तलाश होती थी। मकान की कितनी लंबाई-चौड़ाई होनी है, उस हिसाब से उस स्थान को समतल किया जाता था। ज्योतिष गणना के अनुसार शुभ मुहूर्त में ही सारे काम किए जाते थे। मकान का निर्माण करने वाले कारीगर को बुलाकर उस स्थान की नाप-नपाई करवाई जाती। इसका पैमाना 'हाथ' में होता था अर्थात बाजू की कोहनी से आगे बड़ी अंगुली तक का माप, जो करीब डेढ़ फीट का होता है। मकान की पैमाइश 'हाथ' की गणना अनुसार ही होती थी, यानी सात हाथ चौड़ा और 11 हाथ लंबा मकान बनाया जाता था। रस्सी से मकान के नीचे आने वाली जमीन को मापा जाता था।

मकान कितना लंबा-चौड़ा बनाना है, इसके लिए मकान मालिक की स्वीकृति जरूरी होती। मकान छोटा या बड़ा बनाना मकान मालिक की समर्थानुसार ही होता था। इस नाप-नपाई को 'रस्सी बाणा' की रस्म कहा जाता था। इस खुशी में मकान बनाने वाला व्यक्ति शकर या बताशे बांटता था। भूमि पूजन के बाद नींव की खोदाई की जाती और उसके साथ ही नींव पत्थर स्थापित किया जाता था। उसे 'वास्तु रखना' कहा जाता। था। नींव की खोदाई कच्ची या पक्की जमीन देखकर की जाती। कच्ची जगह होने पर नींव तब तक खोदी जाती, जब तक पक्की जमीन आ जाए। उसमें बड़े व पक्के पत्थर डाले जाते, जिसे 'नीऊं भरना' कहा जाता था। नींव जितनी पक्की होगी मकान भी उतना ही मजबूत होगा। यह एक लोक कहावत भी है। पत्थरों की चिनाई मिट्टी के गारे से की जाती थी। फीट भर की चिनाई के बाद लकड़ी से बनी दरवाजे की चौखट खड़ी की जाती,



जबकि तीन-चार फीट तक पत्थरों की चिनाई की जाती थी, ताकि भविष्य में बरसात की बौछार से दीवार खराब न हो। उसके बाद 'भीत-कांधा' का काम शुरू हो जाता। लकड़ी के दो तख्त जो करीब सात-आठ फुट लंबे और एक-डेढ़ फीट चौड़े होते थे। उनको आपस में करीब डेढ़ से दो फीट की चौड़ाई में फिट किया जाता था। उनके एक सिरे को भी लकड़ी के टुकड़े से बंद किया जाता है। उक्त दो तख्तों को बैलों की तरह जोड़ा जाता है। तख्तों के नीचे तीन बांस के टुकड़े रखे जाते। उनके दोनों सिरों की ओर एक-एक छेद किया होता था। इसी तरह तख्तों के ऊपर भी तीन डंडे जोड़े जाते थे। ऊपर व नीचे के डंडों में डाले गए छेदों को बराबर करके अन्य तीन डंडों, जो दोनों ओर से पैने किए हुए दोनों सिरों को ऊपर नीचे के डंडों में फिट करके दोनों तख्तों को कस देते थे। उन तख्तों को भित्त कहा जाता है। दोनों भित्तों की निर्धारित दूरी बनाए रखने के लिए उनके बीच में मोटे-छोटे लकड़ी के डंडे, जो उतने नाप के होते थे, जितने नाप की मोटी दीवारें बनानी होती थीं। बांस के डंडों से कसे भित्तों के बीच नमी वाली मिट्टी डाली जाती थी। उस पर मुंगरियों (करीब एक फीट गोल व्यास की लकड़ी, जिसे पकड़ने के लिए हत्थी गढ़ी होती है) से चोटें करके मिट्टी को जाम किया जाता। जब वह भाग पक्का हो जाता, तो उन तख्तों को उसी तरह आगे जोड़ा जाता। दीवारों के कोने बनाने के लिए भीत की चौड़ाई के माप की वर्गाकार छोटी तख्ती लगाई जाती।

उसे 'धड़ा' कहा जाता था। दीवार के बीच वाले भाग में धड़ा नहीं लगाया जाता था। चारों ओर दीवार खड़ी होने पर धड़े की स्थिति एक के ऊपर इकट्ठा एक इस ओर और दूसरी उस ओर होती थी, ताकि दीवार के कोनों में दाब आ सके। इस प्रक्रिया को 'भीत कांधा' कहा जाता था। एक के बाद एक और एक के ऊपर एक के क्रम में मिट्टी के भित्त जाम किए जाते थे। चार दीवार की ऊंचाई छह-साढ़े छह हाथ हो जाती। तब अगली व पिछली दीवार पूरी हो जाती थी, लेकिन चौड़ाई वाली दीवारों को शंकु आकार में बनाया जाता। उसे चकंधा कहा जाता था। भित्त कांधा में प्रयोग होने वाली मिट्टी न तो ज्यादा गीली और न खुश्क होती थी। मकान की छत बनाने के लिए चौड़ाई वाली शंकु आकार की दोनों दीवारों के बीच आर-पार फिट होने वाली लंबी व मोटी लकड़ी रखी जाती थी। उसे 'बला' कहा जाता था। इसके दोनों ओर यानी मकान के आगे व पीछे की तरफ कड़ियां (काती) डाली जाती थीं। कड़ियों के बीच बांस या पतली लकड़ी की कड़ियां डाली जाती थीं, जिसे 'कोल' कहा जाता था। चौड़ाई वाली कड़ियों को 'बत्ते' कहा जाता था।

मोटी कड़ियों के बीच आड़े-तिरछे पतली लकड़ियां लगाई जाती थीं। छत के इस पूरे ढांचे को 'बाल्यारण' कहा जाता था अर्थात छप्पर बन कर तैयार हो जाता था। उसका अगला व पिछला भाग ढलानदार होता था, ताकि बारिश का पानी एकदम नीचे उतर जाए। उसके बाद छत पर घास छाने की प्रक्रिया शुरू हो जाती थी। सरकंडे का घास (सरवाड़) और लंबा आम घास अलग करके उसे पानी में भिगोया जाता था। जब उसमें कुछ नमी रह जाती थी। उसके बाद डंगरासे से उसके मूल वाले भाग को काटकर बराबर कर लिया जाता था। घास की छत छाने वाल भी विशेष कारीगर होता था। कपड़े धोने की थापी की तरह व एक लोहे की छड़ीनुमा, जिसके ऊपरी भाग में हत्थी होती थी और निचले भाग में छेद होता था, उसे 'सूरला' कहा जाता था। उसके पास ये दो औजार होते थे। छाने का काम शुरू करने से पहले टौर की सुखी बेल ( जिसके पत्तों की पत्तलें बनाई जाती हैं।) से पतले रेशे बनाए जाते थे। उन्हें भी पानी में भिगोकर रखा जाता था। उस सूखी बेल को 'द्वालिया' कहा जाता था।

पहले सरकंडे वाले घास से छाने का काम मुरली दीवार के ऊपर से शुरू होता था, उसे 'पराऊली' कहा जाता था। पहले पूरी दीवार के ऊपर छाने का पहला चरण पूरा होने पर बीचों-बीच चीरे गए बांस का एक किनारा छाए गए घास के ऊपर रखा जाता है। छाने वाला कारीगर घास के निचले भाग को थापीनुमा औजार से बिलकुल बराबर करता था। उसके बाद बांस के चीरे गए भाग को उल्टा रखकर उसे द्वाली के रेशे से अंदर की ओर डाले गए कोल से कसता था। यह काम उसके दूसरे औजार सूरले को अंदर की ओर डालता था। दूसरा व्यक्ति रेशे के एक सिरे को सूरले के छेद से कोल के एक ओर से और दूसरे सिरे को दूसरी ओर डालता था। इस तरह कारीगर ऊपर रखे बांस से कसता, जिसमें रेशे को दोनों सिरों के बीच बांस को कसता था। इससे बाहर के बांस और अंदर का कोल छाए गए घास को मजबूती देता था। उसके बाद छाने का दूसरा चरण शुरू होता। दोबारा पहले की तरह का क्रम दोहराया जाता और दूसरी ओर भी इस प्रकार ही छाने का काम किया जाता था।

यह काम इतनी बारीकी से होता था कि बारिश के पानी की एक बूंद भी अंदर नहीं पड़ती थी। छत के दोनों ओर के ढलानदार भाग को 'पखट' कहते थे। छान बनने के बाद मकान की लिपाई का काम शुरू हो जाता था। पहले दीवारों मिट्टी-गारे से लिपाई की जाती। फिर मिट्टी व गाय के गोबर का पतला गारा बनाया जाता उसे 'दलेवा' कहा जाता था। मिट्टी-गारे की लिपाई में जो कमी रह जाता थी। वह दलेवे से पूरी हो जाती थी। दलेवे पर 'गोल्लू' दिया जाता था। गोल्लू सफेद मिट्टी होती है। उसे पानी में घोल कर चूने की तरह लिपाई की जाती थी। अंदर और बाहर एक जैसी होती थी। उसके बाद 'कोहरे वाण' ने एक कमरा तथा 'दोहरे वाण' में दो कमरे होते थे। इसी तरह एक मंजिल मकान बनने लगे। उनमें चार कमरे एवं छह कमरे होते थे। चार कमरों में बीह, ओबरा, पऊड़ा व बौड़ होते थे, जबकि छह कमरों में बीह, दो ओबरे, पऊड़ा व दो बौड़ी होते थे। बीह व पऊड़ा बड़े कमरे होते थे। छत छाने के लिए घास, खपरैल, चक्के, टीन चादर प्रयोग में लाए जाते थे। अब स्लैप वाले पक्के मकानों के प्रचलन बढ़ गया है।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### दौड़ विकास की



*हो रहा है*
*छलनी-छलनी*
*सीना,*
*धरती का*
*नदी का*
*पहाड़ का।।*
*जंगल*
*बने मैदान,*
*पेड़ों का मिटा निशान,*
*बिगड़ा संतुलन,*
*पशु, पक्षी*
*सब चुप चाप*
*उदास और निराश।*
*क्योंकि,*
*बेजान हैं,*
*बेजुबान हैं*
*सब।*
*क्या करें?*
*बोल सकते नहीं!*
*कौन दे दलील,*
*कैसे कहां*
*करें अपील?*
*है नहीं,*
*कोई वकील!*
*विकास की*
*अंधी दौड़ में,*
*रेत, बजरी और*
*पत्थर पानी की*
*मांग बहुत बड़ी है!*
*कैसी विकास की दौड़ चली है!*

कवि
डॉ. कमल के प्यासा
परुथी108/6,द्वितीय तल,लोअर समखेतर, मंडी।
मो 9882176248

## प्रेरक कथा

### दूसरों की मदद



**एक** सेमिनार में 200 लोगों ने हिस्सा लिया। प्रवक्ता ने वहां बैठे हर व्यक्ति को एक गुब्बारा दिया और उसपे अपना नाम लिखने को कहा। वहां बैठे सभी लोगों ने गुब्बारे पे अपना-अपना नाम लिख दिया। प्रवक्ता ने उन गुब्बारों को लिया और एक कमरे में रख दिया। फिर प्रवक्ता ने सभी लोगों से कहा, 'आप लोग उस कमरे में जाइए और पांच मिनट के अंदर अपने नाम का गुब्बारा लेके आइये।' सभी लोग कमरे के अंदर गए और एक-दूसरे को धक्का देते हुए अपने नाम का गुब्बारा ढूंढने लगे। नतीजा ये हुआ कि पांच मिनट बीत गए, पर किसी को भी अपने नाम का गुब्बारा नहीं मिला। प्रवक्ता ने फिर कहा, 'अंदर जाओ और कोई भी गुब्बारा मिले, उसे उठा लो और उसपे जिसका नाम लिखा है उसे दे दो।' पांच मिनट से भी कम समय से सबके पास अपने नाम का गुब्बारा आ गया। इस कहानी से ये सीख मिलती है कि अपनी भलाई के बारे में ही नहीं सोचना चाहिए। दूसरों की मदद करने से भी हमारा काम आसान हो सकता है। हमें हमेशा दूसरों की मदद के लिए आगे रहना चाहिए।

# युवाओं को उलझा रहा साइबर बुलिंग का जाल

**साइबर** क्राइम टेक्नोलॉजी उन्नति का परिणाम है। एक तरफ तो हम टेक्नोलॉजी में प्रगति कर रहे हैं, वहीं दुष्परिणामों का भी हमें भुगतान करना पड़ रहा है। साइबर क्राइम इंटरनेट के जरिए किया जाने वाला अपराध है। यह आजकल का सबसे प्रचलित अपराध बन चुका है। आज हर कोई सोशाल मीडिया के जरिए इंटरनेट की दुनिया से जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया में फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप जैसे प्लेटफार्म आते हैं। आज सोशल मीडिया से सबसे ज्यादा युवा वर्ग जुड़ा हुआ है, जो अपने दिन का अधिकतर समय सोशल मीडिया पर ही बिताता है। कई युवाओं को सोशल मीडिया के जरिए देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाने का मौका मिला, वहीं सोशल मीडिया के कारण हमारा युवा वर्ग एक ऐसे अपराध का भी सामना कर रहा है, जिसे हम साइबर बुलिंग के नाम से जानते हैं।

साइबर बुलिंग एक तरह की ऑनलाइन रैगिंग होती है। यह इंटरनेट के माध्यम से होने वाला शोषण है, जिसमें किसी को धमकाना, किसी के खिलाफ कोई अफवाह फैलाना, भद्दे कमेंट करना और किसी के चरित्र को लेकर अभद्र टिप्पणी जैसे मामले आते हैं। इंटरनेट पर किसी भी तरह की अश्लील भाषा का प्रयोग करना, किसी की फोटो का गलत इस्तेमाल करना यह सब काम साइबर बुलिंग के अंदर आते हैं। कोविड-19 काल में लॉकडाउन के दौरान युवा पीढ़ी को ऑनलाइन क्लासेज लगानी पड़ रही थीं। इस दौरान साइबर बुलिंग का प्रचलन ज्यादा बढ़ गया। बहुत से बच्चों ने साइबर बुलिंग से तंग आकर अपनी पढ़ाई तक छोड़ दी, जो बच्चे साइबर बुलिंग का शिकार होते हैं। उनके दिमाग में खुद को



लेखिका
लतेश भार्गव
मंडी (हिमाचल प्रदेश)
मो : 7831976850

**स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वह साइबर सुरक्षा के लिए सुनिश्चित करें कि उनके स्कूल के सभी कंप्यूटर में लाइसेंस वाले सॉफ्टवेयर चल रहे हैं और स्कूल का वाई-फाई पासवर्ड सुरक्षित किया गया है। इसके लिए स्कूल को किसी थर्ड पार्टी की सेवा लेने का भी सुझाव दिया गया है। विद्यार्थियों से कहा गया है कि वह इस साइबर बुलिंग के खिलाफ अपने शिक्षकों या अभिभावकों के पास जाकर शिकायत जरूर करें।**



नुकसान पहुंचाने और आत्महत्या करने के विचार आने का खतरा होता है। हाल ही में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने पहली बार बच्चों की साइबर सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देश को तीन हिस्सों में जारी किया गया है। पहले हिस्से में स्कूलों के लिए, दूसरे में विद्यार्थियों और तीसरे में शिक्षकों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

स्कूलों को निर्देश दिए गए हैं कि वह साइबर सुरक्षा के लिए सुनिश्चित करें कि उनके स्कूल के सभी कंप्यूटर में लाइसेंस वाले सॉफ्टवेयर चल रहे हैं और स्कूल का वाई-फाई पासवर्ड सुरक्षित किया गया है। इसके लिए स्कूल को किसी थर्ड पार्टी की सेवा लेने का भी सुझाव दिया गया है। विद्यार्थियों से कहा गया है कि वह इस साइबर बुलिंग के खिलाफ अपने शिक्षकों या अभिभावकों के पास जाकर शिकायत जरूर करें। वहीं, शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वह नियमित तौर पर बच्चों द्वारा प्रयोग किए जा रहे डिवाइस और ब्राउजिंग हिस्ट्री की जांच लेते रहें और उन पर नजर रखें। स्कूल की कंप्यूटर प्रयोगशाला तक केवल अधिकृत लोगों की पहुंच हो, यूएसबी का उपयोग प्रतिबंधित किया जाए, पॉपअप को ब्लॉक करने और डेक्सटॉप पर किसी नए व अनजान आइकन की मौजूदगी पर निगाह रखने जैसे कई दिशा-निर्देश एनसीईआरटी ने जारी किए हैं।

हमें कैसे पता चलेगा कि बच्चा साइबर बुलिंग का शिकार हुआ है? बच्चे का असामान्य व्यवहार, शांत रहने लगा है, बात-बात पर गुस्सा करने लगा है, कंप्यूटर देखकर अजीब बर्ताव करता है, कंप्यूटर ऑन होने से डर जाता है और कई सोशल गतिविधियां में भाग लेना बंद कर दिया है, पढ़ाई में उसकी रुचि कम हो गई है। उसका भाई-बहनों और दोस्तों के साथ व्यवहार में बदलाव आने लगा है। वह अपना ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहा है और फोन और कंप्यूटर का कम इस्तेमाल कर रहा है। अगर बच्चा इस तरह के व्यवहार में दिखाई दे रहा है, तो वह साइबर बुलिंग का शिकार हुआ है। ऐसे में आवश्यक है कि बच्चे से इस बारे में बात की जाए। उसे यह विश्वास दिलाया जाए कि हम उसकी मदद कर सकते हैं। इसमें अभिभावकों और अध्यापकों का बहुत बड़ा योगदान रहेगा। साइबर बुलिंग से निपटने के दो तरह के विकल्प हैं। कानून की मदद से और निजी स्तर पर। अभिभावकों को चाहिए कि बच्चे के साथ ऑनलाइन समय बताएं। उसकी ब्राउजिंग हिस्ट्री पर नजर रखें।

बच्चों को यह बताएं कि कौन सी जानकारी हर किसी के साथ ऑनलाइन साझा नहीं करनी चाहिए? बच्चों को यह सिखाना है कि किसी भी अनजान व्यक्ति से ऑनलाइन बात न करें और न ही उसके मैसेज का जवाब दें। बच्चे से खुलकर बात करें और इस समस्या पर स्कूलों के शिक्षकों, बच्चों और अभिभावकों के बीच में एक नियमित बातचीत होती रहनी चाहिए। परिस्थिति को नियंत्रण करने के लिए बच्चे की काउंसिलिंग भी की जा सकती है और स्कूलों में कार्यशाला भी लगाई जा सकती है। साइबर बुलिंग से जुड़े मामलों में आईटी एक्ट के साथ ही भारतीय दंड संहिता की धाराओं में भी सजा का

# अवैध कब्जों से मिल रहा अराजकता, बदमाशियों को बढ़ावा



## ब्लॉगर

लेखक : मुमुक्षु केटी
स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार, व्यंग्य लेखक,
मोहल्ला ओबड़ी, चंबा शहर।

**यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।**

**यह** देखना, जान लेना अत्यंत ही आवश्यक है कि किन लोगों ने, किन परिस्थितियों में सरकारी भूमि पर कब्जा और अवैध निर्माण किया है? और अब क्या-क्या कर रहे हैं? हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को नियमित करने के लिए कभी कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए, भूलकर भी नहीं। ये अत्यंत ही चिंता, कष्ट और खेद का विषय बन जाएगा।

निर्धन, लाचार, असहाय, जरूरतमंद किसानों के मामले में तो अवश्य ही विचार किया जा सकता है। लेकिन, प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में भी हजारों अपराधी प्रवृत्ति के लोगों ने सरकारी भूमि पर सर्वथा अवैध कब्जे और निर्माण कर रखे हैं। दुष्ट लोगों को कानून, सरकार, संविधान का कोई भी भय नहीं है।

कुछ वकील और संबंधित विभागों के कई कर्मचारी भी इन बदमाशों को सलाह देते हैं, उकसाते हैं; बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से खूब सिखाते हैं कि कानून व सरकारी नियमों को धोखा देकर कब, कैसे, कहां, क्या करना है?

पता नहीं, इन सरकारी कर्मचारियों को यह सब करने में क्या फायदा और लाभ होता है? इस विषय में मेरे पास बीसियों सबूत हैं कि पचासों बार लिखित शिकायत ई-मेल और सोशल मीडिया के माध्यम से भी करने के बावजूद इन मामलों में लगभग शून्य प्रतिशत ही कार्रवाई की जाती है।

यह इतना गंभीर, गहन और महत्वपूर्ण विषय है कि शिकायत करने पर मुझे माननीय गृह मंत्रालय, माननीय कानून व न्याय मंत्रालय की ओर से एक सकारात्मक, शुभ, लिखित/मुद्रित पत्र भी प्राप्त हुआ है! इन तमाम हालात और समस्त परिस्थितियों को देखते, जानते हुए भी यदि घोर असामाजिक, दुष्ट तत्वों को सरकारी यानी हम सभी की भूमि दान कर दी गई, तो यकीन मानिए प्रदेश, समाज, देश के सभी सभ्य, सुसंस्कृत नागरिकों के लिए अत्यंत ही पीड़ा और भयंकर अफसोस वाली 'दुर्घटना' हो जाएगी! माननीय सरकार को चाहिए कि इस अत्यंत ही महत्वपूर्ण विषय के संबंध में बहुत ही सोच-समझ, जांच-पड़ताल कर विशिष्ट विवेक के साथ कार्य और कार्रवाई करें। प्रदेश में सरकारी भूमि अवैध कब्जे के कई मामले हैं, जिन पर कई लोगों ने कई सालों से कब्जे जमाए हैं। अवैध कब्जे के लिए लोग आपस में लड़ते हैं और समाज में अराजकता को फैलाते हैं। बदमाशियां तक करते हैं। ऐसे में जरूरी है ऐसे मामले में भी सख्त कानून बने।

## आपका पत्र

**आधुनिक** जीवन शैली कई विकारों से भरी है। आदमी व्यस्त नहीं अस्त-व्यस्त हो गया है। जितनी सुविधाओं से भरपूर जीवन हो रहा है उतना ही आदमी अपने जीवन में सुकूं के चार पलों से महरूम हो रहा है। आखिर ऐसे हालात क्यों पैदा हो रहे हैं। इतनी व्यस्त लाइफ क्यों हो रही है। घर से लेकर दफ्तर तक आदमी एक मशीन का चलता पुर्जा बनकर रह गया है। यही कारण है कि कम उम्र में हार्ट अटैक, हाइपरटेंशन और शुगर जैसी बीमारियां होने लगी हैं। जिंदगी अस्त-व्यस्त तो ही है, वहीं खान-पान भी सही नहीं रहा है। असमय खाना, किसी भी वक्त खा लेना। यही एक व्यस्त लाइफ का रूटीन बनता जा रहा है, जो भविष्य में सेहत के लिए बिलकुल भी सही नहीं है। हमें इस जिंदगी को व्यस्त रखना है, लेकिन अस्त-व्यस्त नहीं। जिंदगी कैसे व्यवस्थित होगी। यह हम-आप पर निर्भर करता है। वर्ना आजकल तो जिंदगी ऐसे है। बकौल शायर निदा फाजली :-

**'सुबह से शाम तक बोझ ढोता हुआ**
**अपनी ही लाश का खुद मजार आदमी।'**

– रवि कुमार, कांगड़ा

## आपकी डायरी

इक तेरे शायर ए
जमाल के रंग
आ संवर जा तू
खुद पे डाल के रंग।
न लगा तू सुखन
पे अपने मगर
देख तो अपने
खुशख्याल के रंग।



शायर
विकास राणा
बैजनाथ, कांगड़ा।

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# टीम इंडिया ने 7 विकेट से जीता दूसरा टेस्ट

- टेस्ट इतिहास का सबसे छोटा मुकाबला
- 108 ओवर में ही मैच खत्म
- साउथ अफ्रीका के साथ टेस्ट सीरीज एक-एक से की बराबर



भारत के खिलाड़ी और स्टाफ पीछे टेबल माउंटेन के साथ पोज देते हुए।

**एजेंसी, केपटाउन**

भारत ने साउथ अफ्रीका को दूसरे टेस्ट में 7 विकेट से हरा दिया। दोनों टीमें 4 पारियां मिलाकर भी 108 ओवर ही बैटिंग कर सकीं। ये 147 साल के टेस्ट इतिहास का सबसे छोटा मुकाबला रहा, जिसमें नतीजा निकला। रोहित शर्मा साउथ अफ्रीका में टेस्ट जीतने वाले चौथे भारतीय कप्तान बने।

केप टाउन में वीरवार को साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी, लेकिन टीम 55 रन पर ही ऑलआउट हो गई। भारत भी अपनी पहली पारी में 153 रन ही बना सका, हालांकि टीम को 98 रन की बढ़त मिली।

साउथ अफ्रीका अपनी दूसरी पारी में 176 रन ही बना सका। टीम 78 रन से आगे रही, इसलिए भारत को 79 रन का टारगेट मिला। टीम इंडिया ने इसे दूसरे सेशन के 12 ओवर में ही 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

## ओवर के हिसाब से सबसे छोटा टेस्ट

**ओवर** फेंके जाने के हिसाब से ये इतिहास का सबसे छोटा टेस्ट मैच रहा, जिसमें नतीजा निकला। केप टाउन टेस्ट में साउथ अफ्रीका ने 60.1 (36.5 और 23.2) ओवर बैटिंग की। जबकि भारत ने 46.5 (34.5 और 12) ओवर बैटिंग की। यानी मैच 107 ओवर में ही खत्म हो गया। इससे पहले सबसे छोटे टेस्ट का रिकॉर्ड 1932 में बना था। तब मेलबर्न में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट महज 109.2 ओवर चला था। इस मुकाबले में 656 गेंदें फेंकी गई थीं, इसे ऑस्ट्रेलिया ने पारी और 72 रन से जीता था। जबकि भारत और साउथ अफ्रीका के बीच मुकाबले में 642 गेंदें ही फेंकी गई।



सीरीज की ट्रॉफी के साथ पोज देते रोहित शर्मा और डीन एल्गर।



प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार साझा करते जसप्रित बुमरा और डीन एल्गर।

## केप टाउन में भारत ने पहली बार जीता टेस्ट

केप टाउन के न्यूलैंड्स स्टेडियम में भारत ने पहली बार कोई टेस्ट जीता। टीम ने यहां 7 टेस्ट खेले, भारत को 4 में हार मिली, जबकि 2 मुकाबले ड्रॉ भी रहे। भारत ने यहां पहला टेस्ट 1993 में खेला था। रोहित शर्मा केप टाउन टेस्ट जीतने वाले पहले एशियन कप्तान बने। केप टाउन में उनसे पहले अब तक कोई भी एशियन टीम टेस्ट नहीं जीत सकी थी।

## 5 दिन भी नहीं चले 2 टेस्ट

**साउथ** अफ्रीका और भारत के बीच 2 टेस्ट की सीरीज में 5 दिन का भी खेल नहीं हुआ। पहला टेस्ट 3 दिन तक चला, इसे साउथ अफ्रीका ने पारी और 32 रन से जीता। जबकि दूसरा टेस्ट एक दिन और दूसरे सेशन में ही खत्म हो गया, इसे भारत ने 7 विकेट से जीता। यानी दोनों मुकाबले मिलाकर भी 5 दिन का खेल पूरा नहीं हो सका।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शृंखला का पहला मुकाबला आज

# भारत के हरेक खिलाड़ी को करना होगा जानदार प्रदर्शन



- मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से।

**एजेंसी, नवी मुंबई**

**इस** साल होने वाले टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 शृंखला में खेल के हर विभाग में सुधार करने की कोशिश करेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम में काफी सुधार की जरूरत है, क्योंकि उसने इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक दिवसीय शृंखला 0-3 से गंवाई थी, जबकि इंग्लैंड ने भी उसे तीन मैच की टी-20 शृंखला में हराया था। भारत ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट मैच जीते, लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में अभी टीम को काफी कुछ करने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण अच्छा नहीं रहा था और उसे तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था, जबकि तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट पर 338 रन के जवाब में भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और पूरी टीम 148 रन पर आउट हो गई। जहां तक पहले वनडे की बात है तो उसमें गेंदबाज नहीं चल पाए थे। भारतीय टीम ने अंतिम दो वनडे में कम से कम आठ कैच छोड़े थे। इसके अलावा निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) को लेकर किए गए उसके फैसले भी सही नहीं रहे।

## कप्तान हरमनप्रीत का फॉर्म में लौटना बहुत जरूरी

**भारत** के लिए कप्तान हरमनप्रीत की फॉर्म भी चिंता का विषय है। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे में केवल 17 रन बना पाई थी। जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन अन्य प्रमुख बल्लेबाज नहीं चल पाए। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना लगातार अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पा रही है। इसके विपरीत ऑस्ट्रेलिया के दो बल्लेबाजों फोएबे लिचफील्ड और ताहलिया मैकग्रा जीने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और भारतीय गेंदबाजों के लिए उनको रोकना चुनौती होगी। भारत की तरह ऑस्ट्रेलिया के लिए भी टी-20 विश्व कप के लिहाज से यह शृंखला काफी महत्वपूर्ण है। इससे उसे उपमहाद्वीप की परिस्थितियों को समझने का मौका मिलेगा।

# अगले हफ्ते निलंबन को चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक बुलाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) खेल मंत्रालय द्वारा लगाए निलंबन को अगले हफ्ते अदालत में चुनौती देगा और आगे की रणनीति पर चर्चा के लिए उसने 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है।

सरकार ने राष्ट्रीय खेल संहिता और डब्ल्यूएफआई संविधान के उल्लंघन का हवाला देते हुए 24 दिसंबर को नवनिर्वाचित संस्था को महासंघ के चुनाव के तीन दिन बाद निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई कह चुका है कि वह न तो निलंबन को स्वीकार करता है और न ही कुश्ती का कामकाज देखने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ पैनल को मान्यता देता है। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि हमें सुचारू रूप से काम करने वाले महासंघ की जरूरत है। हम इस मामले को अगले हफ्ते अदालत में ले जा रहे हैं। हमें यह निलंबन स्वीकार्य नहीं है, क्योंकि हमारा चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से हुआ था। हमने 16 जनवरी को कार्यकारी समिति की बैठक भी बुलाई है। वाराणसी के संजय सिंह ने बताया कि तदर्थ पैनल मुश्किल की घड़ी में काम करने के लिए किस तरह ठीक नहीं था। उन्होंने कहा कि आपने देखा होगा कि जगरेब ओपन के लिए किस तरह टीम की घोषणा की गई थी। पांच वजन वर्गों में प्रतिनिधित्व ही नहीं था। उचित महासंघ के बिना ऐसा ही होगा। अगर कुछ पहलवान अपने संबंधित वर्ग में उपलब्ध नहीं थे तो उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को क्यों नहीं लिया गया?

संजय सिंह ने कहा कि जब महासंघ काम कर रहा था तो कभी भी किसी भी टूर्नामेंट में ऐसा कोई भी वजन वर्ग नहीं रहा, जिसमें भारत ने प्रतिनिधित्व नहीं किया हो और एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाली उसी टीम को चुनने के पीछे का औचित्य क्या था।

## अजारेंका, ओस्टापेंको ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के क्वार्टरफाइनल में

**ब्रिस्बेन।** विक्टोरिया अजारेंका ने वीरवार को सीधे सेटों में जीत दर्ज करके ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना येलेना ओस्टापेंको से होगा। इस टूर्नामेंट का 2009 में जब पहली बार आयोजन किया गया था, तब अजारेंका चैंपियन बनी थी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में दो बार की चैंपियन इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने फ्रांस की क्लारा बुरेल को 7-5, 6-2 से हराकर पांचवीं बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। एक अन्य मैच में फ्रेंच ओपन 2017 की चैंपियन ओस्टापेंको ने ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में तीन बार की विजेता कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। पुरुष वर्ग में 2017 के चैंपियन ग्रिगोर दिमित्रोव ने डैनियल अल्टमायर को आसानी से 6-1, 6-2 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाटा से होगा।

# ओलंपिक क्वालीफायर उत्कृष्टता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है : टिर्की

**एजेंसी, रांची**

**हॉकी** इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने वीरवार को कहा कि आगामी महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर खेल के प्रति 'भारत की प्रतिबद्धता और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्टता हासिल करने के प्रयास का प्रमाण' है।

मेजबान भारत सहित आठ देश यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में 13 से 19 जनवरी तक होने वाले क्वालीफायर में पोडियम पर जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे।

टिर्की ने कहा कि रांची में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर खेल के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता हासिल करने के हमारे निरंतर प्रयास का प्रमाण है।

हॉकी इंडिया ने आगामी टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए वीरवार को एमओयू (सहमति पत्र) पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि हम झारखंड सरकार द्वारा दिए गए समर्थन के लिए बेहद आभारी हैं। हमारा लक्ष्य साथ मिलकर यादगार और सफल टूर्नामेंट आयोजित करना, हॉकी की भावना और अंतरराष्ट्रीय सौहार्द को बढ़ावा देना है।

यह प्रतियोगिता वैश्विक स्तर पर होने वाले तीन ओलंपिक क्वालीफायर में से एक है। अन्य दो ओलंपिक क्वालीफायर ओमान के मस्कट (पुरुष) और स्पेन के वेलेंसिया (महिला और पुरुष) में होंगे।

# एमबापे ने फिर गोल दागा, पेरिस सेंट जर्मेन ने चैंपियंस ट्रॉफी जीती

- फ्रेंच कप विजेता टूलूज को 2-0 से दी शिकस्त
- एमबापे ने किया 23 मैच में 22वां गोल

**एजेंसी, पेरिस**




**किलियन** एमबापे और ली कांग के गोल की मदद से फ्रेंच लीग चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने फ्रेंच कप विजेता टूलूज को 2-0 से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

ली ने तीसरे मिनट में ही ओसुमाने डेम्बले की मदद से गोल करके पीएसजी को बढ़त दिला दी थी। टूलूज के पास 18वें मिनट में बराबरी का गोल करने का मौका था, लेकिन गेब्रियल सुआजो गोल करने से चूक गए।

एमबापे ने 44वें मिनट में गोल करके पीएसजी की जीत सुनिश्चित की। यह उनका इस सत्र में 23 मैच में 22वां गोल था। वह 2017 में पीएसजी से जुड़ने के बाद इस क्लब के लिए 234 गोल कर चुके हैं, जो एक रिकॉर्ड है।




## रियाल मैड्रिड-गिरोना का अजेय अभियान जारी

**मैड्रिड।** रियाल मैड्रिड और गिरोना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए स्पेनिश फुटबाल लीग ला लिगा में शीर्ष दो स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। इन दोनों टीम ने बुधवार को अपने-अपने मैच जीते। इससे उनके 19 मैच में 48 अंक हो गए हैं, जबकि तीसरे स्थान की टीम एटलेटिको मैड्रिड के उनसे 10 अंक कम हैं। रियाल मैड्रिड गोल अंतर में गिरोना से आगे शीर्ष पर काबिज है। रियाल मैड्रिड ने एंटोनियो रुडिगर के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से अपने घरेलू मैदान पर मलोर्का को 1-0 से हराया। वीनीसीयस जूनियर ने चोट से उबरकर इस मैच में वापसी की। इस सत्र में स्पेनिश फुटबाल लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाली गिरोना की टीम ने इवान मार्टिन के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड को 4-3 से हराया। एटलेटिको की तरफ से तीनों गोल अलवारो मोराता ने किए। अन्य मैचों में सेल्टा विगो ने रियाल बेटिस को 2-1 से, जबकि ग्रेनाडा ने कैडिज को 2-0 से हराया।

## कोको गॉफ ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में



**ऑकलैंड।** अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने वीरवार को यहां चेक गणराज्य की किशोरी बारबरा फ्रूहविर्टोवा को 6-3, 6-0 से पराजित करके ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की 16 वर्षीय खिलाड़ी ने गॉफ को शुरुआत में चुनौती दी, लेकिन अमेरिका की अनुभवी खिलाड़ी ने जल्द ही मैच पर नियंत्रण बनाकर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। गॉफ क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की आठवीं वरीयता प्राप्त वरवारा ग्रेचेवा से भिड़ेंगी। ग्रेचेवा ने स्विट्जरलैंड की लुलु सुन को 6-3, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त पेट्रा मार्टिच ने छह ऐस लगाए और नौ में से चार ब्रेक प्वाइंट को भुनाकर चीन की युआन यू को 6-2, 6-2 से हराया। क्वार्टर फाइनल में मार्टिच का मुकाबला अमेरिका की एम्मा नवारो से होगा।

**मिशन साउथ : समंदर का किनारा, कुर्ता–पायजामा और हवाई चप्पल, मोदी का यह अंदाज देखा नहीं होगा आपने!**

# पीएम मोदी ने लक्षद्वीप में की स्नॉर्कलिंग, बीच पर मॉर्निंग वॉक...

**एजेंसी, कवारत्ती**

समंदर का किनारा, कुर्ता–पायजामा और हवाई चप्पल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह अंदाज आपने नहीं देखा होगा। मोदी ने अपने लक्षद्वीप दौरे की शानदार फोटोज सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर शेयर किए हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में मुझे लक्षद्वीप के लोगों के बीच रहने का अवसर मिला। मैं अभी भी इसके द्वीपों की अद्भुत सुंदरता और यहां के लोगों की अविश्वसनीय गर्मजोशी से आश्चर्यचकित हूं। उन्होंने कहा कि मुझे अगत्ती, बंगाराम और कावारत्ती में लोगों से बातचीत करने का अवसर मिला। मैं द्वीप के लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं...प्राकृतिक सुंदरता के अलावा, लक्षद्वीप की शांति भी मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। पीएम मोदी ने कहा कि लक्षद्वीप की सुंदरता और शांति ने मुझे इस बात पर विचार करने का अवसर दिया कि 140 करोड़ भारतीयों के कल्याण के लिए और भी अधिक मेहनत कैसे की जाए। पीएम ने लक्षद्वीप दौर पर स्नॉर्कलिंग और मॉर्निंग वॉक भी की। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने अंदर के रोमांच को अपनाना चाहते हैं, उनके लिए लक्षद्वीप आपकी लिस्ट में होना चाहिए। पीएम ने कहा कि मैंने अपने प्रवास के दौरान स्नॉर्कलिंग भी की।





## शेयर बाजार में रौनक, शानदार तेजी के साथ बंद हुआ सेंसेक्स–निफ्टी

**एजेंसी, मुंबई**

दो दिनों की गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार में फिर से रौनक लौट आई है। निवेशकों की तरफ से बैंकिंग, एनर्जी, एफएमसीजी और मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक्स में खरीददारी के चलते बाजार में शानदार तेजी देखने को मिली है।

निफ्टी मिड कैप इंडेक्स 800 अंकों के उछाल के साथ रिकॉर्ड हाई पर जा पहुंचा। आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 491 अंकों के उछाल के साथ 71,847 तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 141 अंकों के उछाल के साथ 21,658 अंकों पर बंद हुआ है। सबसे बड़ी तेजी रियल



स्टॉक्स में देखने को मिली है। रियल स्टॉक्स का इंडेक्स निफ्टी रिएल्टी 6.72 फीसदी के उछाल के साथ अपने लाइफटाइम हाई पर क्लोज हुआ। निफ्टी का मिड कैप इंडेक्स और स्मॉल इंडेक्स में भी रिकॉर्ड तेजी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 18 तेजी के साथ और 12 गिरकर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में 29 शेयर तेजी के साथ और 21 गिरावट के साथ क्लोज हुए।

## वर्ल्ड न्यूज

### हिजबुल्लाह प्रमुख ने इसराइल को दी युद्ध की चेतावनी



**बेरूत।** हिजबुल्लाह नेता सैय्यद हसन नसरल्ला ने इसराइल को चेतावनी दी है कि अगर उसने लेबनान के खिलाफ हमलों का विस्तार किया, तो वह उस पर बिना किसी रोक-टोक के हमला करेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, नसरल्ला ने शीर्ष ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी की चौथी बरसी पर बुधवार रात एक टेलीविजन भाषण में यह टिप्पणी की। सुलेमानी तीन जनवरी, 2020 को अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए थे। इस बीच, नसरल्ला ने कहा कि एक दिन पहले बेरूत में हमास के उप प्रमुख सालेह अल-अरौरी और हमास के अन्य अधिकारियों की हत्या एक खतरनाक अपराध है।

### इंडिगो एयरलाइन ने टिकट पर ईंधन शुल्क वसूलना बंद किया



**नई दिल्ली।** सस्ती विमानन सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनी इंडिगो ने एविएशन टर्बाइन फ़्यूल (एटीएफ) की कीमत में कमी के बाद ईंधन शुल्क वसूलना बंद करने का ऐलान किया है। एयरलाइन के इस कदम से टिकट के पैसे कम होने और हवाई सफर सस्ता होने की उम्मीदें बढ़ी है। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि इंडिगो ने 4 जनवरी, 2024 से टिकट पर ईंधन शुल्क वसूलना बंद कर दिया है। एयरलाइन के मुताबिक हाल ही में एटीएफ के दाम में कमी के कारण ईंधन शुल्क को वापस ले लिया गया है। टिकट पर यह ईंधन शुल्क एयरलाइन की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लागू था।

### राजस्व अर्जित करने में योगी सरकार ने बनाया रिकॉर्ड



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जन विकास कार्य,सरकार की परियोजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचाने और प्रदेश को उत्तम और खुशहाल बनाने के लगातार कीर्तिमान गढ़ रही है। इसके अलावा राज्य अर्जित करने में भी देश में अन्य राज्यों से अव्वल है। यह जानकारी वीरवार को प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेस कान्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दिसंबर माह में कुल 16628.18 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया और स्पाइसजेट को नोटिस जारी किया

**नई दिल्ली।** कोहरे के दौरान कम दृश्यता में कम प्रशिक्षित पायलटों की वजह से उड़ानों का रूट परिवर्तित करने के मामले में नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयर इंडिया और स्पाइस जेट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसका 14 दिनों के अंदर जवाब मांगा गया है। महानिदेशालय ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि पायलटों को कोहरे के दौरान कम दृश्यता में विमानों को उड़ाने और उतारने का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं था। उसके कारण दिल्ली जाने वाली कई उड़ानों के रूट में बदलाव करना पड़ा।

### महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में कोर्ट में पेश नहीं हुए बृजभूषण

**नई दिल्ली।** महिला पहलवानों के यौन शोषण प्रकरण में आरोप तय करने के मामले में वीरवार को भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश नहीं हुए। दिल्ली पुलिस की ओर से आंशिक दलीलें रखी गईं। आरोप तय करने के मामले पर अब छह जनवरी को सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान बृजभूषण सिंह की ओर से पेश वकील राजीव मोहन, ऋषभ भाटी और सचित शर्मा ने पेशी से छूट की मांग की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया।

# वाईएसआर तेलंगाना का कांग्रेस में विलय

## जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला को खड़गे ने कराया पार्टी में शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला वीरवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। शर्मिला के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को आंध्र प्रदेश में मजबूती मिलेगी। शर्मिला आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी की बहन हैं। उन्होंने कांग्रेस में शामिल होते ही अपनी पार्टी वाईएसआर तेलंगाना का कांग्रेस में विलय का भी ऐलान कर दिया। शर्मिला ने कहा कि मेरे पिता का सपना था कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें, मुझे खुशी है कि मैं इसके लिए काम करूंगी। शर्मिला ने कहा कि उन्हें ईसाई के तौर पर मणिपुर हिंसा के कारण बहुत दुख हुआ। अगर सेक्युलर पार्टी सत्ता में नहीं होगी तो यही होगा।

वाईएस शर्मिला आंध्र के पूर्व सीएम वाईएस राजशेखरा रेड्डी की बेटी हैं। राजशेखरा रेड्डी कांग्रेस में थे। सीएम रहते एक विमान दुर्घटना में उनका निधन हो गया था। उनके निधन के बाद जब पार्टी ने शर्मिला के भाई जगन मोहन रेड्डी को सीएम नहीं बनाया, तो जगन मोहन ने अपनी पार्टी वाईएसआर कांग्रेस बनाई। शुरुआत में शर्मिला वाईएसआर कांग्रेस पार्टी संयोजक बनीं और उन्होंने अपने भाई और मां के साथ आंध्र में प्रचार किया। 2021 में अपने भाई के मतभेदों के चलते उन्होंने वाईएसआर कांग्रेस से नाता तोड़ लिया और तेलंगाना में नई पार्टी वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का गठन किया।



कांग्रेस में शामिल हुईं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला का स्वागत करते खड़गे और राहुल गांधी।

### वाईएस शर्मिला ने की कांग्रेस की तारीफ

**कांग्रेस** की तारीफ करते हुए शर्मिला ने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है क्योंकि यह प्रतिबद्धता के साथ सभी समुदायों की सेवा करती है और सभी वर्गों के लोगों को एकजुट करती है। उन्होंने कहा, मैं वाईएसआर तेलंगाना पार्टी का कांग्रेस में विलय से बहुत खुश हूं। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि वाईएसआर तेलंगाना पार्टी आज से कांग्रेस का हिस्सा बनने जा रही है। अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएसआर रेड्डी को तेलुगू लोगों का एक महान नेता बताते हुए शर्मिला ने कहा कि उनके पिता ने न केवल जीवन भर कांग्रेस की सेवा की बल्कि पार्टी की सेवा में अपना जीवन भी त्याग दिया। आज उन्हें (वाईएसआर रेड्डी) बहुत खुशी होगी कि उनकी बेटी उनके नक्शेकदम पर चल रही है और कांग्रेस का हिस्सा बनने जा रही है।

## लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करना हमारा लक्ष्य : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें आगामी लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करने के उद्देश्य से आगे बढ़ना होगा। खड़गे ने वीरवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और राज्यों में कांग्रेस विधानसभा दल के नेताओं की बैठक के दौरान कहा कि इस बैठक का एजेंडा 2024 के लोक सभा चुनाव में विजय सुनिश्चित करने और भारत न्याय यात्रा की विस्तार से तैयारी करनी है। हमारे लिए दोनों की सफलता जरूरी है, इसलिए हम सबको इस बीच में काफी समय देना है और चर्चा करना है। खड़गे ने कहा कि 19 दिसंबर, 2023 को दिल्ली में विपक्षी गठबंधन की चौथी बैठक में सीट–बंटवारे, ईवीएम और सारे जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई।





सीट–बंटवारे पर बातचीत के लिए हमारी नेशनल अलायंस कमेटी राज्य इकाइयों के साथ चर्चा कर रही है। देश भर में 8–10 बड़ी आम बैठकें हमें मिल कर करनी हैं। 21 दिसंबर को हमारी कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। 28 दिसंबर को नागपुर में कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर हैं तैयार हम रैली बहुत शानदार रही। खड़गे ने कहा कि 2024 के चुनावों से पहले, पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कई जरूरी काम किए गए हैं। डोनेट फॉर देश अभियान भी शुरू किया गया है। महासचिवों और इंचार्ज की जिम्मेदारियां तय हो गई हैं। घोषणा पत्र समिति बनाई गई है।

लोक सभा चुनाव के लिए संगठन को तैयार करने के लिए पिछले कुछ महीनों में हम लोगों ने 28 राज्यों के नेताओं के साथ विस्तार से बैठक की है। रात दिन श्रम करके 2024 के लोक सभा के चुनावों में हम लोग वैकल्पिक सरकार देने में सक्षम होंगे।

**एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और राज्यों में कांग्रेस विधानसभा दल के नेताओं की ली बैठक**

### ईमानदारी की डींगें हांकने वाले केजरीवाल सबसे भ्रष्टाचारी : अनुराग



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने वीरवार को अरविंद केजरीवाल द्वारा लगातार ईडी के समन की अनदेखी करने और दिल्ली सरकार के मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। पत्रकारों के साथ बातचीत में अनुराग ठाकुर ने सवालिया लहजे में कहा कि क्या अरविंद केजरीवाल देश के नियम कानून से ऊपर हैं? वह ईडी के सामने पेश होने से क्यों डर रहे हैं?

अनुराग ठाकुर ने अरविंद केजरीवाल को कट्टर भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा कि राजनीति में आने से पहले कट्टर ईमानदारी की डींगें हांकने वाले अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार आज सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी और सरकार के रूप में सामने आई है। इनके एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं। इन्होंने जिसको कट्टर ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटा, उनमें से एक को भी कोर्ट से जमानत नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल आज लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले, अराजकता और भ्रष्टाचार फैलाने वाले और संवैधानिक संस्थाओं पर निराधार आरोप लगाने वाले नेता के तौर पर प्रसिद्ध हो चुके हैं। उनके उपमुख्यमंत्री, मंत्री और सांसद आदि जेलों में पड़े हैं।

## सैन्य हथियारों की खरीद के लिए 802 करोड़ रुपए के अनुबंध पर हुए हस्ताक्षर

### स्वदेशी विनिर्माण और रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा में आत्मनिर्भरता को मजबूत करते हुए रक्षा मंत्रालय ने वीरवार को 697 बोगी ओपन मिलिट्री वैगन और 56 मेकेनिकल माइनफील्ड मार्किंग इक्विपमेंट मार्क II के लिए कुल 802 करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इन सभी सैन्य हथियारों का उत्पादन स्वदेशी उद्योग में उपकरणों और उप-प्रणाली के साथ किया जाएगा, जिससे 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को साकार करते हुए स्वदेशी विनिर्माण और रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय ने ज्यूपिटर वैगन्स लिमिटेड के साथ 473 करोड़ की लागत से 697 बोगी ओपन मिलिट्री (बीओएम) वैगनों की खरीद और बीईएमएल लिमिटेड के साथ 56 मैकेनिकल माइनफील्ड मार्किंग इक्विपमेंट मार्क II की खरीद के लिए 329 करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। बीओएम वैगन और मेकेनिकल माइनफील्ड मार्किंग इक्विपमेंट का उत्पादन स्वदेशी निर्माताओं से प्राप्त उपकरणों और उप-प्रणाली के साथ किया जाएगा, जिससे सरकार का 'आत्मनिर्भर भारत' दृष्टिकोण साकार होगा। साथ ही स्वदेशी विनिर्माण और रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन के डिजाइन किए गए बोगी ओपन मिलिट्री (बीओएम) वैगन भारतीय सेना की इकाइयों को संगठित करने के उपयोग में आते हैं। बीओएम वैगनों का उपयोग हल्के वाहनों, आर्टिलरी गन, बीएमपी, इंजीनियरिंग उपकरण आदि को शांतिकालीन स्थानों से परिचालन क्षेत्रों तक ले जाने के लिए किया जाता है।



# दीपिका पादुकोण जल्द दे सकती हैं खुशखबरी

**फैमिली प्लानिंग पर बोलीं दीपिका**

**एजेंसी, मुंबई**

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बॉलीवुड में यह सबसे ताकतवर जोड़ी है। दोनों ने वर्ष 2018 में शादी की थी। अब उनकी शादी को पांच साल हो गए हैं। दीपिका का एक ताजा बयान चर्चा में आ गया है। इससे यह चर्चा भी तेज हो गई है कि क्या दीपिका जल्द ही कोई खुशखबरी देने वाली हैं। दीपिका ने एक इंटरव्यू में फैमिली प्लानिंग पर जवाब दिया है। इंटरव्यू में दीपिका ने कहा, 'हम दोनों को बच्चे बहुत पसंद हैं। हम उस दिन का भी इंतजार कर रहे हैं, जब हमारा परिवार शुरू होगा।' उन्होंने यह भी कहा, 'जब मैं उन लोगों से मिलती हूं, जिनके साथ मैं बड़ी हुई हूं, अपने रिश्तेदारों, दोस्तों से परिवारों में हमेशा कहा जाता है कि मैं बिलकुल नहीं बदली हूं। यह मेरे संस्कारों का नतीजा है।

### ऐसे संस्कार दीपिका अपने बच्चों को देंगी

**दीपिका** ने कहा, इस इंडस्ट्री में पैसे और शोहरत से प्रभावित होना आसान है, लेकिन घर पर कोई भी मेरे साथ एक सेलिब्रिटी की तरह व्यवहार नहीं करता है। मैं पहले एक बेटी और बहन हूं। मैं नहीं चाहती कि इसमें बदलाव हो। रणवीर और मुझे उम्मीद है कि हम अपने बच्चों में भी वही संस्कृति विकसित करेंगे। बता दे कि दीपिका पादुकोण आने वाली फिल्म 'फाइटर' में नजर आएंगी। इसमें ऋतिक रोशन के साथ उनकी सिजलिंग केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हो रही है।



## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

### आज का पंचांग

(5 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **शुभ मुहूर्तः** अभीजित 12:05 -12:47 दोपहर तक, **तिथि :** नवमी 11:48 रात्रि तक, **नक्षत्र :** चित्रा 07:50 रात्रि, **पक्ष :** कृष्ण, **राहुकाल :** 11:08-12:26 दोपहर तक।

### विशेष दिन

05 जनवरी 1671 को छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों के अधीन रहे सल्हर क्षेत्र को अपने कब्जे में किया।

**सूर्योदय : 07:14**
**सूर्यास्त : 05:38**

**मेष :** आज आपकी आमदनी बढ़ने के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में लाभ होगा। पत्नी का सहयोग मिलेगा। किसी से तभी दोस्ती करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें।

**वृषभ :** आज अगर आप किसी की गोपनीय बातें जान गए हो तो वे बातें किसी को भी न बताएं। आज भौतिक सुखों का विस्तार होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**मिथुन :** आज बुरी आदतें छोड़ने के लिए भी बढ़िया समय है। भागीदारी से लाभ होगा। माता को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी रहेगा। धैर्यशीलता में कमी आएगी। खर्च अधिक रहेंगे।

**कर्क :** आज जीवनसाथी के बीच वाद-विवाद हो सकता है। सड़क पर बेकाबू गाड़ी न चलाएं। अध्ययन में रुचि रहेगी। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह:** आज का दिन आप के लिए पूर्ण रूप से शुभ फलदायी होगा। व्यवसाय करने वालों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। नई योजनाएं आकर्षक होंगी। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय बिलकुल अनुकूल है।

**कन्या :** आज परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक बिताएंगे। आज आपके उत्साह एवं आपके चौकसी के गुण किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में सहायक होंगे। पुराने दुश्मन आज आपके दोस्त बन सकते हैं।

**तुला :** आज अपने करियर पर विशेष ध्यान दें। आज आपको जीवनसाथी के प्यार का तोहफा नसीब होगा। आलस्य की अधिकता रहेगी। भवन सुख में वृद्धि होगी। कहीं भी पैसा निवेश करने से पहले कई बार सोचें।

**वृष्चिक:** आज का दिन आपकी जिंदगी में काफी खुशियां लेकर आएगा। आय के स्त्रोत विकसित हो सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**धनुः** आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। तरोताजा होने के लिए अच्छी तरह से आराम करें। आत्मसंयम रहें। पिता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। भवन सुख में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर :** धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। विदेश गमन के लिए परिस्थिति अनुकूल होगी। अपने परिवार की भावनाओं को समझकर अपने गुस्से पर काबू रखें। शिक्षार्थियों के लिए भी दिन अच्छा है।

**कुंभ :** आज का दिन थका देने वाला होगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। कुछ पुराने मित्रों से संपर्क बन सकते हैं। लंबे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आदि आखिरकार आपको मिल जाएंगे।

**मीन :** आज आपके तेवर कुछ ज्यादा ही सख्त हो सकते हैं। मानसिक शांति रहेगी। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**लक्ष्य** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लांच किया तुअर दाल खरीद पोर्टल

# 2027 तक देश दलहन के क्षेत्र में बनेगा आत्मनिर्भर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2027 से पहले देश दलहन उत्पादन के क्षेत्र में पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हो, हम इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारा प्रयास है कि वर्ष 2028 में विदेश से दलहन की खरीद न करनी पड़े।

शाह ने वीरवार को विज्ञान भवन में तुअर उत्पादक किसानों के पंजीकरण, खरीद व भुगतान पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि केंद्र सरकार दलहन उत्पादक किसानों के साथ है। उन्होंने किसानों से बड़े पैमाने पर दलहन फसलों की खेती करने का आह्वान किया। सरकार उनके फसल की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व उस समय के बाजार रेट पर करेगी। अमित शाह ने कहा कि आज की यह शुरुआत आने वाले दिनों में कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने वाली है।



यह बात सही है कि मूंग और चने में हमने आत्मनिर्भरता प्राप्त की है लेकिन बाकी दलहन हम आज भी आयात करते हैं। आजादी के 75 साल बाद दलहन का आयात करना देश के लिए सम्मानजनक नहीं है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि के क्षेत्र में दलहन का उत्पादन करने वाले किसानों पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो।

### उपज खरीद की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की

**शाह** ने कहा कि दलहन की खेती करने वाले किसानों से वह कहना चाहते हैं कि उनकी उपज की खरीद की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) देश में दलहन किसानों से सीधे खरीद करेंगी। किसान फसल से पहले इनके पोर्टल पर पंजीकरण कर सूचित करें, ताकि खरीद में आसानी हो सके। नाफेड और एनसीसीएफ कम से कम एमएसपी या उस समय के बाजार भाव पर दलहन खरीदेंगी लेकिन अगर किसान को बाजार में इससे भी अधिक रेट मिलता है तो वह अपनी उपज को बाजार में भी बेच सकेंगे।

### पंजीकरण, खरीद और भुगतान एक ही जगह

**शाह** ने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण, खरीद और भुगतान तक की प्रक्रिया एक ही माध्यम पर उपलब्ध रहेगी। किसान को भुगतान नाफेड की ओर से उनके बैंक खातों में किया जाएगा। किसान-केंद्रित इस पहल का उद्देश्य तुअर दलहन उत्पादकों को नाफेड और एनसीसीएफ की ओर से खरीद, सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं और सीधे बैंक हस्तांतरण के माध्यम से बेहतर कीमतों के साथ सशक्त बनाना है, ताकि घरेलू दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिले और आयात निर्भरता खत्म हो सके।

### क्रिप्टो करंसी मार्केट में बिटकॉइन–एथेरियम छह फीसदी से ज्यादा टूटे



**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करंसी मार्केट में वीरवार को डर का माहौल बना हुआ है, मार्केट कैप के लिहाज से टॉप–10 में शामिल क्रिप्टो करंसीज में से सिर्फ तीन मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में और सात गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करंसी बिटकॉइन और दूसरी नंबर की करंसी एथेरियम में वीरवार छह प्रतिशत से भी अधिक की गिरावट दर्ज की गई है।

अमेरिकी मार्केट कंट्रोलर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन ने स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ के एप्लीकेशन को खारिज करने के संकेत दिए हैं। एसईसी के चेयरमैन गैरी गेंसलर ने क्रिप्टो करंसीज के रेगुलेशन के खिलाफ अपना मत दिया है, जिससे स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ के एप्लीकेशन्स के खारिज होने की आशंका बन गई है।